हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
कृष्ण पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शनिवार • 28 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 289 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00



# अबुआ आभार हेमन्त सरकार

**नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार**

## नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को

# मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन

## एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 28 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

### युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- इस वित्तीय वर्ष में 5,403 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं 539 लैब सहायकों की नियुक्ति
- JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 200 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PR No. 337433 / IPRD / 2024-25

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### तीन ट्रक सहित एक लोडर को किया जब्त

**वजीरगंज**। जमुआवां घाट पर अवैध बालू लोडिंग मामले में तीन ट्रक सहित एक लोडर को पुलिस ने जब्त किया है। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि बुधवार की रात खनन विभाग की कार्रवाई में तीन बालू लदा ट्रक व एक लोडर को जब्त किया गया है। खनन विभाग पदाधिकारी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### अब मंगलवार को नहीं चलेगी रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्स

**गया**। कोडरमा, गया, डीडीयू के रास्ते रांची और वाराणसी के गया बीच परिचालित की जाने वाली 20887/20888 रांची- वाराणसी - रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन के दिनों में बदलाव किया करने का निर्णय लिया गया है । पूमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि वर्तमान में यह वंदे भारत एक्सप्रेस गुरूवार को छोड़कर सप्ताह के अन्य छः दिन परिचालित की जा रही है। लेकिन 03 दिसंबर से इस वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन के दिनों में बदलाव किया गया है। अब यह ट्रेन गुरुवार के बदले मंगलवार को छोड़कर सप्ताह के शेष छः दिन परिचालित की जाएगी ।

### उतरी कजूर और दक्षिणी कजूर पंचायत को गहलौर थाने में किया गया शामिल

**मोहड़ा**। प्रखंड के सुदूरवर्ती दो पंचायतों को अतरी थाना से हटाकर गहलौर थाना में शामिल किया गया है। उतरी कजूर, दक्षिणी कजूर पंचायत के लोगों को अब नया थाना मिल गया है। इसके पूर्व दोनों पंचायत अतरी थाना क्षेत्र में था। गहलौर थानाध्यक्ष रेखा कुमारी ने बताया कि 20 सितंबर से इन दोनों पंचायत में होने वाले अपराध की प्राथमिकी गहलौर थाना में दर्ज होगी। इसके पूर्व गहलौर थाना में धुसरी और गहलौर पंचायत का मामला दर्ज होता था। उतरी कजूर के मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र भारती, दक्षिणी कजूर पंचायत के मुखिया पिंटूस रविदास, विकास कुमार सहित कई लोगों ने कहा कि अब हमलोग को ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### सरवां से गायब 2 किशोरी सकुशल बरामद

**बाराचट्टी**। थाना क्षेत्र के सरवां गांव से बीते बीस अगस्त को गायब हुए दो किशोरी को गया पुलिस ने पांच दिन बाद सकुशल बरामद कर लिया। इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया है कि बीते 21 सितंबर को वादी द्वारा बाराचट्टी थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया कि उनकी पुत्री अपनी एक सहेली के साथ सरवां बाजार से सोभ के लिए जो अब तक घर नहीं लौटी। इसके बाद मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया गया। गठित विशेष टीम को सूचना मिली कि उक्त दोनों लड़कियां पटना जिला के कदम कुआं थाना अंतर्गत चूड़ी बाजार में देखा गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त टीम कार्रवाई करते हुए चूड़ी बाजार पहुंचकर कदम कुआं थाना के सहयोग से दोनों को बरामद कर लिया गया।

### निगम को मिली स्ट्रीट लाइट क्रय व देखरेख की अनुमति

**बिहारशरीफ**। नगर निगम को बड़ी राहत मिली है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने शहर में प्रकाश व्यवस्था के लिए सामान क्रय करने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति महापौर अनीता देवी द्वारा पत्र के माध्यम से मंत्री नितिन नवीन को भेजे गए अनुरोध के बाद मिली है। महापौर अनीता देवी ने कहा निगम की समस्याओं के लिए मंत्रालय से लगातार संपर्क कर मांग को रखा जा रहा है। स्ट्रीट लाइट के लिए अनुमति मिल गई है। अब सदस्यों के साथ बैठक कर जरूरत के अनुसार सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद विभागीय प्रक्रिया के तहत लाइट का क्रय किया जाएगा।उन्होंने कहा दुर्गा पूजा व अन्य पर्व त्योहार को देखते हुए शहर में लाइट लगाई जाएगी। इससे शहर की प्रकाश व्यवस्था में सुधार होगा और नागरिकों को सुविधा होगी।

### 3-4 अक्टूबर को होगी जब्त वाहनों की नीलामी

**बिहारशरीफ**। जिले में उत्पात अधिनियम के तहत जब्त वाहनों के नीलामी की तिथि निर्धारित कर दी गई है। कुल 51 वाहनों की नीलामी होगी। जिसकी निर्धारित तिथि 3 और 4 अक्टूबर है। उत्पाद अधीक्षक उमाशंकर प्रसाद ने बताया कि नीलामी में भाग लेने वाले, वाहन मूल्य की 20 प्रतिशत राशि सिक्यूरिटी के रूप में अनुमंडल कार्यालय नजारत शाखा में जमा करायेंगे। राशि नगद व ड्राफ्ट द्वारा जमा कराया जा सकेगा। जिसकी रसीद मिलेगी। नियत तिथि को अनुमंडलों में 11 बजे से बोली लगाई जाएगी। बचे वाहनों की नीलामी प्रत्येक सप्ताह सोमवार और मंगलवार को होगी। बिहारशरीफ में 31 वाहनों की नीलामी होगी।

### जीपीएस रिपोर्ट के आधार पर तय होगी मतदान केंद्र की दूरी

**बिहारशरीफ**। जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई है। डीआरओ सह डीएम शशांक शुभंकर ने मतदान केंद्रों का युक्तिकरण को लेकर जन प्रतिनिधियों व मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में जिले के सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों अस्थावां, बिहारशरीफ, राजगीर, इसलामपुर, हिलसा, नालंदा और हरनौत के मतदान केंद्रों के युक्तिकरण पर चर्चा की गई। डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को मतदान केंद्रों की दूरी जीपीएस रिपोर्ट के आधार पर निर्धारित करने और आपत्ति के निराकरण के लिए जांच प्रतिवेदन के आधार पर मतदान केंद्रों को बदलने का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 17 सितंबर 2024 तक मतदान केंद्रों से संबंधित प्राप्त आपत्तियों का निराकरण करना आवश्यक है। बैठक में नालंदा विधायक के प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद, हरनौत विधायक हरि नारायण सिंह, इसलामपुर विधायक राकेश कुमार रोशन, हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण के अलावा आप से अरविंद कुमार, बसपा से श्रामानुज यादव,भाजपा से विजय कुमार, भाकपा से अरुण कुमार, जदयू से राजन कुमार, राजद से सुनील कुमार और रालोजद से दिलीप कुमार ने बैठक में भाग लिया।

# करंट से व्यक्ति की हुई थी मौत शव को रखकर सड़क किया जाम

निज संवाददाता। नालंदा


◆ लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जताया आक्रोश

नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र के राजाकुआं गांव में गुरुवार शाम को एक व्यक्ति की करंट से मौत हो गई थी। आज शुक्रवार को ग्रामीणों ने रहुई-शेखपुरा बाइपास मार्ग पर शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। मृतक की पहचान (45) वर्षीय नरेश प्रसाद के रूप में हुई है, जो गुरुवार शाम को अपने मवेशियों के लिए चारा लेने खेत गए थे। रास्ते में बिजली का तार टूटा हुआ पड़ा था। जिसके संपर्क में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभाग को जर्जर तारों को बदलने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। लापरवाही के कारण आए दिन तार गिरने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों की जान खतरे में है।

**मुआवजे के आश्वासन के बाद लोग शांत हुएः** आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे की मांग के साथ-साथ बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हुए थे। लगभग तीन घंटे बीत जाने के बाद भी लोग जाम हटाने को तैयार नहीं थे। जाम के कारण मार्ग पर दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतारें लग गई। रहुई थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देते रहें, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अडिग रहे। घटनास्थल नगर थाना क्षेत्र में पड़ता है, फिर भी तीन घंटे बीत जाने के बाद भी नगर थाना पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। हालांकि सदर सीओ ने मौके पर पहुंच मुआवजे का आश्वासन देकर जाम हटाया।

## श्रमजीवी एक्सप्रेस का पावापुरी रोड स्टेशन पर होगा ठहराव




निज संवाददाता। नालंदा

रेल यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। त्योहार में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

राजगीर और नई दिल्ली के बीच चलने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12391/12392) अब दानापुर मंडल के पावापुरी रोड स्टेशन पर भी रुकेगी। यह नया ठहराव 27 सितंबर से 30 नवंबर 2024 तक लागू रहेगा। इस दौरान ट्रेन पावापुरी रोड स्टेशन पर एक मिनट के लिए रुकेगी, जिससे इस क्षेत्र के यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

**नए ठहराव से धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीदः** रेल अधिकारियों के अनुसार, यह निर्णय त्योहार सीजन में बढ़ती यात्री संख्या को देखते हुए लिया गया है। इससे न केवल पावापुरी के स्थानीय निवासियों को लाभ होगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से आने वाले तीर्थयात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। पावापुरी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी की निर्वाण स्थली के रूप में प्रसिद्ध है। इस नए ठहराव से धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### डिस्काउंट के नाम पर ठगी करने वाला अरेस्ट

## सोशल मीडिया पर एडवर्टाइजमेंट देकर करता था ठगी, 3 को पुलिस ने पकड़ा

निज संवाददाता। गया



गया के आमस थाना क्षेत्र में लम्बे समय से चल रहे साइबर क्राइम से जुड़े 3 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि अन्य अपराधी छापेमारी के दौरान मौके से भाग गए। पुलिस ने इन अपराधियों के अड्डे 6 मोबाइल, 5 ग्राम सोने जैसा लिखा हुआ एक सिक्का, तीन सिम कार्ड, साइबर फ्रॉड से संबंधित हिसाब वाला कॉपी, इन्वर्टर सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि जिले के आमस थाना क्षेत्र में साइबर गिरोह द्वारा लोगों से ठगी की जा रही थी। साइबर अपराधियों द्वारा सोशल मीडिया पर एडवर्टाइजमेंट देकर ब्रांडेड सामान पर डिस्काउंट में बेचे जाने का लालच देकर लोगों को जाल में फंसाया जाता था। फिर उस ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में डलवा लेते थे। अपराधी डीमार्ट के नाम से ठगी कर रहे थे। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल पर पकड़े गए अपराधियों के मोबाइल नम्बर की जानकारी ली गई। पता चला कि इनके खिलाफ महाराष्ट्र में 2, तमिलनाडु में 2 और तेलंगाना में 2 केस रजिस्टर्ड हैं। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा इनके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पकड़े जाने वालों में अरवल जिला के रहने वाले कन्हैया कुमार उर्फ छोटू, गुरुआ थाना क्षेत्र के अरमान अनवर और आमस थाना क्षेत्र के मेराज आलम उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। जबकि अन्य भागने वाले साइबर अपराधियों की भी तलाश की जा रही है।

## राजगीर में रोप-वे टिकट दर में 10 फीसदी छूट, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर पर्यटकों के लिए उपहार

निज संवाददाता। नालंदा



राजगीर में आज अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटकों के लिए एक विशेष उपहार की घोषणा की गई है। राजगीर रोप-वे प्रबंधन ने एक दिन के लिए टिकट दरों में 10 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया है, जो पर्यटकों को इस ऐतिहासिक नगरी का आनंद लेने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। रोप-वे प्रबंधक दीपक कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के मौके पर हम पर्यटकों को एक यादगार अनुभव देना चाहते हैं। इसलिए 27 सितंबर, शुक्रवार को रोप-वे टिकट पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह छूट केवल एक दिन के लिए ही है। वर्तमान में रोप-वे का टिकट 120 रुपए प्रति व्यक्ति है। छूट के साथ पर्यटक मात्र 108 रुपए में रोमांचक सफर का आनंद ले सकेंगे।

**विश्व शांति स्तूप के दर्शन भी करते लोगः** राजगीर का रोप-वे विश्व प्रसिद्ध है और हर साल हजारों पर्यटक यहां आते हैं। रोप-वे की सवारी के दौरान पर्यटक न केवल हवा में सैर का आनंद लेते हैं, बल्कि प्रसिद्ध विश्व शांति स्तूप के दर्शन भी करते हैं। यह पहल पर्यटन को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक लोगों को इस अद्भुत अनुभव से रूबरू कराने का एक प्रयास है। इस विशेष छूट के साथ, राजगीर अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस को एक अनूठे तरीके से मनाने की तैयारी में है। यह न केवल पर्यटकों के लिए एक स्वागत योग्य कदम है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-317, दिनांक 26.09.2024 के लिए खुली ई-निविदा सूचना।** सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-317; कार्य का नामः** मालदा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर स्थापित एलटी एलीवेटर निर्मित 14 अदद लिफ्टों के साथ अतिरिक्त पुर्जो का एएमसी। **निविदा मूल्य :** रु. 1,32,42,936; **बयाना राशिः** रु. 2,16,200; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय :** 03.10.2024 से 17.10.2024 को अपराह्न 3.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः** www.ireps.gov.in तथा सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय का सूचना पट्ट। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(MLD-101/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कचरा लेकर सजावटी सामान बना रहे सफाई कर्मी



निज संवाददाता। थरथरी

प्रखंड के अमेरा पंचायत के गांवों से सफाई कर्मी घर घर से कूड़ा कचरा लाकर घरेलू सजावट का आकर्षक सामान बना रहे हैं। ये कूड़े कचरे को ऐसा स्वरूप दे रहे हैं कि देखते ही बनता है। जो भी इसे देखता है,वह देखता ही रह जाता है।जब उसे बताया जाता है कि यह कचरे से बना है तो लोग अवाक रह जाते हैं। पदाधिकारी व ग्रामीण भी सफाई कर्मियों के इस पहल कीजमकर सराहना कर रहें है। गांधी जयंती पर जिला मुख्यालय बिहारशरीफ में इन सजावटी सामानों की प्रदर्शनी लगेगी। इसके बाद राज्य स्तर पर भी इसे भेजा जा सकता है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अमेरा में गांव के कचरे से बने सामाग्री का वेस्ट टू - बेस्ट प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। बता दें कि स्वच्छता मित्र प्रत्येक दिन घर-घर जाकर कचरा संग्रह करते हैं। इसी से सूखे कचरे को अलग कर सजावटी सामानों का निर्माण किया जा रहा है।

**ट्रिपल आर थीम पर हो रहा कामः** बीडीओ गौरी कुमारी ने बताया कि अमेरा गांव में कचरा प्रबंधन कर आकर्षक समान बनाकर लोगों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्देश्य ट्रिपल आर (रिडयूस, रिसाईकिल, रियूज ) थीम के तहत आम नागरिकों को कचरे के प्रसंस्करण से घरेलू सजावटी सामग्री का निर्माण और उपयोग की जानकारी देना है। प्रति दिन ग्रामीणों के घर से प्राप्त होने वाले कचरों से आर्ट क्राफ्ट तैयार हो रहा गया। सफाईकर्मी पंचायत में बने डब्लू पीओ में कचरा संग्रह कर सामाग्री बना रहे है। गाड़ियों के खराब टायर में मार्बल लगाकर और प्लाई रखकर टेबल बनाया जा रहा है। बेकार कपड़ों से पैर साफ करने वाला पौदान बना रहे है। जबकि आइसक्रीम खाकर फेंक दी गई डंडी से गमला बनाया जा रहा है। जबकि घर मे बेकार पड़े टॉफी वाले डिब्बे से पूजा का दीपक बनाया जा रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः डीटीई_जेएमपी_02/24-25/एसपीएल, दिनांक: 27.09.2024।** सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए रेलवे संगठन/केंद्र सरकार/राज्य सरकार या सार्वजिक क्षे त्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का पर्याप्त अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले सम्माननीय निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं होगी तथा इस तरह का कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा। **क्रम संख्याः** 1। **कार्य का नामः** जमालपुर वर्कशॉप में व्हील पार्क के लिए व्हील एवं मशीन शॉप का संरचनात्मक विकास तथा अन्य गतिविधि। **विज्ञापित निविदा मूल्यः** ₹ 5,04,66,788। **बयाना राशिः** ₹ 4,02,340। **क्रम संख्याः** 2। **कार्य का नामः** जमालपुर वर्कशॉप में सीटीआरबी मॉउंटिंग सुविधाओं के साथ नए कैसनब बोगी शॉप का निर्माण। **विज्ञापित निविदा मूल्यः** ₹ 8,20,17,642। **बयाना राशिः** ₹ 5,60,090। **कार्य पूरा करने की अवधिः** 12 (बारह) महीना (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीखः** 24.10.2024 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी के साथ आवश्यक पात्रता की शर्तों का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और **www.er.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।

(MISC-182/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए रेलवे के प्रतिष्ठित, अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों तथा उनसे जो सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की समुचित सूची में हैं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएनजीजी-05-24-25-एलएलएच ओपन; कार्य का नामः** (i) एच-शॉप फ्लोरिंग साइड वॉल तथा आनुषंगिक कार्यों, (ii) एच-शॉप गैराज साइड वॉल, फ्लोरिंग के साथ विद्युतीकरण कार्य, (iii) सी-शॉप (सीटीआरबी) सेक्शन संबंधित क्षेत्र के विकास कार्य हेतु नए निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 76,49,337.46। **बयाना राशिः** रु. 1,53,000। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएनजीजी-एकाउंट्स-24-25एलएलएच ओपन; कार्य का नामः** सीडब्ल्यूएम/सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ के क्षेत्राधिकार में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस, लिलुआ के साथ संलग्न मीटिंग रूम/कॉन्फ्रेंस रूम के बदलाव/नवीनीकरण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 73,46,530.13। **बयाना राशिः** रु. 1,46,900। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएनजीजी13-23-24-एलएलएच ओपन; कार्य का नामः** स्टोर्स डिपो के ढांचे के सुधार के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,99,43,097.98। **बयाना राशिः** रु. 2,99,700। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधिः** 240 दिन (क्रमांक 1 के लिए), 180 दिन (क्रमांक 2 के लिए) एवं 270 दिन (क्रमांक 3 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 21.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। संशोधन (यदि कोई हो) के साथ निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव ऊपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MISC-178/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कोलकाता की डॉक्टर बिटिया के लिए देवघाट पर किया गया तर्पण

निज संवाददाता। गया



कोलकाता की डॉक्टर बिटिया की आत्मा की शांति के लिए गुरुवार को विष्णुपद स्थित देवघाट पर तर्पण किया गया, साथ ही वाणावर पहाड़ पर स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में सावन माह में भगदड़ में मरे सभी लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। वहीं रुस और यूक्रेन युद्ध में अब तक मारे गए सैनिकों के लिए भी पिंडदान का कर्मकांड किया गया। बाबू सुरेश नारायण मेमोरियल ट्रस्ट के बैनर तले श्राद्धकर्ता चंदन कुमार सिंह ने इस प्रक्रिया को पूरा किया। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पिंड को मोक्षदायिनी फल्गु के जल में प्रवाहित कर सभी आत्मा की शांति के लिए भगवान श्री हरि से प्रार्थना की। श्राद्धकर्ता श्री सिंह ने बताया कि सामूहिक तर्पण, श्राद्ध व पिंडदान की शुरूआत वर्ष 2001 में उनके पिता स्व. बाबू सुरेश नारायण ने शुरू की थी, जो आज भी निरंतर चल रही है। उन्होंने कहा कि यह गया तीर्थ है, जिसका कोई नहीं, उसके लिए कोई भी पुत्रवत होकर पिंडदान व तर्पण के काम को कर सकता है। उन्होंने बताया कि इस बार कोलकाता में महिला डॉक्टर की आत्मा की शांति के लिए भी तर्पण किया गया। बाबू सुरेश नारायण मेमोरियल ट्रस्ट के बैनर तले मणिपुर में जातीय हिंसा में जान गंवाने वाले सैकड़ों लोगों के लिए श्राद्धकर्ता चंदन कुमार ने पिंडदान किया। इसके अलावे ओडिशा में ट्रिपल ट्रेन हादसे में मरे लोगों, लद्दाख में सेना की गाड़ी खाई में गिरने के बाद मरे जवानों, जम्मू कश्मीर व लद्दाख में भारी वर्षा से मरे जवानों, तुर्की-सीरिया भूकंप में मरे लोगों, नाइजीरिया से सटे बेनिन के फ्यूल डीपो में मरे बच्चों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान का कर्मकांड किया गया।

जम्मू कश्मीर में शहीद जवानों के लिए तर्पण श्राद्धकर्ता चंदन कुमार ने बताया कि उन्होंने जम्मू कश्मीर के कठुआ में एक चरमपंथी हमले में मारे गए पांच जवानों, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बस हादसे में मरे 18 यात्रियों, महाराष्ट्र के नांदेड़ में सरकारी अस्पताल में दवा नहीं मिलने से मरे 31 लोगों के लिए, सिक्किम में आपदा से मरे, उत्तरप्रदेश के पटाखा फैक्ट्री के ब्लास्ट में मरे, प्रतापगढ़ और बिहार में बिजली गिरने से मरे, भूस्खलन से वायनाड जिले में मरे लोगों के लिए तर्पण किया गया।

**बांद्रा टर्मिनस (मुंबई) तथा मालदा टाउन के बीच स्पेशल ट्रेन**

आगामी पूजा, दिवाली एवं छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **09027/09028 बांद्रा टर्मिनस (मुंबई)-मालदा टाउन-बांद्रा टर्मिनस (मुंबई) स्पेशल ट्रेन** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, यात्रा के दिन, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलाई जाएगी:-

| बांद्रा (टी)-मालदा टाउन | | | 09027 09028 | मालदा टाउन-बांद्रा (टी) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| बुधवार | - | 11.00 | ↓ बांद्रा (टी) | 18.15 | - | सोमवार |
| गुरुवार | 14.05 | 14.15 | कानपुर सेंट्रल | 17.50 | 18.00 | रविवार |
| शुक्रवार | 11.32 | 11.37 | जमालपुर | 00.15 | 00.20 | |
| | 12.35 | 12.45 | भागलपुर | 22.30 | 22.40 | शनिवार |
| | 13.55 | 14.00 | साहिबगंज | 19.40 | 19.45 | |
| | 16.30 | - | मालदा टाउन ↑ | - | 17.30 | |

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरुच, वडोदरा जंक्शन, गोधरा, रतलाम जंक्शन, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जंक्शन, आगरा फोर्ट, टूण्डला, इटावा, ऐशबाग, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, बापूधाम मोतीहारी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर जंक्शन, बरौनी जंक्शन, किऊल, अभयपुर, सुल्तानगंज, कहलगांव, बड़हरवा एवं न्यू फरक्का स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिनः बांद्रा टर्मिनस से 09027** : दिनांक 2, 9, 16, 23, 30.10.2024, 6, 13, 20 एवं 27.11.2024 (बुधवार) = 9 ट्रिप तथा **मालदा टाउन से 09028** : दिनांक 5, 12, 19, 26.10.2024, 2, 9, 16, 23 एवं 30.11.2024 (शनिवार) = 9 ट्रिप। **गठनः** वातानुकूलित 3-टीयर-2, शयनयान -12, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-4, एसएलआरडी-2 = 20 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

Page 10

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**31 साल के खिलाड़ी ने रचा इतिहास, 10 छक्के और छह चौकों के दम पर ठोका...**

**प्रदेश के चार गांवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार मिलना उत्तराखंड के लिए गौरव...**

देश



कृष्ण पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 28 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 289 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹77,450 | ₹96,000 |



## आज का इतिहास

- 1932 : भारत के प्रसिद्ध हास्य अभिनेता व निर्माता-निर्देशक महमूद का जन्म हुआ।
- 1959 : भारत की आरती शाह तैरकर इंग्लिश चैनल पार करने वाली पहली एशियाई महिला बनीं।

## न्यूज बाइट्स

### राज्यपाल ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**पटना (नि.सं.)।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर राजभवन परिसर में सफाई कार्य किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें अपने घरों, उनके परिसर, गांव-शहर समेत पूरे प्रदेश को स्वच्छ रखना है। यही इस कार्यक्रम की भावना और संदेश है। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य के सभी लोग इस स्वच्छता अभियान में शामिल होकर पूरे बिहार को स्वच्छ बनाएंगे। देश में इस राज्य की अलग छवि बनेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारी आदत में शामिल होना चाहिए। यह अभियान एक-दो दिन अथवा 15 दिनों का नहीं, बल्कि पूरे वर्ष का होना चाहिए। हमें स्वच्छता के प्रति निरंतर सजग और प्रयत्नशील रहना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू सहित राज्यपाल सचिवालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी राजभवन परिसर में सफाई का कार्य किया।

### विश्वविद्यालयों के वेतन-पेंशन के लिए 2650 करोड़ स्वीकृत

**पटना (नि.सं.)।** शिक्षा विभाग ने राज्य के विश्वविद्यालयों और डिग्री कॉलेजों के लिए वेतन और पेंशन की राशि स्वीकृति दे दी है। जुलाई 2024 से फरवरी 2025 तक के लिए कुल 2650 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। जुलाई से सितंबर तक की वेतन-पेंशन की राशि भी विभाग शीघ्र ही विश्वविद्यालयों को जारी करेगा। मालूम हो कि विश्वविद्यालयों को जून के बाद से वेतन-पेंशन की राशि जारी नहीं की गयी है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जुलाई से सितंबर तक के बकाये वेतन-पेंशन की राशि जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। स्वीकृत राशि में पटना विश्वविद्यालय के लिए 179 करोड़, मगध विवि के लिए 389 करोड़, बीआरए विवि के लिए 376 करोड़, जेपी विवि के लिए 152 करोड़, वीर कुंवर सिंह विवि के लिए 208 करोड़, बीएन मंडल विवि के लिए 174 करोड़, तिलका मांझी विवि के 189 करोड़, ललित नारायण के लिए 389 करोड़, केएसडीएस विवि के लिए 195 करोड़, पाटलिपुत्र विवि के लिए 257 करोड़, पूर्णिया विवि के लिए 69 करोड़, मुंगेर विवि के लिए 61 करोड़ और मौलाना मजहरूल हक विश्वविद्यालय के लिए सात करोड़ स्वीकृत किए गए हैं।

प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर जारी घमासान के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की बैठक, कहा

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम : सीएम

- अब तक बिहार में 50.23 लाख स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाए जा चुके हैं

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य में प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर जारी सियासत के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में स्मार्ट मीटर को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि जो लोग दुष्प्रचार और अफवाह फैला रहे हैं उससे भ्रमित न हों। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट प्री-पेड मीटर की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि साल 2018 में सभी घरों तक बिजली पहुंचा दी गई है। सभी को निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बिजली की खपत पर राज्य सरकार उपभोक्ताओं के लिये अनुदान के रूप में राशि खर्च कर रही है ताकि राज्य के लोगों को सस्ती बिजली मिल सके।



**लोगों को स्मार्ट मीटर के फायदे बताने के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लोगों को स्मार्ट मीटर के फायदे बताने के लिए अभियान चलाएं। उन्होंने जिलाधिकारियों से भी कहा कि वे लोगों को स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूक करें। नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है और सभी सरकारी भवनों पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया है। सभी सरकारी भवनों की छतों पर सोलर प्लेट लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि गांवों और टोलों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं ताकि लोगों को रात में रोशनी मिल सके। किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती बिजली मुहैया कराने के लिए कृषि फीडर लगाए जा रहे हैं। बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और ऊर्जा विभाग के आला अधिकारी मौजूद थे।

**सभी घरों तक पहुंची बिजली**

मुख्यमंत्री ने कहा कि साल 2018 में सभी घरों तक बिजली पहुंचा दी गई है। सभी को निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बिजली की खपत पर राज्य सरकार उपभोक्ताओं के लिये अनुदान के रूप में राशि खर्च कर रही है ताकि राज्य के लोगों को सस्ती बिजली मिल सके। आपको बता दें महागठबंधन की सहयोगी आरजेडी और कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ अक्टूबर में आंदोलन का ऐलान किया है। स्मार्ट मीटर के विरोध को जनांदोलन बनाने को लेकर राजद और कांग्रेस नेताओं के बीच मुलाकात हुई। प्रदेश राजद कार्यालय में गुरूवार को कांग्रेस के बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश सिंह और प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौर पहुंचे।

वहीं प्रदेश राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ. तनवीर हसन आदि थे। इधर राजद ने भी स्मार्ट मीटर के विरोध में व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। एक को प्रस्तावित महा धरने में पदाधिकारी और नेता जुटेंगे। आपको बता दें बिहार में लगभग 50 लाख स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर पहले ही लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया 2025 तक पूरी हो जाएगी।

वर्ल्ड टूरिज्म डे पर पर्यटन विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा

# कुंभ की तरह छठ पूजा दर्शन कराने की तैयारी, जल्द छठ पैकेज की होगी घोषणा

- काशी के कुंभ, महाराष्ट्र के गणपति उत्सव और पश्चिम बंगाल के दुर्गोत्सव की तरह छठ पूजा भी अब पर्यटन विभाग के अंतर्गत पैकेज में शामिल होगी।
- जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की गई है शुरू

**निज संवाददाता | पटना**

वर्ल्ड टूरिज्म डे पर पर्यटन विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। काशी के कुंभ, महाराष्ट्र के गणपति उत्सव और पश्चिम बंगाल के दुर्गोत्सव की तरह देश भर के लोग अब बिहार के महापर्व छठ पूजा से रू-ब-रू हो सकेंगे। छठ पूजा के पूरे विधि-विधान में शामिल हो सकेंगे। इसकी तैयारी पर्टयन विभाग की तरफ से कराई जा रही है। इसकी घोषणा टूरिज्म डे पर विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने की।

उन्होंने कहा कि अन्य पैकेज की तरह अब विभाग की तरफ से छठ पूजा का पैकेज भी तैयार किया जा रहा है। इसमें बाहर के लोग बिहार आकर अनुभव ले सकेंगे। फिलहाल इसकी डिटेलिंग की जा रही है। बहुत जल्द विभाग की तरफ से इसकी घोषणा की जाएगी।मंत्री ने बताया कि बिहार में पर्यटकों की संख्या एक बार फिर से सुधर गई है। अगर केवल 2024 की बात करें तो जुलाई महीने तक 2.67 लाख पर्यटक बिहार के अलग-अलग पर्यटन केंद्रों पर पहुंचे हैं। 2023 में देशी-विदेशी मिलाकर लगभग 5.46 लाख पर्यटक बिहार आए थे। जब तक कोविड के दौरान दो साल तक ये आंकड़ा बेहद नीचे चला गया था। 2021 में जहां मात्र 1046 पर्यटक आए थे तो 2022 में 86829 पर्यटक ही पहुंच सके थे।





**अगले 6 महीने में 17 महोत्सव का आयोजन कराएगा विभाग**

वहीं, पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार ने बताया कि अगले 6 महीने में यानि अक्टूबर से लेकर मार्च महीने तक विभाग की तरफ से 17 महोत्सव का आयोजन कराया जाएगा। इसमें राजगीर महोत्सव, मिथिला लोक उत्सव महोत्सव, वाणावर महोत्सव, सूर्य महोत्सव, रोहतास गढ़ किला महोत्सव, कोशी महोत्सव, मेहन्दार महोत्सव जैसे अहम महोत्सव शामिल हैं।

नीतीश मिश्रा ने इस दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा है कि रोहतासगढ़ किला रोहतास और महामुंडेश्वरी मंदिर में रोपवे की सुविधा जल्द पर्यटकों को मिलेगी। दोनों जगहों के लिए फॉरेस्ट क्लियरेंस मिल चुका है। अब बहुत जल्द इस पर काम शुरू हो जाएगा। इसके अलावा पुरौना धाम को विकसित करने के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। साथ ही पटना में तीन बड़े-बड़े होटलों के बनने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जल्द इसके लिए टेंडर जारी किए जाएंगे।

एडीजी लॉ एंड आर्डर ने जारी किया आदेश, विशेष परिस्थिति में ही मिलेगी छुट्टी

# 5 से 16 अक्टूबर तक पुलिसकर्मियों की छुट्टी कैंसिल

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में दुर्गा पूजा को लेकर 5 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक पुलिसकर्मियों की छुट्टी कैंसिल कर दी गई है। इस बीच छुट्टी को लेकर आए पुलिसकर्मियों के सभी आवेदन वापस कर दिए गए हैं। फेस्टिवल के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए एडीजी लॉ एंड आर्डर संजय सिंह ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ आईजी और एडीजी को भेजा गया है। इसका सख्ती से अनुपालन कराने का भी निर्देश दिया गया है।

दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की जरूरत पड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए अवकाश पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि सिर्फ विशेष परिस्थिति में किसी को छुट्टी दी जाएगी। बिहार में दुर्गा पूजा को भव्य बनाने के लिए जगह-जगह तैयारी की जा रही हैं। इस बार दुर्गा पूजा 3 अक्टूबर से शुरू है। सप्तमी 10, महाअष्टमी एवं महानवमी 11 और दशहरा 12 अक्टूबर को है।



प्रमंडलीय आयुक्त ने दुर्गा पूजा को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक किया था। इसमें अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने निर्देश दिया था कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार का मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रावण वध, जुलूस, विसर्जन आदि के आयोजन के लिए जिला प्रशासन की अनुमति ली जाएगी।

आयुक्त और आईजी ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को तैनात रखें। डीएम-एसपी क्षेत्र का जायजा लेते रहे। अफवाहों का त्वरित एक्शन लें। उन्होंने यह भी आदेश दिया है कि अग्निशमन की ठोस व्यवस्था आयोजकों को करनी होगी। आपत्तिजनक स्लोगन, कार्टून आदि पर रोक है। प्रतिमा का विसर्जन अस्थायी तालाब में ही किया जाएगा। आतिशबाजी और डीजे पर पूर्णतः रोक है। पूजा समितियों से 20-20 सक्रिय कार्यकर्ताओं की सूची मोबाइल नंबर के साथ तैयार करें। साफ-सफाई, रोशनी, आपात चिकित्सा व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं पर भी आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया था।

# बिहार सरस मेला से 3 करोड़ के उत्पादों और व्यंजनों के खरीद-बिक्री की है संभावना

**निज संवाददाता | बिहारशरीफ**

शुक्रवार को बिहारशरीफ में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, जीविका (ग्रामीण विकास विभाग) के तत्वाधान में 18 सितंबर से जारी दस दिवसीय बिहार सरस मेला का शुक्रवार को समापन हो गया। बिहार सरस मेला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जीविका से जुड़कर 125 करोड़ परिवार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ चले हैं। जीविका दीदियाँ अब दूसरे राज्यों में जाकर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने का पाठ पढ़ा रही हैं। मंत्री ने सरस मेला का अवलोकन किया और ग्रामीण शिल्पकारों द्वारा उत्पादित उत्पादों की तारीफ की। इससे पूर्व कार्यक्रम में मंत्री का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं पौधा भेटकर हिमांशु शर्मा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका ने किया। मंत्री ने सरस मेला में सर्वश्रेष्ठ बिक्री करने वाली महिला उद्यमियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिला उद्यमियों में सर्वश्रेष्ठ बिक्री के लिए प्रथम जैस्मिन मालिक ओड़िसा, द्वितीय खाबीरम नीशा-आसाम, तृतीय सुल्ताना-बिहार, चतुर्थ रीना देवी बिहार एवं 5वें स्थान पर एन चोबा लीमा—मणिपुर रही।



राम निरंजन सिंह, निदेशक, जीविका ने सभी को आगमन एवं प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि दस दिवसीय बिहार सरस मेला से लगभग 3 करोड़ 28 लाख के उत्पादों एवं व्यंजनों के खरीद-बिक्री की संभावना है। इस मेले में 3 लाख से ज्यादा लोग आये। सरस मेला के माध्यम से हमारे देश के 22 राज्यों की लोक संस्कृति, शिल्प, लोक कला के तहत हाथ से निर्मित उत्पादों एवं देशी व्यंजन 130 स्टॉल से बिक्री हुई है। सरस मेला के प्रति लोगों के आकर्षण एवं स्नेह का परिणाम है कि सरस मेला अब प्रति वर्ष 2 संस्करण में आयोजित किया जा रहा है। वर्तमान वर्ष का यह प्रथम संस्करण खरीद-बिक्री एवं उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए खास रहा।

समापन समारोह में मंच पर महुआ रॉय चौधरी, परियोजना समन्वयक, जीविका, समीर कुमार, राज्य परियोजना प्रबंधक, जीविका एवं पवन प्रियदर्शी, परियोजना प्रबंधक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मंच पर उपस्थित अतिथि एवं पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र समर्पित किया गया।

# 4500 से अधिक पेंशनभोगियों का जीवन प्रमाण पत्र होगा अपडेट

**पटना (नि.सं.)।** केन्द्र सरकार की ओर से राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र रिन्यूवल अभियान नवंबर में शुरू होगा। लेकिन उससे पहले भारत सरकार के संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय (सीसीए) दूरसंचार विभाग की ओर से जीवन प्रमाण पत्र रिन्यू करने का अभियान 30 सितंबर से शुरू होगा। अभियान के तहत बिहार के विभिन्न जिले में शिविर लगाकर बीएसएनएल दूरसंचार विभाग बिहार सर्किल से सेवानिवृत्त करीब 4500 कर्मचारियों का जीवन प्रमाण पत्र अपडेट किया जाएगा। शिविर संबंधित जिले के बीएसएनएल के हेड ऑफिस में लगाया जाएगा। शिविर बिहार के 14 जिले में लगेगा और 16 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें दूरसंचार विभाग के जिन पेंशनभोगियों के जीवन प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो गई है या आने वाले एक दो महीने में समाप्त होने वाली है। वह शिविर में निः शुल्क प्रमाण पत्र अपडेट करा सकेंगे। जानकारी के मुताबिक जिन पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में देरी होगा उनकी पेंशन बाधित हो सकती है।

# केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड में हिन्दी पखवाड़ा का हुआ समापन

**निज संवाददाता | पटना**

केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला की अध्यक्षता में वार्षिक योजना 2024-25 के अंतर्गत आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन गुरुवार को हुआ। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के साथ राजभाषा हिन्दी पर परिचर्चा हुई।





क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने बताया कि इस कार्यालय में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग किया जा रहा है। हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार तथा अधिक से अधिक अनुप्रयोग करने एवं अपने आचरण में लाने हेतु विभिन्न प्रकार की आठ प्रतियोगिताएं (हिन्दी स्लोगन प्रतियोगिता, हिन्दी सुलेख लेखन प्रतियोगिता (केवल अहिन्दी भाषी के लिए), हिन्दी प्रश्न मंच (केवल वाहन चालक एवं एमटीएस कर्मचारियों के लिए), हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, हिंदी श्रुत लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, तत्काल भाषण / विचार प्रतियोगिता तथा कविता-पाठ प्रतियोगिता) आयोजित की गईं।

इन प्रतियोगिताओं में कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें जल एवं भाषा से संबंधित अच्छे स्लोगन, विचार आए, उनको अपने जीवन में तथा समाज में चलन में लाने हेतु सभी ने विश्वास दिलाया। इस राजभाषा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन गुरुवार को सभी प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को तथा उत्साह वर्धन के लिए सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं हिन्दी पखवाड़ा सफलतापूर्वक समापन हुआ।

मंईयां सम्मान यात्रा लेकर बोराम पहुंचीं कल्पना सोरेन

# आपके अकाउंट में अनवरत आते रहेंगे 1000-1000 रुपए : कल्पना सोरेन

**निज संवाददाता | रांची**



झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की महिलाओं के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' पूर्वी सिंहभूम जिले के बोराम पहुंच चुकी है। कल्पना सोरेन आदिवासी परिधान में वहां पहुंचीं और मौजूद महिलाओं को संबोधित किया। कल्पना सोरेन ने कहा कि हमने मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत गढ़वा जिले के भवनाथपुर से की थी। आज हम बोराम पहुंच गए हैं। यह पांचवीं यात्रा है। यह देखकर अच्छा लग रहा है कि भारी संख्या में महिलाएं मंईयां सम्मान यात्रा का हिस्सा बन रहीं हैं। कल्पना सोरेन ने वहां मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बहन-बेटियों के लिए झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत हर घर की हर महिला को प्रति माह 1,000 रुपए दे रही है। यानी साल में 12,000 रुपए एक महिला को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि घर में अगर एक से अधिक महिला हैं, तो उनको भी इसका लाभ मिलेगा। यानी 2 महिला को महीने में 2,000 रुपए और साल में 24,000 रुपए। इसी तरह अगर घर में 3 महिलाएं हैं, तो उस परिवार की महिलाओं को साल में 36,000 रुपए मिलेंगे।

# अब बालू मिलेगा ऑनलाइन, 16 अक्टूबर से शुरू होगी नई सुविधा

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में जल्द ही आम नागरिक ऑनलाइन बालू खरीद सकेंगे। खान एवं भू-तत्व विभाग बालू-मित्र पोर्टल के जरिए बालू की ऑनलाइन बिक्री योजना पर काम कर रहा है। इस पोर्टल पर बालू की उपलब्धता कीमतें और गुणवत्ता दिखाई जाएगी। 16 अक्टूबर के बाद यह सुविधा शुरू होने की उम्मीद है। विभाग 250 बालू घाटों से खनन की तैयारी भी कर रहा है। दरअसल, बिहार में अब ई-कामर्स साइट की तर्ज पर आम नागरिक आन लाइन बालू भी खरीद सकेंगे। खान एवं भू-तत्व विभाग बालू-मित्र पोर्टल के जरिये बालू की आन लाइन बिक्री योजना को अंतिम रूप देने में जुटा है। संभावना है कि 16 अक्टूबर के बाद यह सुविधा शुरू हो जाएगी। खान एवं भू-तत्व विभाग ने करीब महीने भर पहले ही बालू मित्र पोर्टल के जरिये आनलाइन बालू बिक्री योजना स्वीकृत की थी। इसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) का सहयोग भी लिया गया है। एनआइसी की बालू मित्र पोर्टल बना रहा है। सूत्रों की माने तो इस पोर्टल पर जिलों में बालू की उपलब्धता के साथ ही उसकी कीमतें भी दर्ज होंगी। मालूम हो कि बालू की ऑनलाइन खरीद का इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस पोर्टल पर जाकर बालू की गुणवत्ता देखकर उसकी आनलाइन बुकिंग कर सकेगा। विभाग ने बालू मित्र पोर्टल के जरिये सफेद और पीली दोनों किस्म की बालू की बिक्री का निर्णय किया है। बालू की आन लाइन बिक्री के बाद इसे डिलीवरी कराने की जिम्मेदारी भी विभाग की होगी।

विश्व पर्यटन दिवस : पूर्व मध्य रेल का योगदान

# पर्यटक स्थलों तक पहुंच प्रदान कर पूर्व मध्य रेल द्वारा दिया जा रहा पर्यटन को बढ़ावा

**निज संवाददाता | हाजीपुर**

पर्यटन के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व पर्यटन दिवस हर साल मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पर्यटन के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, और आर्थिक महत्व को जागरूक करना है। पर्यटन ही वो माध्यम है जिससे अलग- अलग कल्चर से लोगों को जुड़ने और जानने का मौका मिलता है। इसमें रेलवे की अहम् भूमिका होती है । पूर्व मध्य रेल प्रमुख पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक केंद्रों को सेवित करती है जिनमें वैशाली, बोधगया, राजगीर, पाटलिपुत्र, पटना, नालंदा, सीतामढ़ी तथा पारसनाथ आदि प्रमुख हैं ।

भविष्य में पर्यटकों को उच्च स्तरीय सुविधा प्रदान करने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल के 92 रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्रा सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए कार्य विभिन्न चरणों में है । इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। इसमें स्टेशन फसाड, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधायें, प्रसाधन, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी), पार्किंग एवं हरित ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल भवन इत्यादि अत्याधुनिक सुविधाओं में विस्तार हेतु योजना तैयार की गई है तथा चरणबद्ध तरीके से उनका कार्यान्वयन किया जा रहा है। यात्री आवश्यकताओं के मद्देनजर बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउन्ज एवं अन्तर्राश्ट्रीय मानक के अनुरूप साइनेज का प्रावधान आदि सम्मिलित है। पर्यटकों की सुविधा के लिये स्टेशनों पर टूरिस्ट डिस्प्ले बोर्ड लगाये जा रहे हैं। विश्व के प्रथम गणराज्य और बौद्ध तीर्थस्थल के लिए सुप्रसिद्ध वैशाली एक अति प्राचीन शहर है और वर्तमान में बिहार राज्य का एक महत्वपूर्ण जिला है। वैशाली बौद्ध और जैन दोनों धर्मों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल हुआ है। पर्यटकों की आसान पहुंच के लिए राजधानी पटना से हाजीपुर होते हुए वैशाली को रेल नेटवर्क से जोड़ा गया है।

बोधगया, कुशीनगर, लुंबिनी और सारनाथ बौद्ध धार्मावलंबियों के लिए चार सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थल हैं। बिहार राज्य के गया जिले में स्थित बोधगया बौद्धों के लिए महत्व रखता है, यहीं पर भगवान बुद्ध को महान पीपल (बोधि) वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इस पवित्र स्थान पर भव्य महाबोधि मंदिर है और इसके परिसर में भव्य बोधि वृक्ष हैं। पटना और कोलकाता सहित भारत के अन्य शहरों से ट्रेन द्वारा बोधगया पहुँचा जा सकता है। गया में विष्णुपद मंदिर है, जहां तीर्थयात्री पितृ पक्ष के दौरान अपने पूर्वजों को पिंडदान करने के लिए एकत्र होते हैं।

# नोडल अधिकारियों संग बैठक, सरकारी विभागों में रिक्तियों को भरने और महिला सशक्तीकरण पर जोर

- प्रधान सचिव ने विभिन्न विभागों में स्वीकृत पदों पर रिक्तियों को जल्द भरने के निर्देश दिए, जिसे सरकार की प्राथमिकता बताया गया।

**निज संवाददाता | पटना**

सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग ने नोडल अधिकारियों को प्रत्येक विभाग के अंतर्गत कार्यालयों की विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रधान सचिव द्वारा पदों की विस्तृत सूची, प्रत्येक पद के लिए स्वीकृत संख्या, कार्यरत अधिकारियों की संख्या तथा रिक्त पदों की संख्या भी मांगी गई है। इसके अतिरिक्त, बिहार के सरकारी विभागों में महिला कार्यबल के सशक्तीकरण को ध्यान में रखते हुए प्रधान सचिव ने कार्यालय में लिंग अनुपात और महिला विभागाध्यक्षों की संख्या के बारे में भी जानकारी मांगी है। ज्ञातव्य है कि सामान्य प्रशासन विभाग आयोग को भर्ती अधियाचना भेजने के लिए नोडल कार्यालय है। अतएव प्रधान सचिव सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश दिया है कि विभिन्न स्वीकृत पदों की रिक्तियों को भरने के लिए शीघ्र कार्यवाही की जाए, यह बिहार सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में कृषि विभाग, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग, सहकारिता विभाग, पर्यावरण एवं वन विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, जल संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर विकास विभाग, लघु जल संसाधन विभाग और गन्ना उद्योग विभाग के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## न्यूज बाइट्स

### प्रत्येक माह पत्रकारों से रु बा रु होंगी डीएम, सुनेंगी समस्याएं

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)**। जिला अधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में जिले के प्रिंट वो इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों की एक बैठक जिलाधिकारी कक्ष में गुरुवार को संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने पत्रकारो से शहर के विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं जिलाधिकारी द्वार सभी समस्याओं के समाधान हेतु आश्वासन एवं संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा यह भी बताया गया कि अब प्रत्येक महीने सभी पत्रकारो के साथ एक बैठक बुलाई जाएगी एवं उनसे जिला के समस्या एवं उनके निदान हेतु फीडबैक भी लिया जाएगा। आयोजित बैठक में कई वर्षो से बन कर तैयार प्रेस भवन को स्थानांतरित करने के साथ औपचारिक रूप से एक दूसरे से परिचय नही होने समेत अन्य कई मुद्दों पर चर्चा नही होने से कई पत्रकारों में नाराजगी भी देखने को मिला।

### 921 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नोखा/बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)**। धर्मपुरा थाना क्षेत्र के मोजराढ गांव से उत्पाद विभाग ने 921 लीटर शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार का जल भेज दिया। उत्पाद विभाग इसकी पुष्टि करते हुए असिस्टेंट कमिश्नर उत्पाद विभाग के तारिक महमूद ने बताया की उत्पाद विभाग को सूचना मिली की गांव में एक घर में शराब भारी मात्र में राखी गई है। जहां पर उत्पाद विभाग की टीम गुरुवार की सुबह में पहुंचकर के छपेमरी की तो एक घर में भारी मात्र में शराब बरामद की गई। देसी मसालेदार शराब जो की 637 लीटर और कच्चा स्प्रिट शराब बनाने के लिए रखा गया था। वह 265 लीटर, विदेशी शराब 19 लीटर बरामद किया गया। इसके अलावा और घरों में उत्पाद विभाग की पुलिस ने जांच की गई। जहां से की पुलिस जांच कर रही है। उत्पाद विभाग के तारिक महमूद ने बताया की इसमें 921 लीटर शराब के साथ रविंद्र शाह ऊर्फ महादेव शाह को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है और जिस जगह शराब बरामद की गई उक्त स्थल को सील किया गया है। पुलिस ममले की जांच में जुटी हुई है। वही विक्रमगंज से शराब के साथ एक पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा बिक्रमगज अनुमंडल क्षेत्र के मालियाबाग के सेमरी गांव से उत्पाद विभाग ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर जब भेजा। असिस्टेंट कमिश्नर उत्पाद विभाग के तारिक महमूद ने बताया की ने सेमरी गांव निवासी मो जावेद को 42 .50 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इन लोगों से उत्पाद विभाग की टीम जांच कर आगे की करवाई कर रही है।

### शादी का झांसा देकर भगाई गई युवती को पुलिस ने उसके प्रेमी संग किया बरामद

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)**। स्थानीय थाना पुलिस ने शादी के नियत से भगाई गई नाबालिग युवती को उसके प्रेमी संग बरामद किया है। दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव से भोजपुर जिला के पीरो थाना अंतर्गत गांव अगिआंव निवासी रमाशंकर साह का 20 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में युवती के मां के बयान पर कांड संख्या 396/24 21 सितंबर को दिनारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घर से भागी युवती को बरामद करने के बाद कार्रवाई करते हुए युवती का मेडिकल जांच कराया जा रहा है। वहीं कोर्ट में 164 का बयान दर्ज कराने के बाद न्यायालय द्वारा निर्देश प्राप्त होते ही उक्त मामले में कार्रवाई किया जायेगा। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ट्रक चालक से पैसा वसूलने पर बीडीसी के विरुद्ध एफआईआर

**करगहर/रोहतास (रोहतास) (नि.सं.)**। बड़हरी थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में थानाध्यक्ष के नाम पर एक ट्रक चालक से पांच हजार रुपए वसूलने के विरुद्ध सेंदुआर ग्राम पंचायत के पंचायत समिति सदस्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष जितेंद्र पंडित ने दी।

# किसी भी राज्य में अन्य राज्य के लोगों के साथ दुर्व्यवहार स्वीकार नहीं : उपेंद्र कुशवाहा

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)




बिहार के विशेष यात्रा पर निकले राज्यसभा सांसद सह आरएमएल सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा ने पश्चिम बंगाल में बिहारी छात्रों के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हमने कहा है कि इस तरह की घटनाओं को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और आगे ऐसी स्थिति बने की किसी भी राज्य में किसी भी दूसरे राज्य के लोगों के साथ इस तरह की घटनाएं न हो।वहीं जिला मुख्यालय सासाराम के सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उपेंद्र कुशवाहा ने जीतन राम मांझी एवं लालू प्रसाद के बीच चल रहे जातीय टिका टिप्पणी के सवाल पर कुछ भी बोलने से साफ इनकार कर दिया।हालांकि बिहार की विशेष यात्रा के संबंध में उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि प्रथम चरण के यात्रा के क्रम में हम आज रोहतास पहुंचे हैं। जिसकी शुरुआत जगदेव बाबू को याद करते हुए कुर्था से की गई थी। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के पक्ष में माहौल बनाने के उद्देश्य से यात्रा की शुरुआत हुई है तथा इसी क्रम में एनडीए के कार्यकर्ताओं के साथ बीते लोकसभा चुनाव परिणामों की भी समीक्षा की जा रही है। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में शाहाबाद क्षेत्र के चारों लोकसभा सीटों पर अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं आए जिसको देखते हुए यात्रा के प्रथम चरण में हीं इस क्षेत्र को रखा गया है। एनडीए के परिणामों को विपक्षी पार्टीयां जनता की पसंद के रूप में देख रही है जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है। उनकी साजिश थी कि एनडीए के अंदर लोगों को दिग्भ्रमित कर लाभ लिया जा सके, जिसमें वो सफल रहे। उनका मकसद था कि उपेंद्र कुशवाहा को बिहार की राजनीति से समाप्त कर दें, लेकिन उनको मालूम नहीं की उपेंद्र कुशवाहा एवं उनकी पार्टी की जड़ काफी नीचे तक है। राजद की साजिश में अगर हमारे लोग नहीं आए होते तो आज शाहाबाद क्षेत्र के दो सांसद भारत सरकार के मंत्री परिषद में शामिल होते। वे लोग उपेंद्र कुशवाहा को सांसद बनने से तो नहीं रोक सके, लेकिन शाहबाद एवं मगध क्षेत्र का इन्होंने भारी नुकसान कर दिया।

## बालिका विद्यालय में हेल्थ कैंप टी-3 का आयोजन

» पूरे राज्य में महिलाओं एवं किशोरियों में एनीमिया की स्थिति बहुत ही चिंता जनक है।

**निज संवाददाता** | बिक्रमगंज

एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत बिक्रमगंज प्रखंड में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में हेल्थ कैंप टी3 का आयोजन किया गया। आयोजन में आयुष चिकित्सा पदाधिकारी कृष्ण कुमार पांडे द्वारा बताया गया कि एनीमिया की जांच क्यों जरूरी है। तथा इसके लक्षण के ऊपर सभी बच्चों को विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर कुश कुमार द्वारा बताया गया। आज पूरे राज्य में महिलाओं एवं किशोरियों में एनीमिया की स्थिति बहुत ही चिंता जनक है। जिसकी कारण उनका मानसिक और शारीरिक विकास में कहीं ना कहीं कमी हो रही है। इसकी कमी को दूर करने के लिए अपने खान-पान में आयरन एवं प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ को सम्मिलित करें साथ ही नियमित रूप से जो जो आयरन की दवा दी जा रही है। उसको खाएं जिससे कि शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बनी रहे मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही। सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक सभी को बताएं मौके पर आयुष चिकित्सक कृष्ण कुमार पांडे प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार आरबीएस के टीम के संत राज जी प्रभावती कुमारी फार्मासिस्ट प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक अनीश नारायण पिरामल के प्रोग्राम लीडर कुश कुमार कस्तूरबा विद्यालय के वार्डन सुलक्षणा कुमारी शिक्षिका अमृत ज्योति शीला कुमारी विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कुपोषण के शिकार हो रहे आवासीय विद्यालय के बच्चे : पूर्व विधायक

**निज संवाददाता** | नौहट्टा/रोहतास

कैमूर पहाड़ी पर स्थित आवासीय विद्यालयों में काफी लूटपाट हो रही है। जिसके कारण बच्चों को अच्छी शिक्षा अच्छा भोजन अच्छा वस्त्र नहीं मिल पा रहा है। उक्त बातें चेनारी विधानसभा के पूर्व विधायक ललन पासवान ने रोहतास प्रखंड क्षेत्र के कैमूर पहाड़ी पर स्थित आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के बाद कहा। पूर्व विधायक ने कहा कि सरकार आवासीय विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा अच्छा भजन अच्छा वस्त्र आवास के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च करती है। लेकिन वास्तविकता कुछ और है। जब पूर्व विधायक ललन पासवान मत्मपोर्शी के लिए नागाटोली मृतक उमेश पासवान के घर जा रहे थे। तो इस दौरान वही के आवासीय विद्यालय में पहुंच गए जहां बच्चों को भोजन में काफी अनियमता बरती जा रही थी। पूर्व विधायक ने कहा कि अधिकारी और बिचौलिया के कारण आवासीय विद्यालय के बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं। भोजन भी बढ़िया नहीं दी जाती है, तथा उपस्थित बनाने में भी काफी अनियमता बरती जाती है। पूर्व विधायक ने कहा कि विद्यालय पहुंचने पर पता चला कि दाल घट गया था दाल के स्थान पर बच्चों को नाम मात्र का दही दिया गया था। वही आवासीय विद्यालय में शिक्षकों का भोजन अलग पकता है। बच्चों की उपस्थिति में काफी अनियमता बरती गई है अनुपस्थित पंजी से ऊपस्थित बच्चों में काफी भिन्नता पाई गई। साथ ही बच्चों के नाम की राशि की भी लूटपाट की जाती है विधायक ने बताया कि1 से 7 क्लास तक के बच्चों के लिए 2400 तथा 8 से 12 वर्ग के लिए2600 प्रति वर्ष बच्चा का खर्च करने के नाम पर आती है। लेकिन खर्च करने के नाम पर सिर्फ लूटपाट ही हो रही है। जो जीविका दीदी के मौजूदगी में भी लूटपाट हो रही है। मामले में कल्याण पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी को इसकी जांच करनी चाहिए। विधायक ने बताया कि मैं स्कूल में पहुंचा तो सचिवालय का टीम कमीशन लेने आए थे।

## विकसित भारत 2027 पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)



जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से विकसित भारत 2047 विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार कल शाम संपन्न हो गया। यह इस विश्वविद्यालय का दूसरा आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित संगोष्ठी हैं जिसमें देश के 17 राज्यों के अलग अलग विश्वविद्यालय से शोधकर्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी के चार सत्रों में कुल 65 शोध पत्र पढ़े गए जिसमे सेमिनार का स्मारिका का भी विमोचन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एम के सिंह ने बताया कि यह पॉलिसी बच्चों को हर स्तर पर मदद करेगी। अगर किसी छात्र की पढ़ाई बीच में रुक भी जाती है तो उसको भी डिग्री मिलेगा और ये सबसे अच्छी बात है। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. जगदीश सिंह ने बताया कि पढ़ाई के हर क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति मददगार होगी और रोजगार के नए अवसर आयेंगे। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ कुमार आलोक ने राष्ट्रिय शिक्षा नीति के महत्व को बताया। समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक, मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, डॉ नागेंद्र कुमार सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और विकसित भारत के महत्त्व को बताया जिसमें महिला सशक्तिकरण और आधारभूत संरचना के विकास की जानकारियों से संगोष्ठी में मौजूद सभी शोधकर्ताओं और छात्रों को अवगत किया। डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस विश्वविद्यालय में लगातार दो सालो से आईसीएसएसआर सेमिनार कराया जा रहा है जिससे शिक्षा के स्तर में काफ़ी वृद्धि होगी। पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष और सेमिनार के संयोजक डॉ अमित कुमार सिंह बताया कि हमारे विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हम बिहार में आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित सेमिनार कर रहे हैं और इस तरह के सेमिनार से विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी। देश के हर कोने से जुड़े प्रतिभागी इस कार्यक्रम के साक्षी बने। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण, संकाय अध्यक्ष, विभागध्यक्ष, शिक्षक और विद्यार्थी जुड़े।

## आदेश के बाद भी समितियों का सदस्य नहीं बनने से किसान चिंतित

**निज संवाददाता** | करगहर/रोहतास

बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार द्वारा प्राथमिक कृषि साख समितियों में पैक्स अध्यक्षों व सदस्यों के चुनाव के लिए आगामी नवंबर माह में घोषणा की गई है। कृषि साख समितियों में सदस्य बनने के लिए वर्षों से आस लगाएं किसानों की उम्मीदों पर पानी तब फिर गया। जब वे सदस्य बनने के लिए प्राधिकार में अपील दायर किया था लेकिन अपील का निष्पादन नहीं किया गया। किसान अनिल कुमार राय, गिरजेश कुमार राय, राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, नरेंद्र यादव, राजेश कुमार, मनोज कुमार, अभय कुमार, संजय कुमार आदि ने बताया कि जब पैक्स अध्यक्षों द्वारा उन्हें कृषि साख समितियों का सदस्य बनने से वंचित किया गया तो इसकी शिकायत वे सहकारिता मंत्री व मुख्यमंत्री से की। जिसके आलोक में सरकार द्वारा यह आदेश जारी किया गया कि किसान कृषि साख समितियों का सदस्य बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करें। उन्होंने बताया कि जिला में 4000 से अधिक किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया। उक्त आवेदन पत्र बीसीओ द्वारा संबंधित पैक्स अध्यक्षों को अनुशंसा कर भेजा गया लेकिन उन्होंने आवेदन पत्रों पर मनगढ़ंत आरोप लगाकर अस्वीकृत कर दिया। जिसके विरुद्ध किसान प्राधिकार के कार्यालय में अपील दायर किया। प्राधिकार द्वारा पैक्स अध्यक्षों व किसानों को सुनवाई के लिए बुलाया गया। किसान उपस्थित रहे लिए पैक्स अध्यक्ष उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि प्राधिकार द्वारा 60 दिनों के अंदर सुनवाई समाप्त करना था। ऐसे में बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार द्वार चुनाव की घोषणा करते हुए। कहा गया है कि आगामी 30 सितंबर तक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का सदस्य नहीं बनने वाले सदस्य मतदान से वंचित किए जाएंगे। प्राधिकार के इस घोषणा से किसान काफी चिंतित व परेशान हैं। उन्होंने बताया कि प्राधिकार द्वारा उनके अपील को मंजूर नहीं कर मतदान से वंचित किया गया है। उन्होंने सहकारिता मंत्री व बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार से मांग की है कि उन्हें सदस्य बनाए जाने तक चुनाव की तिथि बढ़ाई जाए।

## नाइट म्यूजियम कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने किया धमाल

**निज संवाददाता** | नोखा (रोहतास)।

नगर परिषद नोखा के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा पर आयोजित नाइट म्यूजियम कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने धमाल किया। इस मौके पर स्कूली छात्रों द्वारा एक से बढ़कर एक स्वच्छता के प्रति नित्य, संगीत, नुक्कड़ नाटक प्रसूत किया। लोगों को दिखाया की स्वच्छता क्यों जरूरी है। स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर के इसका आयोजन किया गया। नगर परिषद नोखा में स्थित डा अंबिका प्रसाद सिंह राधिका कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में नगर परिषद में स्थित स्कूल के छात्रों द्वारा ने प्रतिभा को दिखाई। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घटन बिहार सरकर के पूर्व मंत्री सह नोखा विधायक अनिता देवी ने किया। इस मौके पर नगर परिषद सभापति राधेश्याम सिंह, उपसभापति धनजी सिंह, कार्यपालक अधिकारी अमित कुमार और नगर परिषद के ब्रांड एंबेसेडर राजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। नगर परिषद नोखा में स्थित जे एस इंटरनेशनल स्कूल, ऑक्सन कन्वेंट स्कूल, जेएमडी विद्यालय, नेशनल पब्लिक के अलावा कई स्कूल के छात्रों ने भाग लिया। आकर्षण का केंद्र रहा सर्वोदय मध्य विद्यालय के छात्रों ने बिहार गौरव गीत और स्वच्छता के प्रति लोगों को जगरूक करते हुए नुक्कड़ नाटक और गीत संगीत के मध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति संदेश दिया। और अपने नाटक के मध्यम से बताया की किस तरीके से बिहार में माहापुरुष हुए हैं। बिहार के लोग पर्व छठ घाट, जो की सफाई का प्रतिक मना जता है। इस मौके पर वार्ड पार्षद एव कई गण्यमान् व्यक्ति मौजूद रहे।

## थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

» हिंदू व मुस्लिम दोनों संप्रदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि पूजा में किसी तरह की हुरदंग नहीं होनी चाहिए। अगर इस तरह का कोई हिमाकत करता है तो उसके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**निज संवाददाता** | कोचस (रोहतास)



आगामी दुर्गा पूजा को शांति माहौल में मानने को लेकर कोचस थाने मे शांति समिति की बैठक गुरूवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा एव प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपचंद जोशी ने सामुहिक रूप से की। बैठक में आसपास के बुद्धिजीवी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। अपने संबोधन में प्रखंड विकास पदाधिकारी दीप चंद्र जोशी ने कहा कि विजयादशमी हिंदू समाज का मुख्य पर्व है इस पर्व को सभी आपसी भाईचारे व सौहार्द वातावरण में मनाए। उन्होंने हिंदू व मुस्लिम दोनों संप्रदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि पूजा में किसी तरह की हुरदंग नहीं होनी चाहिए। अगर इस तरह का कोई हिमाकत करता है तो उसके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में किसी प्रकार का डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा, पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा की पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ ना हो एवं सरकार द्वारा जारी किए गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाए। पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। पुलिस पर्व के दौरान हर पूजा पंडाल पर अपना पैनी नजर रखेगी। जो भी असामाजिक तत्व के लोग मेला में अशांति फैलाते हैं और जो सौहार्द को बिगड़ते हैं इसकी सूचना अभिलंब थाना व प्रशासन को दें। बैठक मे स्थानीय बुद्धिजीवी व जनप्रतिनिधि के साथ पुलिस प्रशासन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पूमरे द्वारा पर्यटन को बढ़ावा, सुविधाओं में हो रहा विस्तार

**निज संवाददाता** | हाजीपुर (वैशाली)।

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल ने क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों को बेहतर ढंग से जोड़ने और पर्यटकों को उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए व्यापक योजनाओं की शुरुआत की है। इस साल 27 सितंबर को मनाए जा रहे विश्व पर्यटन दिवस का उद्देश्य पर्यटन के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक महत्व पर ध्यान केंद्रित करना है। पूर्व मध्य रेल ने भी इस मौके पर अपनी सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं ताकि पर्यटकों को न केवल यात्रा के दौरान बल्कि पर्यटन स्थलों पर भी आरामदायक और सुगम अनुभव मिल सके। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उन्नत सुविधाओं का विस्तार पर्यटकों की यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 92 स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस योजना का उद्देश्य दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ रेलवे स्टेशनों का विकास करना है, जिसमें स्टेशन परिसर का पुनर्निर्माण, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, प्रसाधन, लिफ्ट/एस्केलेटर, चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी), पार्किंग और पर्यावरण अनुकूल भवन शामिल हैं। इसके साथ ही हरित ऊर्जा का उपयोग करके पर्यावरण को सुरक्षित रखने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उच्च स्तरीय यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउंज और अंतरराष्ट्रीय मानक के साइनेज का भी प्रावधान किया जा रहा है। प्रमुख स्टेशनों पर पर्यटकों की जानकारी के लिए टूरिस्ट डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य के बारे में विस्तृत जानकारी मिल सके।

पर्यटन स्थलों तक आसान पहुंच पूर्व मध्य रेल के सेवित क्षेत्र में कई प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन स्थल हैं, जिनमें वैशाली, बोधगया, राजगीर, पटना, नालंदा, सीतामढ़ी और पारसनाथ शामिल हैं। इन सभी स्थानों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने का काम किया गया है ताकि देश और दुनिया भर से आने वाले पर्यटकों को आसानी से इन स्थलों तक पहुंचने की सुविधा मिल सके।

**वैशाली:**

वैशाली, जिसे विश्व के पहले गणराज्य के रूप में जाना जाता है, बौद्ध और जैन धर्म के अनुयायियों के लिए एक प्रमुख तीर्थस्थल है। यह शहर प्राचीन समय से ही सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। पर्यटकों की आसान पहुंच के लिए वैशाली को राजधानी पटना से हाजीपुर होते हुए रेल नेटवर्क से जोड़ा गया है, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को कोई कठिनाई न हो।

**बोधगया:**

बिहार के गया जिले में स्थित बोधगया बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए एक पवित्र स्थल है, जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। यहां महाबोधि मंदिर और बोधि वृक्ष जैसे महत्वपूर्ण स्थल हैं। बोधगया को पटना और कोलकाता सहित अन्य प्रमुख शहरों से ट्रेन के माध्यम से जोड़ा गया है, जिससे दूर-दूर से पर्यटक आसानी से यहां पहुंच सकते हैं। इसके अलावा गया का विष्णुपद मंदिर भी प्रमुख तीर्थस्थल है, जहां पितृ पक्ष के दौरान बड़ी संख्या में लोग पिंडदान करने आते हैं।

**राजगीर:**

राजगीर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थान बिहारशरीफ स्टेशन से करीब एक घंटे की दूरी पर स्थित है। यहां की हरी-भरी पहाड़ियां और गर्म जल कुंड पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। राजगीर को भी भारत के कई शहरों से रेलवे नेटवर्क द्वारा जोड़ा गया है।

**पटना:**

बिहार की राजधानी पटना, जिसे प्राचीन काल में पाटलिपुत्र के नाम से जाना जाता था, आज भी अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। गंगा नदी के किनारे स्थित पटना का प्राचीन इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर इसे खास बनाते हैं। गोलघर, पटना म्यूजियम, हर मंदिर तख्त और कुम्हरार जैसे कई स्थल पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र हैं।

**नालंदा:**

नालंदा, जो प्राचीन भारत के सबसे प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में से एक था, शिक्षा और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है। नालंदा को पटना और बोधगया से रेल सेवा के माध्यम से जोड़ा गया है। इस प्राचीन विश्वविद्यालय की स्थापना और इसके महत्व का वर्णन चीनी यात्री ह्वेनसांग ने अपने लेखों में विस्तार से किया है।

**पारसनाथ:**

झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित पारसनाथ पर्वत जैन धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत पूजनीय स्थल है। यहां संगमरमर का भव्य जैन मंदिर स्थित है, जिसे जल मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह पर्वत शिखर झारखंड का सबसे ऊंचा शिखर है और इसे रेल सेवा के माध्यम से आसानी से पहुंचा जा सकता है। धार्मिक और सांस्कृतिक मेलों का केंद्र पूर्व मध्य रेल के क्षेत्र में कई धार्मिक स्थल और मेला स्थल भी स्थित हैं, जहां हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक एकत्र होते हैं। इनमें प्रमुख हैं:

**सोनपुर मेला:**

हर साल कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोनपुर में एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला आयोजित होता है, जिसे हरिहर क्षेत्र मेला के नाम से जाना जाता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु और पर्यटक शामिल होते हैं, जो गंगा और गंडक नदियों के संगम पर पवित्र स्नान करते हैं और बाबा हरिहरनाथ के मंदिर में जल चढ़ाते हैं। रेलवे भी इस मेले के दौरान अपनी सेवाओं का विस्तार करता है और अपने विभिन्न विभागों की गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रदर्शन करता है।

**दिघवारा:**

दिघवारा का माँ अम्बिका भवानी मंदिर, जो शक्तिपीठों में से एक है, श्रद्धालुओं के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय है। यहां सालों भर श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन शारदीय नवरात्र और रामनवमी के अवसर पर यहां विशेष मेला लगता है, जिसमें भारी संख्या में लोग भाग लेते हैं। दिघवारा रेलवे स्टेशन से यह मंदिर कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे यहां पहुंचना बेहद आसान हो गया है।

## दो टेंपो आपस में टकराए तीन घायल, एक की मौत

**निज संवाददाता** | दावथ (रोहतास)

थाना क्षेत्र के डोमा डिहरी मोड़ के पास नेशनल हाईवे पर दो आटो रिक्शा आपस में टकरा गए जिसमें एक ही गांव के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष दावथ कृपाल जी ने बतलाया कि किशन कुमार पिता उधारी पासवान, छठु गुप्ता पिता भोला गुप्ता तीनो ग्राम सेमरी (दावथ) जख्मी हो गए थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल से गुजरती ट्रेनों में विविधि वस्तुओं के बिक्री हेतु ई—नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है —

**1. AA/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के DDU-MPO सेक्शन, SSM-ARA सेक्शन, और BD सेक्शन में सभी पैसेंजर ट्रेनों (सुपरफास्ट, मेला एक्सप्रेस, ऑर्डिनरी और DEMU/MEMU) (राजधानी, शताब्दी, वन्दे भारत, दूरंतो और सामान स्पेशल ट्रेनों को छोड़कर) में लैपटॉप और मोबाइल उपकरण, कृत्रिम आभूषण और अन्य, सौंदर्य प्रसाधन, घड़ियाँ, रुमाल, होजरी, टॉयलेट्रीज, स्टेशनरी, किताबें और समाचार पत्र, शो पिस, जूते, खिलौना, आंखों के वस्त्र और चस्मा, बैग, लॉक इत्यादि जैसी विभिन्न विविध वस्तुओं (खाद्य एवं PDW वस्तुओं को छोड़कर) की वेंडिंग का कॉन्ट्रैक्ट 03 वर्षों के लिए। **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** NFR-HyB-DDU-05, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** HyB-OnB-90679-24-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 14.10.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**2. वेबसाइट का पता जहाँ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in** (E-auction Leasing)

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/01218/डीडीयू/वा०/एन/24—25/40**

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई—निविदा सूचना**

**No.- RS-U-LRepair-BOXNHL-DDU**
**Date: 25.09.2024** व०मं०यॉ०अभि० (समाडि)/पू०म०रे०/डी०डी०यू०, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ठीकेदार से खुली ई—निविदा (दो पैकेट प्रणाली दो चरण रिवर्स नीलामी) सं० RS-U-LRepair-BOXNHL-DDU दिनांक 25/09/2024 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है :—

**01. कार्य का विवरण :** डीडीयू में अनलोडेवल वॉक्सएनएचएल और अन्य एस एस वैगनों की भारी वॉडी मरम्मत का कार्य। **02. कार्य का अनुमानित मूल्य :** Rs. 122,07,03,,920.70/- रूपया एक सौ वाईस करोड़ सात लाख तीन हजार नौ सौ बीस एवं सत्तर पैसा मात्र। **03. धरोहर राशि :** Rs. 62,53,500/- रूपया बासठ लाख तिरपन हजार पाँच सौ मात्र। **04. बोली पूर्व बैठक की तिथि एवं समय :** 03/10/2024 12:00 hrs., **05. निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि : ई—निविदा दिनांक :** 11/10/2024 से 25/10/2024 तक समय 15:00 बजे तक। **06. वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता :** IREPS Website:- www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual offer स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

**नोट :** विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

**मं० यॉ० अभि० (समाडि)**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/01214/डीडीयू/यॉ०/टी/24—25/40**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# डीएम के जनता दरबार में लगी फरियादियों की भीड़ कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

निज संवाददाता | नवादा




जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन हुआ। जनता दरबार में कुल 43 आवेदन आया जिसमें कई मामलों का जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी से बात कर ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। आज की जनता दरबार में राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत, नल-नल, भूमि विवाद, मार-पीट, राजस्व एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। जनता दरबार में थाना-नवादा, महल्ला-इस्लाम नगर, वार्ड नं0-31 के मो0 शैकुल आलम खान के द्वारा जमाबंदी के संबंध में, प्रखंड-अकबरपुर, पंचायत-सकरपुरा, थाना सं0-175, मौजा-सकरपुरा के दीपक कुमार द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में, थाना-नवादा सदर, साकिन-बुधौल बेलदरिया के पंकज कुमार द्वारा जमाबंदी के संबंध में, थाना-नारदीगंज, ग्राम-कोशला के छोटे लाल विश्वकर्मा द्वारा आवेदन का जॉच नहीं करने के संबंध में, अंचल-मेसकौर, ग्राम-बिजू विगहा के ग्रामीण जनता के द्वारा मनरेगा से संबंधित जॉच के संबंध में, थाना-नवादा, ग्राम-कुरमा के बृजनन्दन मिस्त्री द्वारा बृद्ध दम्पत्ति के भरण-पोषण के संबंध में, थाना-मुफस्सिल, पो0-असाढ़ी, ग्राम-भगवानपुर के प्रेमचन्द्र कुमार और रविन्द्र कुमार द्वारा अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में, प्रखंड-नवादा सदर, महल्ला-गोंदापुर के मणिहर्ष द्वारा जमीन अतिक्रमण के संबंध में अपना-अपना आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष दिया गया। जिलाधिकारी ने कुछ आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया तथा अन्य आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिये। सभी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी तरह के समस्याओं का निष्पादन होता है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी से बात कर अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया जाता है। निष्पादन संबंधी प्रतिवेदन मुख्यालय में भेजने का निर्देश दिया जाता है ताकि सभी समस्याओं का हल ससमय हो। जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता नवादा चन्द्रशेखर आजाद, प्रभारी पदाधिकारी जिला स्थापना शाखा श्री शशांक राज, गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार के साथ-साथ विकास कुमार, अंकिता कुमारी आदिउपस्थित थे।

## न्यूज बाइट्स

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी का आयोजन




**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड के सरौनी गांव में प्रभातफेरी एवं साफ सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए नेहरू युवा केन्द्र के प्रखण्ड समन्वयक पंकज विश्वकर्मा ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र नवादा के जिला युवा अधिकारी ईशा गुप्ता के निर्देश पर युवाओं की टोली ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सरौनी गांव अवस्थित सामुदायिक भवन से होते हुए विभिन्न टोलों से आँगनबाड़ी केंद्र तक श्रमदान से सफाई अभियान एवं प्रभातफेरी निकालकर स्वच्छता के प्रति संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र की ओर से श्रम दान कर युवाओं व समुदाय में सामूहिक प्रयास से सेवा की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने कई स्थानों से प्लास्टिक और कचड़ा एकत्रित कर सफाई की तथा झाड़ू लगा कर पूरे गाँव को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। वहीं गांव के सक्रिय युवा मंडल ने भी अपने-अपने गांव में 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही अभियान चला कर स्वच्छता का संदेश आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### स्कूली वाहन ने बच्चा को रौंदा, मौत

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** कौआकोल थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा पंचायत अंतर्गत पचम्बा गांव में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में एक पांच वर्षीय बच्चा की दर्दनाक मौत हो गई। बच्चा खेलने के दरम्यान एक स्कूली वाहन के चपेट में आ गया। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन ज्ञानदा पब्लिक स्कूल सोखोदेवरा का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बालक की पहचान जमुई जिला के चन्द्रदीप थाना के तेलार गांव निवासी धनेश्वर मांझी के पुत्र दिलखुश कुमार के रूप में की गई है। जो पचम्बा गांव में अपने ननिहाल आया हुआ था। जानकारी के अनुसार गांव की सड़क पार करने के दरम्यान वह स्कूली वाहन के चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में स्वजनों द्वारा उसे कौआकोल पीएचसी लाया जाने लगा, परन्तु रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया तथा मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है।

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**नारदीगंज (नि.सं.)।** राजगीर बोधगया राजमार्ग पर वनगंगा के समीप शुक्रवार की दोपहर में ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। इस घटना में बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गया जिले के बथानी निवासी सरयू बरैय का 46 वर्षीय पुत्र श्रीकांत कुमार बताया गया है। घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में लाया गया। तब चिकित्सक ने इलाज किये, और बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, वहां इलाज के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया। इसी बीच उसे लेकर जाने के दौरान रास्ते मौत हो गई। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार गया जिले के बथानी निवासी श्रीकांत कुमार बाइक से अपनी पुत्री का फार्म भरने के लिए इंटर कॉलेज नारदीगंज अपने घर से से जा रहा था, इसी बीच जब वह बाइक से वनगंगा पहुंचा, और बाइक रोककर सड़क किनारे बात कर रहा था, तभी ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे वह जख्मी हो गया। तभी 112 ( दो) पर एसआई आफताब खान, सैन्य चालक धनन्जय कुमार, बीपीसी नित्यानंद ने वाहन को रोक दिया,और जख्मी हालत में उसे सीएचसी नारदीगंज लेकर आये, और घटना की जानकारी उसके परिवार को दिए। जख्मी हालत में सीएचसी में इलाज के बाद चिकित्सक ने सदर अस्पताल नवादा भेज दिया, जहां इलाज के बाद डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया, उसे इलाज के लिए ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त दोनों वाहन को जब्त कर लिया है।

### 24 घंटे के अंदर 41 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा (नि.सं.)।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 26 सितम्बर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 02, अनुसूचित जाति/जनजाति में 03, पुलिस पर हमला में 02, हत्या के प्रयास में 02, मद्य निषेध में 11 एवं अन्य गिरफ्तारी 21 कुल 41 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 408.02 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 30 है। वाहन जांकच के क्रम में कुल 502 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 99 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 04, ट्रक 02, गांजा 02.03 किलोग्राम, तसला 06, चुलाई मशीन 01, गैस सिलेंडर 01 एवं गैस चुल्हा 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर दिग्भ्रमित न हों उपभोक्ता : एईई

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज के अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं के घरों मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल करवाना अनिवार्य है। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो वे बिलिंग साइकिल से छूट जाएंगे और उनका बिजली कनेक्शन स्वतः कट जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की मीटर इंस्टालेशन के दौरान विद्युत विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों से उपभोक्ताओं ने अपनी ओर से स्मार्ट प्रीपेड मीटर में गहरी दिलचस्पी दिखाते हुए कई सवाल पूछे, जिसका जवाब पाकर वे संतुष्ट दिखे और विश्वास दिलाया कि अपने-अपने घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल करने की दिशा में वे तेजी से कदम बढ़ाएंगे। बता दें की बिजली उपभोक्ताओं को बताया गया कि कैसे स्मार्ट प्रीपेड मीटर उनके लिए फायदेमंद है और घर बैठे कैसे आसानी से उसे ऐप या फिर गूगल पे के जरिये रिचार्ज कर सकते हैं। ऐप और गूगल पे के जरिये स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज करने की प्रक्रिया को भी उन्हें विस्तार से बताया गया और साथ ही बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर पूरी तरह से निःशुल्क इंस्टॉल किया जा रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा क्षेत्र भ्रमण मे पाया जा रहा है की जिन उपभोक्ताओं के घरों में पहले से ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल हो चुके थे, उन्होंने भी स्वीकार किया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के इंस्टाल होने के पश्चात उन्हें अपने घरों में बिजली को सही तरीके से नियंत्रित करके बचत करने में आसानी हो रही है। इसके अलावा उन्हें रिचार्ज के लिए अब बिजली ऑफिस का चक्कर काटना नहीं पड़ रहा है।सहायक विद्युत अभियंता ने उपभोक्ताओं को यह भी जानकारी दी गई कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के जरिये बिजली बिल के लिए एकमुश्त जमा की जाने वाली राशि पर उन्हें ब्याज प्राप्त करने का भी अवसर प्राप्त हो रहा है और ब्याज दर बैंकों की ब्याज दर से कहीं ज्यादा है। 2000 रुपये से अधिक का रिचार्ज करने पर 6.75 प्रतिशत ब्याज दर प्राप्त होगा, इसी तरह तीन माह की खपत के बराबर एकमुश्त रिचार्ज करने पर 7 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा और छह माह की अवधि का एकमुश्त रिचार्ज करने पर 7.25 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। इतना ही नहीं ऑनलाइन रिचार्ज कराने पर 1 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी।

## अनुमंडलीय अस्पताल में मिल रहे एक्सपायर्ड दवाई, मरीज की बढ़ रही परेशानी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल कहने को तो कागजों पर ट्रामा सेंटर है। किंतु इस अस्पताल में मरीजों के जीवन के साथ अक्सर खिलवाड़ किया जाता रहा है। अस्पताल अपनी कमियों और लापरवाहियों की वजह से अखबार और टीवी चैनलों के अलावे विभिन्न न्यूज़ पोर्टल पर सुर्खियों में रह रहा है। उसके बावजूद नवादा सिविल सर्जन, प्रभारी डीएस एवं रोगी कल्याण समिति मौन धारण किये हुए हैं। बीते गुरुवार की दोपहर रजौली बाजार निवासी सुनील कुमार अपना इलाज कराने ओपीडी में पहुंचते हैं। जहां अस्पताल में ड्यूटी में रही चिकित्सक डॉ. निवेदिता द्वारा मरीज से पूछताछ के बाद जरूरी दवाइयां लिख दी जाती है। मरीज चिकित्सक से मिलने के बाद दवाई काउंटर पर जाकर दवाई लेने के लिए लंबी लाइन में खड़े रखकर दवाई लेता है और घर चला जाता है। वहीं जब घर जाकर दवाई की एक्सपायरी डेट की जांच करता है, तो पता चलता है कि दवाई बीते वर्ष 2023 के दिसम्बर माह में ही एक्सपायर्ड हो चुकी है। अब सोचने बाली बात है कि बीते 9 माह से मरीजों को एक्सपायर्ड दवाई फार्मासिस्ट द्वारा बेरोकटोक दिया जा रहा है। यह अंदाजा लगाना बहुत मुश्किल है कि अब तक अस्पताल के फार्मासिस्ट द्वारा कितनों मरीजों को एक्सपायर्ड दवाई दिया जा चुका होगा। मरीज बतातें हैं कि फार्मासिस्ट द्वारा दवाई के पत्ते को काटकर 3 से 6 गोली काटकर दिया जाता है, जिसमें दवाई के एक्सपायर्ड डेट नहीं दिख पाते हैं। इस बाबत पर नवादा सिविल सर्जन के मोबाइल पर कॉल करने किसी ने कहा कि मैडम मीटिंग में हैं। बाद में बात हो पाएगी।

## युवा महोत्सव में सैकड़ों प्रतिभागियों ने लिया भाग

निज संवाददाता | नवादा




कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन नवादा के सहयोग से दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आज पहला दिन नगर भवन, नवादा में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कलाकारों का चयन के लिए कार्यक्रम नगर भवन नवादा में 10:00 बजे पूर्वा0 से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पदाधिकारी, नवादा आशुतोष कुमार वर्मा के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का निबंधन किया गया। आज विभिन्न विधाओं में से चित्रकारी, कहानी, कविता, छायाचित्र, मूर्तिकला एवं एकांकी नाटक का ऑडिशन लिया गया जिसमें लघु एकांकी नाटक-01 टीम, कहानी लेखन-01, चित्रकारी-11 एवं छायाचित्र-02 कुल 15 प्रतिभागियों ने अपना निबंधन कराया। कल दिनांक 28.09.2024 को लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय गायन, लोक गीत एवं वाद्य वादन का निबंधन किया जायेगा। जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर युवा महोत्सव आयोजित किया गया है जिले के जितने भी प्रतिभागी हैं, उन्हें अपने कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा और प्रथम स्थान लाने वाले प्रतिभागी को राज्य स्तर पर भी अवसर दिया जायेगा ताकि वे अपना कला का प्रदर्शन और आगे कर सके। दिनांक 28.09.2024 को युवा महोत्सव-2024 के अवसर पर जीतने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने बताया कि दिनांक 27 सितम्बर से प्रारंभ होकर 28 सितम्बर 2024 तक आयोजित होनेवाले इस युवा महोत्सव के लिए विभिन्न विधाओं में सहभागिता के लिए सभी प्रतिभागिताओं की आयु सीमा 15 वर्ष से 29 वर्ष तक सुनिश्चित की गई है। आयु की गणना 30 सितम्बर 2024 के आधार पर की जायेगी। उन्होंने उक्त दोदिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव को सफल बनाने के उद्देश्य से वर्णित आयु वर्ग के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता नवादा चन्द्रशेखर कुमार, गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जिला स्थापना शाखा शशांक राज, परिक्ष्यमान वरीय उपसमाहर्त्ता-सह-प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, शिक्षक विजय शंकर पाठक के साथ साथ बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

## बदमाशों ने युवक के पेट में घोंपा चाकू, जख्मी हालत में अस्पताल में कराया गया भर्ती

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



थाना क्षेत्र के इंटर विद्यालय नारदीगंज के समीप पांच की संख्या में रहे बदमाशों ने एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया,उसके बाद उसके गले से सोने की चैन छीन कर भाग जाने की बात कही जा रही है। जख्मी की पहचान दलेलपुर निवासी रामनंदन प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के रूप में की गई है। जख्मी हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में लाया गया है। यह घटना शुक्रवार को दस बजे के आसपास होने की बात कही गई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने जख्मी सोनू से पूछताछ किया है। जख्मी युवक सोनू कुमार ने बताया की मैं अपने घर से नारदीगंज बाजार बाइक से जा रहे थे। इसी बीच जब इंटर विद्यालय नारदीगंज के समीप पहुंचा था कि तभी पांच की संख्या में रहे बदमाशों ने बाइक को रोककर दिया, और चारों ओर से घेरकर गाली गलौज करने लगा, कहा कि तुम बालू चेकर का कार्य करता है, हमलोग का पेट में लात मार दिया है, और मारपीट करने लगा,इसी बीच बदमाश ने मेरे वायें पंजरे में चाकू मार दिया, जब पुनःचाकू चलाया तब हाथ से रोकने का प्रयास किया, जिससे आंशिक तौर पर अंगुली भी कट गया है। उसके बाद उनलोगों ने मेरे गले से सोने का चैन भी छीन लिया है।

## डीएम ने मनरेगा योजना से सबंधित समीक्षा बैठक में दिया आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता | नवादा

जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को निर्देश दिया कि पेड़ लगाने के साथ-साथ उन्हें संरक्षित करने की भी व्यवस्था करें। उन्होंने दिव्यागजनों की सूची प्राप्त कर सत्यापन कराते हुए दिव्यांगजनों को आवास का लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंगे। अमृत सरोवर तालाबों को चिन्हित कर मानक के अनुरूप कार्य कराने का निर्देश दिया गया। आधार सिडिंग के समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि मनरेगा कार्ड का सत्यापन करते हुए आधार सिडिंग कराना सुनिश्चित करेंगे। काशीचक में सबसे कम आधार सिडिंग होने पर जिलाधिकारी द्वारा शत्-प्रतिशत आधार सिडिंग कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिनकी मृत्यु हो चुकी हो अथवा जो अपात्र लोगों का कार्ड बनाया गया है, वैसे कार्डों को डिलिट कर दिया जाय। उन्होंने सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को मनरेगा कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में खेल का मैदान बनना है, इसको लेकर निर्देश दिया गया कि अतिशीघ्र कार्यों को पूर्ण करेंगे।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को ग्रामीणों ने मारपीट कर जबरन छुड़ाया

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत के चपहेल गांव में वनकर्मियों द्वारा एक अवैध बालू उत्खनन कर ट्रैक्टर को जब्त कर लाया जा रहा था। इसी बीच बालू माफिया के उसकावे पर ग्रामीण वनकर्मियों पर लाठी-डंडे आदि लेकर टूट पड़े। इस दौरान वनकर्मियों ने इधर-उधर भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। वहीं जब्त बालू लदे ट्रैक्टर को बालू माफियाओं ने ग्रामीणों के सहयोग से लेकर फरार हो गए। रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को दैनिक गश्त के क्रम में वनपाल पंकज कुमार एवं वनपाल रवि कुमार के अलावे वनरक्षी संजीत कुमार, सुनील कुमार, संजीव कुमार, रवि कुमार, रंजन कुमार व संजय कुमार द्वारा अवैध उत्खनन में जुटे बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। जब्त बालू लदे ट्रैक्टर को रेंज ऑफिस लाने के क्रम में चपहेल गांव के समीप बालू माफिया बालमुकुंद यादव के उसकावे पर ग्रामीणों ने हाथ में लाठी-डंडे लेकर वनकर्मियों के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान बालमुकुंद यादव ले अलावे लल्लू यादव, चन्दन यादव, छोटू पासवान, फांकी राजवंशी एवं अशोक यादव अज्ञात लगभग 50 ग्रामीण शामिल थे। वनकर्मियों ने किसी प्रकार इधर-उधर भागकर अपनी जान बचाई। उक्त भीड़ ने वनकर्मियों द्वारा जब्त किए गए बालू लदे ट्रैक्टर को लेकर भाग खड़े हुए। रेंजर ने बताया कि मारपीट एवं जब्त ट्रैक्टर को छुड़वाने को लेकर वनपाल पंकज कुमार द्वारा बालमुकुंद यादव के अलावे पांच लोगों को नामजद एवं 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## डीएम ने किया निर्वाचन से संबंधित बैठक

» प्रस्तावित सूची पर उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के द्वारा सहमति दी गई

निज संवाददाता | नवादा



नवादा मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण को लेकर जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मानक 1500 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर युक्तिकरण का कर लिया गया है, जिसमें 237-नवादा विधान सभा में बूथ संख्या-314 पटेल भवन के दायां भाग के उत्तरी भाग, 329-नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, सूर्यमंदिर नवादा मध्य भाग, 348-उर्दू प्राथमिक विद्यालय, अंसार नगर, नवादा का कार्यालय शामिल है। साथ ही जीर्ण-शीर्ण भवन वाले मतदान केंद्रों को नए भवन में स्थानांतरित किया गया है, जिसमें 238-गोविंदपुर विधान सभा में बूथ संख्या-38 मध्य विद्यालय रोह, पूर्वी भाग, 39-मध्य विद्यालय रोह पश्चिमी भाग शामिल है। प्रखंड कौआकोल में बूथ संख्या-219 प्राथमिक विद्यालय बारावाडीह उत्तरी भाग, 220-प्राथमिक विद्यालय बर्वाडीह दक्षिणी भाग, 300-डॉ0 भीमराव अम्बेदकर भवन प्रखंड परिसर कौआकोल बूथों का परिवर्तन किया गया। साथ ही बताया गया कि प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूची आयोग को उपलब्ध कराया जाना है। प्रस्तावित सूची पर उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के द्वारा सहमति दी गई। बैठक में 239-वारिसलीगंज विधान सभा क्षेत्र से माननीय विधायिका के प्रतिनिधि, बहुजन समाज पार्टी नवादा, भाजपा, जदयू, लोजपा, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, इंडियन नेशनल कॉग्रेस आदि के साथ-साथ उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, डीसीएलआर नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर/रजौली, उप निर्वाचन पदाधिकारी के सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्टॉल लगाकर चलाया गया भाजपा सदस्यता अभियान

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड स्थित स्टेट बैंक शाखा के बाहर स्टॉल लगाकर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि 2 सितंबर से हर दिन भिन्न-भिन्न स्थानों, पंचायतों, बूथों पर घर-घर जाकर रजौली भाजपा के सदस्यों ने आम-आवाम को मिस्ड कॉल नंबर 8800002024, स्केनर, नमो एप, पार्टी का बेवसाईट एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र में ऑफलाइन रसीद के माध्यम से पार्टी का सदस्य बना रहे है। रजौली में सप्ताहिक हाट प्रत्येक शुक्रवार को लगता है। प्रत्येक शुक्रवार को रजौली भाजपा कार्यकर्ता हाट चौक पर स्टॉल लगाकर एक बड़ी संख्या में स्थानीय क्षेत्रवासियों को सदस्य बना रहे हैं। सदस्यता अभियान में पार्टी के लक्ष्य को पूरा करने में रजौली भाजपा के कार्यकर्ता एक टोली बनाकर अलग-अलग गांव व कस्बों में जाकर पार्टी के विचारधारा, अपने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किये गये कार्यों के विषय में अवगत कराते हुए सदस्य बना रहे है। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हम सभी रजौली भाजपा के सभी कार्यकर्ता पार्टी के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान को गति देने में हर दिन प्रयासरत है। हम सबों की कोशिश है कि जितना ज्यादा से ज्यादा आम-आवाम को पार्टी के विचारधारा, सदस्यता से जोड़ें। इस मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य रंजन कुमार बब्लू, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह जिला प्रवक्ता प्रमोद कुमार, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य विमल राजवंशी, मंडल महामंत्री संतोष वर्मा, रजौली सदस्यता प्रभारी अमन कुमार, सह प्रभारी सुनील कुमार, रेखा देवी, संजय कुमार बंटी, देवेन्द्र प्रसाद दीवान, नवीन कंधवे, आकाश कुमार, नीरज कुमार मंटू, लल्लू कुमार, रंजेश कुमार, कंचन कुमार, गप्पू सिंह, कारू साव, बब्लू पंडित, राहुल पांडेय, कंचन कुमार, रंजीत कुमार, संदीप कुमार, रामभजन प्रसाद, महेन्द्र सिंह रजौली भाजपा परिवार उपस्थित थे।

## देशी शराब जब्त, धंधेबाज हुआ फरार

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** अनुमंडल क्षेत्र बिक्रमगंज के प्रखंड क्षेत्र काराकाट से पुलिस ने किया शराब बरामद। रोहतास पुलिस द्वारा शराब धंधेबाजों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत गुरुवार को रात्रि में पुलिस के हाथों पंद्रह लिटर देशी महुआ शराब की बरामदगी की गई।

**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

(बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद, पिन कोड–824101)
(ssa.aurangabad@gmail.com) (www.bepssaaurangabad.org)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना-10/Aurangabad/2024-25

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए बिहार शिक्षा परियोजना औरंगाबाद अंतर्गत जिले में कुल 28 विद्यालयों हेतु **अतिरिक्त वर्ग कक्ष** के निर्माण हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की अंतिम तिथि 08.10.2024 तक है। निविदा से सबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट https://eproc2.bihar.gov.in/EPSV2Web/ पर उपलब्ध है। उक्त सूचना जिला के NIC वेबसाइट *(aurangabad.bih.nic.in)* एवं बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद के वेबसाइट *(www.bepssaaurangabad.org)* पर देखा जा सकता है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा
औरंगाबाद

जिला शिक्षा पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR- 009336 (B & C) 2024-25 उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त समाचार

### प्रोपर्टी डीलर की हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**आरा।** टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया कि प्रोपर्टी डीलर कि हत्या मामले में एक अपराधी को थाना परिसर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधी अनिल कुमार है जो कोईलवर थाना के सकड़ी गांव के निवासी एकबाल चौधरी का पुत्र है। रविवार कि रात 27 वर्षीय शशिकांत महतो कि गोली मार कर हत्या के मामले में मृतक शशिकांत महतो के पिता छबीला महतो के बयान के आधार पर टाउन थाना में 5 लोगों को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज गया था। पुलिस घटना कि जांच और घटना में शामिल अपराधियों कि गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर धरहरा मोहल्ला के रहने वाले 27 वर्षीय शशिकांत महतो कि गोली मारकर हत्या अपराधियों ने रविवार कि रात कर दिया था ।

### कार्यशाला: संवर्धन और विकास विषय पर संगोष्ठी

**आरा।** आसरा सेवा केन्द्र व बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के सौजन्य से चांदी गांव में 23 से 26 सितंबर तक आयोजित भोजपुरी पेंटिंग कार्यशाला का गुरुवार को समापन हुआ। कार्यशाला में राज्य भर से 25 प्रतिभागी कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट भोजपुरी पेंटिंग का निर्माण व प्रदर्शन किया। कार्यशाला के समापन के मौके पर भोजपुरी पेंटिंग के औचित्य व इसके संवर्धन और विकास विषय पर संगोष्ठी हुई। अतिथियों का स्वागत चित्रकार कमलेश कुंदन ने की और मंच संचालन चित्रकार संजीव सिन्हा ने किया। इस मौके पर कमलेश कुमार सिंह, अमन श्रीवास्तव, गुड़िया आदि रहे।

### शशिकांत हत्याकांड का साजिशकर्ता गिरफ्तार

**आरा।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिमनगर धरहरा मोहल्ले में शशिकांत महतो की हत्या हुई थी। मामले में पुलिस ने साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है। आरोपी अनिल चौधरी कोईलवर के सकड्डी गांव का निवासी है। जानकारी एसपी राज ने दी है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपित को अनुसंधान के दौरान पकड़ा गया है। कांड में प्रयुक्त एक कार और मोबाइल को जब्त किया गया है। कांड में संलिप्त अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपित ने केस के नामजद मुख्य आरोपित राम भवन महतो और छतीश महतो के साथ मिलकर प्लानिंग की थी। पार्टी के बहाने सुनसान जगह पर ले जाकर हत्या की गई थी। भूमि विवाद में हत्या की बात सामने आ रही है। मृतक 27 वर्षीय शशिकांत महतो इब्राहिमनगर, धरहरा निवासी छबीला महतो के बेटे थे। पेशे से कृषि कार्य करते थे। घटनास्थल से एक खोखा जब्त किया गया था। मृतक की पत्नी के अनुसार उनके पति शशिकांत महतो 22 सितंबर को 11.40 बजे दिन में घर से दवा लाने के लिए बाइक से बाजार निकले थे। काफी देर होने के बाद वे घर नहीं लौटे तो पत्नी ने पति के मोबाइल पर कॉल किया था। लेकिन, फोन नहीं उठाने पर शंका बढ़ गई थी। संजय गांधी कॉलेज के उत्तर दिशा में लोकेशन मिला था। जब खोजबीन की गई तो वहां से शशिकांत महतो का शव बरामद किया गया था। शरीर में गोली लगी थी। शव के पास से ही खोखा, दवा का पुर्जा व ब्लूटूथ मिला था। मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी के बयान पर हुई प्राथमिकी में इब्राहिमनगर निवासी पट्टीदार राम भवन महतो समेत उनके करीबी गुर्गों छतीश महतो, लाल बुदन, हिमांशु और रोहित कुमार महतो समेत पांच को नामजद व अन्य अज्ञात को आरोपित किया गया है। जमीन हड़पने की नीयत से षड्यंत्र के तहत हत्या का आरोप लगाया गया है। इधर, वारदात के बाद एसपी राज के निर्देश पर वांछितों की गिरफ्तारी के लिए सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है।

### बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने मांगों को ले किया प्रदर्शन

**आरा।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट के समीप प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांगों में न्यू पेंशन स्कीम एवं यूनिफाइड पेंशन स्कीम को वापस कर पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने, ठेका संविदा पर कार्यरत कर्मियों को नियमित करने, ठेका संविदा, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी भर्ती पर रोक लगाने, विभागों के रिक्त पदों को नियमित बहाली, प्रत्येक पांच वर्षों पर वेतन पुनरीक्षण सुनिश्चित, नेशनल एजुकेशन पालिसी को वापस लेने, आयकर की छुट की सीमा दस लाख करने, पीएफ आरडीए कानून को रद्द करना था। बारिश में भी प्रदर्शनकारी अपनी मांगो के समर्थन में अड़े रहे। महासंघ के महामंत्री सुबेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन की मांग कर रहे कर्मियों को चिढ़ाने का काम किया है। पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री बैजनाथ सिंह ने कहा कि पेंशनभोगियों एवं संविदा कर्मियों सहित सभी को, कैश लेश उपचार की व्यवस्था व स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किया जाय। मौके पर महासंघ के जिला मंत्री विनोद यादव, जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, कन्हैया यादव, लोकेश नाथ, सुरेश गोंड, पंकज प्रदीप, शिवभजू यादव, सुमन कुमारी, सुनीता कुमारी, सजनी देवी, धनंजय कुमार, संजीव कुमार, श्री भगवान सहित कई कर्मी प्रदर्शन में शामिल थे।

### भोजपुर में चार दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का समापन, 25 प्रतिभागी कलाकारों ने किया पेंटिंग का निर्माण



**आरा।** आसरा सेवा केंद्र और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के सौजन्य से 23 से 26 सितंबर तक भोजपुरी पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन का आज समापन हुआ। यह कार्यशाला भोजपुर जिले के चांदी गांव में आयोजित किया गया था। जिसमें प्रांत भर से 25 प्रतिभागी कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट भोजपुरी पेंटिंग का निर्माण और प्रदर्शन किया। समापन के दिन भोजपुरी पेंटिंग के औचित्य और इसके संवर्धन और विकास विषय पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। अतिथियों ने प्रतिभागी छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र और मानदेय का वितरण किया। संगोष्ठी में बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ,पटना कला महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अजय कुमार पांडे , जयप्रकाश विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक पृथ्वीराज सिंह और कला समीक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने अपने बहुमूल्य वचनों से इस विषय पर प्रकाश डाला। आयोजन के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए बिहार संग्रहालय के अपर निर्देशक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि भोजपुरी पेंटिंग का इतिहास बहुत पुराना है। सदियों से भोजपुरी समाज के जनजीवन में यह कला चली आ रही है। लेकिन मुगल काल और अंग्रेजी शासन काल के दौरान यह कला धीरे-धीरे विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई थी। आजादी के बाद भी बिहार की अन्य कलाओं की तरह इस कला की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। लेकिन पिछले एक दो दशक से कई सामाजिक संस्थाओं और बिहार सरकार एवं भारत सरकार की तरफ से इस कला के उत्थान के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। उसके चलते भोजपुरी कला अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। मुख्य अतिथि कला महाविद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार पांडे ने कहा कि भोजपुरी अंचल की कला की व्याप्ति विस्तृत क्षेत्र में है। मधुबनी और मंजूषा की तरह यह कला भी बिहार की एक प्रतिनिधि कला है और निश्चित रूप से कई पीढियां के किए गए कलात्मक कार्यों का संरक्षण और शोध और उसको सामने लाना बहुत आवश्यक है। प्रो पृथ्वी राज सिंह ने कहा कि लोककलाएं हमारी सांस्कृतिक विकास की पग चिन्ह होती हैं। हमारी संस्कृति किन मोड़ों और कोणों से गुजरी है उसके अवशेष वहां मिलते हैं। लोक कलाएं सभी समसामयिक कलाओं की खनिज की तरह हैं। जिन्हें संशोधित कर विभिन्न रंग रूपों में ढाला जाता है। भोजपुरी चित्रकला का भविष्य भी उन्नत है । कार्यक्रम में वरिष्ठ चित्रकार संजीव सिन्हा, रोशन राय ,अरुण कुमार पांडे आदि की भी सहभागिता रही। मुख्य अतिथि एवं संयोजक द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया और यह संकल्प भी दोहराया गया कि आने वाले कुछ महीनों में इस तरह के कई कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी ।

# चौसा प्रखंड में पैक्स चुनाव को लेकर तैयारी शुरू

## बक्सर में 25 से 5 सितंबर तक इलेक्शन, 10 नवंबर को जारी होगी अधिसूचना

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर में पैक्स का चुनाव राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने आने वाले दिनों में कराए जाने की घोषणा कर दी है। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई है। वोटर सूची से लेकर बैलेट बॉक्स की देख-रेख सहजने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। दूसरी तरफ इसको लेकर गांव में हलचल बढ़ गई है। अभी से चुनाव की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों में बेताबी बढ़ने लगी है। अब ऐसे अभ्यर्थी मतदाता सूची में नाम चढ़ाने को लेकर बेचैन है।



**ईवीएम से नहीं बैलेट से कराए जाएंगे चुनाव:** बता दें कि इस बार भी पैक्स के 12 सदस्यीय समिति का चुनाव ईवीएम से नहीं बैलेट से कराए जाएंगे। इसके लिए राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने घोषणा कर दी है। पूरे प्रदेश में पांच चरणों मे चुनाव कराए जाएंगे। जहां 25 नवंबर से पांच दिसंबर तक चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। इसके लिए 10 नवंबर को अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। पैक्स के सदस्य बनने के लिए पहले से ऑनलाइन आवेदन जमा किये जा रहे थे। बीडीओ अशोक कुमार ने बताया कि 30 सितंबर को मतदाता सूची का कट ऑफ नाम किया जाएगा। आठ अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 22 तक दावा आपत्ति करने का समय निर्धारित किया गया है। जबकि, 25 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है।

**10 पैक्सों का होगा चुनाव:** चौसा में संभावित 32 मतदान केंद्र होंगे। जिसको लेकर निर्देश के तहत बैलेट बॉक्स को सहेजा जा रहा है। वही, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि चौसा में दस पैक्सों का चुनाव होना है। उसके साथ ही आरक्षण के तहत 11 सदस्यीय समिति का भी चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सहकारिता प्रबंधन समिति के तहत एक पैक्स क्षेत्र में एक अध्यक्ष, जबकि प्रबंध कार्यकारिणी समिति में सामान्य तीन पुरुष व दो महिला, पिछड़ा, अति पिछड़ा व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए कुल एक-एक पद होंगे।

# 30 लाख रुपए की शराब पर चला बुलडोजर

**निज संवाददाता। बक्सर**



बक्सर में शुक्रवार को 30 लाख रुपए की शराब पर बुलडोजर चलाया गया। जिला मुख्यालय के बाजार समिति में शराब विनष्ट करने के दौरान बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल, उत्पाद अधीक्षक व दंडाधिकारी मौजूद रहे। इनके सामने शराब विनष्ट करने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई। भारी मात्रा में शराब पर बुलडोजर चलाया गया।इस दौरान ध्यान रखा गया कि शराब एक भी बोतल विनष्ट होने से बच न जाएं। शराब को विनष्ट करने से पहले एक बड़े से गड्ढे की खुदाई हुई। शराब की बोतलें विनष्ट हुई। डीएम ने कहा कि प्रशासन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। आज 4000 लीटर शराब विनष्ट किया गया है।

**कुछ दिन पहले शराब हुआ था जब्त:** बता दें कि यह शराब कुछ दिन पहले उत्पाद विभाग और पुलिस थाना ने जब्त किया था। इसमें कुल लगभग चार हजार लीटर शराब पकड़ा गया था। जहां डीएम अंशुल अग्रवाल ने खुद खड़ा होकर शराब पर JCB चलवा रहे थे। JCB मशीन से शराब की बोतलों को रौंदा जा रहा था। जिसके बगल में गड्ढा खोदा गया था। जिसमे विनष्ट शराब को डिस्पोज किया जा रहा था। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) बक्सर, उत्पाद अधीक्षक बक्सर और अन्य उपस्थित थे। डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि यूपी से बिहार लगातार लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसका फायदा लगातार शराब माफिया भी उठाते है। एक स्ट्रांग मैसेज हम शराब माफिया को दे रहे है। उन्होंने कहा कि यूपी से पुल के रास्ते अगर कोई शराब की वाहन आगे जा कर पकड़ी जा रही है, तो इसकी जांच कराई जाएगी। पुल पर उत्पाद विभाग की जांच में कहां कमी आ रही है। वैसे लगातार जांच के कारण ही इतनी भारी मात्रा में शराब को बरामद कर विनष्ट किया जा रहा है।

# भोजपुर में सांप के डसने से व्यक्ति की मौत

**निज संवाददाता। आरा**



भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के ननउर गांव में सांप के डसने से अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में गुरुवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक सहार थाना क्षेत्र के ननउर गांव वार्ड नंबर-13 निवासी स्व.लखन चौधरी के 45 वर्षीय पुत्र ओमकार चौधरी थे। पेशे से मजदूर थे। मृतक के दामाद धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि वे अपने कमरे में चौकी पर सोए थे। तभी सांप ने उन्हें डस लिया। जिससे उनकी हालत काफी बिगड़ गई। इसके बाद परिजन ने उन्हें इलाज के लिए सहार रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराया:** परिजन ने इसकी सूचना अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व तीन बहन में छोटे थे। उनके परिवार में पत्नी तिलरो देवी और पांच पुत्री लक्ष्मीना देवी, सरस्वती देवी, आरती देवी, प्रतिमा कुमारी, अतिसुंदर कुमारी और एक पुत्र गोविंद चौधरी है।

# सड़क हादसे में सगे भाई समेत पांच जख्मी, भोजपुर में दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के धोबहां थाना क्षेत्र के धोबहां गांव के समीप गुरुवार की देर शाम दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में सगे भाई समेत पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। इसके बाद डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने इलाज के लिए तीन जख्मियों को आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां तीनों का इलाज कराया जा रहा है। जबकि एक बाइक पर सवार दो युवक अपने स्तर से निजी क्लीनिक में इलाज करा रहे हैं। जख्मियों में धोबहां थाना क्षेत्र के शुकुलपुर गांव निवासी बिजली प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र संटू कुमार, 18 वर्षीय पुत्र करण कुमार और नगर थाना क्षेत्र के महाजन टोली मोहल्ला निवासी अनिल कुमार का 18 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार शामिल है। जख्मी संटू रिश्ते में आकाश का

**पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल**



मौसा लगता है।

**बाइक से शुकुलपुरा गांव आ रहे थे:** घायल करण कुमार ने कहा कि दो दिन पहले अपने भाई संटू के घर नवादा थाना क्षेत्र के नवादा मोहल्ले में गए थे। गुरुवार की शाम मां बबीता देवी ने जिउतिया के अवसर पर बेटे के लिए ठेकुआ बनाया था। खाने के लिए गांव पर बुलाई थी। हम एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव शुकुलपुरा जा रहे थे। इसी बीच धोबहां गांव के समीप सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। बाइक चला रहे संटू समेत तीनों युवक जख्मी हालत में सड़क किनारे जा गिरे। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी डायल-112 पुलिस की को दी।

**पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया:** पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और तीनों जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। हादसे में संटू को काफी गंभीर चोट आई है। चिकित्सक डॉक्टर ऋषि कुमार ने बताया कि दो युवकों को नाक, कान और सिर में चोट आई है । जबकि एक युवक के हाथ पैर और सिर में गंभीर चोट आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया है।

# छह दिन से लापता किसान का नदी किनारे मिला शव, बेटे ने पड़ोसियों पर गला दबाकर मारने का लगाया आरोप

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के शेषा टोला से छह दिनों से लापता एक किसान का शव गुरुवार देर शाम बरामद हुआ है। मृतक के पुत्र सोहन कुमार ने जमीन विवाद को लेकर अपने पड़ोसियों पर पिता की गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया था। कहा था कि शव को छिपाने की नीयत से नदी में फेंका गया है। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के शेषा टोला वार्ड नंबर-15 निवासी स्व. नागेश्वर चौधरी के 55 वर्षीय पुत्र जगदीश चौधरी हैं। वह पेशे से किसान थे। मृतक के बेटे सोहन ने बताया गांव में उनकी 9 डिसमिल जमीन है। दादा के समय से ही उसी जमीन पर पड़ोसी घर बनाकर रह रहे थे। कुछ दिन पहले पड़ोसियों की मिट्टी का घर टूटकर ढह गया था। इसके बाद 3 महीना पूर्व पड़ोसियों ने मेरी 9 डिसमिल जमीन को दूसरे से बेचने के लिए डेढ़ लाख रुपए भी



ले लिए थे।

**पिता के पीछे-पीछे पड़ोसी गया था:** जब जमीन बेचने की बात हमलोगों को पता चली। इसके बाद मेरे पिता ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि जमीन हमारा है। उस जमीन की सारे कागजात हमारे नाम है। तभी पड़ोसियों ने 19 सितंबर की शाम मेरे भाई सोनू और पिता जी की पिटाई कर दी। कहा गया कि 2 दिन में तुम लोगों को बता देंगे। उस शाम मामला खत्म हो गया था। अगले दिन 20 सितंबर की सुबह मेरे पिता घर से जमीन की रसीद और खतियान लेकर बौलीपुर जमीन से जुड़ी संबंधित कागजात निकालने गए थे। उसी वक्त पड़ोसी भी पीछे चला गया। दोहपर तक पड़ोसी अपने घर आ गया था, लेकिन पिता वापस नहीं पहुंचे तो। हम लोगों ने काफी खोजबीन की, बावजूद भी उनका कुछ पता नहीं चल पाया। जानकारी स्थानीय पुलिस से की। गुरुवार देर शाम छेड़ नदी की तरफ से गुजर रहे ग्रामीणों को दुर्गंध से पता चला कि किसी की डेड बॉडी नदी में पड़ी है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना जगदीशपुर थाना और परिजनों को दी।

**गला दबाकर हत्या का आरोप:** मृतक बेटे सोहन ने गांव के बलीराम चौधरी, राम दर्शन चौधरी समेत 4 से 5 लोगों पर अपने पिता की गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। जगदीशपुर थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक के घर में पत्नी तेतरी देवी तीन बेटा सोहन, सोनू व मोनू, चार बेटी इंदु, चंदा, चंद्रावती और रिंकू है।

# विचाराधीन बंदी की मौत, शराब मामले में गया था जेल



**निज संवाददाता। आरा**

आरा सदर अस्पताल परिसर के इमरजेंसी वार्ड में जेल में बंद एक विचाराधीन बंदी की मौत हो गई। इलाज के दौरान बुधवार की रात उसने दम तोड़ दिया। वहीं, मृतक बंदी के दाहिने हाथ के अंगूठा के बगल में काला रंग का निशान पाया गया है। इसके कारण परिजन द्वारा जेल पुलिस पर मारपीट करने के कारण उसकी मौत होने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।

जानकारी के अनुसार मृतक बंदी चरपोखरी थाना क्षेत्र के बगही टोला गांव निवासी सुरेंद्र चौधरी का बेटा संतोष चौधरी(25) है। इस मामले में सहायक पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि चरपोखरी थाना क्षेत्र के निवासी सुरेंद्र चौधरी का बेटा सह जेल में बंद विचाराधीन बंदी संतोष चौधरी की बुधवार की रात इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई है। उन्हें शराब के मामले में चरपोखरी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उन्होंने बताया कि जेल के वार्ड में कार्यरत जवान द्वारा मृतक बंदी के साथ मारपीट के मामले की जानकारी अभी हमें नहीं है। जेल में भी सीसीटीवी लगे हैं। उनकी भी तलाशी ली जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि मजिस्ट्रेट का बहाल कर उनके शव का वीडियो ग्राफी के साथ पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही विधि संगत कार्रवाई की जाएगी। इधर, मृतक बंदी के पिता सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि तबीयत खराब होने के बाद बुधवार को जेल प्रशासन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। सूचना पाकर वह अपने वकील के साथ आरा सदर अस्पताल पहुंचे और उसे देखा तो उसके पैरों पर जख्म का निशान था। तभी उन्होंने सिपाही से पूछा कि उंसके पैर पर जख्म के निशान कैसे हैं तो उनके द्वारा बताया गया कि वह वार्ड में हल्ला कर रहा था। इसलिए दो डंडा मार दिया था। जिसके बाद उन्होंने उसे मारने से मना भी किया था। उसके बाद उन लोगों ने उसे खाना व मिठाई खिलाकर घर चले गए। जाने से पहले उन्होंने कहा था कि मैं कल भी उसे देखने आऊंगा। इसी बीच बुधवार की रात करीब साढ़े 9 बजे जेल प्रशासन द्वारा फोन कर उन्हें सूचना दी गई की उसकी तबीयत काफी सीरियस हो गई है। तभी उन्होंने कहा कि ठीक है हम लोग आ रहे हैं। जब वह रास्ते में थे तभी उनके फोन करने के दस मिनट बाद जब उन्होंने दोबारा जेल प्रशासन पर फोन किया तो उन्होंने कहा कि उसकी डेथ हो गई है। जिसके बाद परिजन गाड़ी रिजर्व कर आरा सदर अस्पताल पहुंचे। वहीं, दूसरी ओर मृतक के कैदी के पिता सुरेंद्र चौधरी ने जेल प्रशासन द्वारा मारपीट करने के कारण अपने बेटे की मौत होने की बात कही है।

# फर्जी मेडिकल इंस्टीट्यूट में छात्रों से ठगी, बक्सर में मेडिकल कोर्स के नाम पर वसूले रुपए, संचालक-कर्मी फरार

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर में छात्रों से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक फर्जी संस्थान ने मेडिकल कोर्स के नाम पर छात्रों से पैसे वसूले। लेकिन, न तो एडमिशन के लिए किसी परीक्षा का आयोजन किया गया और न ही छात्रों को कॉलेज का दौरा कराया गया। संचालक और कर्मी फरार है। 12 छात्रों ने इटाढ़ी थाना में आवेदन देकर शिकायत की है। छात्र चाहते है कि मेडिकल इंस्टीट्यूट से उनका पैसा वापस मिल जाए। 12 छात्रों का मिला कर करीब 12 लाख रुपए की ठगी की बात सामने आई है। थानाध्यक्ष ने कहा है कि छात्रों ने आवेदन दिया हैं। लेकिन, एफआईआर दर्ज कराने को छात्र तैयार नहीं है। ये पूरा मामला इटाढ़ी क्षेत्र में एक फर्जी पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट का है।छात्रों ने आरोप लगाया है कि संस्थान के प्राचार्य डॉ. धनजी पाल से संपर्क करने पर उन्हें धोखे में रखा जाता है। उनसे कहा जाता है कि जल्द ही कॉलेज विजीट कराया जाएगा। परीक्षा ली जाएगी।

**आरोपी धनजी पाल ने छात्रों को दी थी धमकी:** प्राचार्य डॉ. धनजी पाल पर खुद को



डिहरी विधानसभा क्षेत्र का भावी प्रत्याशी घोषित करने का आरोप है। छात्रों ने यह भी बताया कि डॉ. धनजी पाल हमेशा उन्हें धमकी देता था कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है, जिससे वे डर कर उसके खिलाफ कुछ नहीं बोलते थे। स्थानीय लोग बताते हैं कि वह महंगी गाड़ियों पर घूमने का शौक रखता था। उसके पास थार, बोलेरो नियो और बुलेट बाइक भी है।

**4 साल पहले फर्जी पाल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में नामांकन:** एक छात्र का आरोप है कि उन्होंने 4 साल पहले फर्जी पाल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में नामांकन कराया था, जहां से उन्हें जीएनएम, बीएएमएस और अन्य मेडिकल कोर्स के लिए भारी भरकम फीस चुकानी पड़ी थी। मनीष कुमार नाम के एक छात्र ने बताया कि उसने 2020 में जीएनएम कोर्स के लिए पांच लाख रुपए दिए थे। लेकिन, उसे अभी तक न तो कोई कक्षा मिली और न ही परीक्षा का आयोजन हुआ। रोहतास के ज्योतिष कुमार ने कहा कि वह इंटरनेट पर नर्सिंग कॉलेज की तलाश कर रहे थे, तभी उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हें इटाढ़ी आने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह, भोजपुर के शिव शंकर ने कहा कि उसने किसी परिचित से इस संस्थान के बारे में सुना और पूरी फीस जमा कर दी। लेकिन रसीद भी नहीं दी गई।

**एफआईआर दर्ज करने के बाद होगी कार्रवाई:** इटाढी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है कि छात्रों ने आवेदन भी दिया है। अभी तक एफआईआर नहीं दर्ज की गई। क्योंकि छात्रों का यह कहना था कि वह पैसे वापस लेने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, पुलिस एफआईआर के बिना तो पैसे वापस दिलाने में कोई मदद नहीं कर सकती। ऐसे में जल्द ही उनके आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्वर में आई खराबी से नहीं हुआ ऑनस्पॉट नामांकन

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में पीजी, शैक्षणिक सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए प्रथम ऑन स्पॉट में नामांकन लेने से वंचित रह चुके छात्र-छात्राओं के लिए गुरुवार यानी 26 सितंबर से ऑन स्पॉट नामांकन शुरू होना था। जो सर्वर में अचानक आई ख़राबी की वजह से नहीं हो सकर। इस संबंध में डीएसडब्ल्यू प्रो बीसी पांडेय ने बताया कि अब सर्वर की खराबी दूर होने के बाद ही ऑन स्पॉट नामांकन की नई तिथि जारी की जाएगी। बता दें कि केवल एक दिन के लिए पीजी में ऑन स्पॉट नामांकन का मौका छात्र-छात्राओं को दिया गया था। जिसमें छात्र-छात्राएं गुरूवार को ऑन स्पॉट सीट लॉक कर संबंधित महाविद्यालय या पीजी विभागों में दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कराते हुए नामांकन शुल्क भुगतान कर अपना नामांकन सुनिश्चित कर सकते थे। पूर्व में आवेदन कर चुके वैसे छात्र-छात्राएं, जो नामांकन से वंचित रह गए हैं, वे पूर्व के आवेदन के आधार पर ऑन स्पॉट सीट लॉक कर नामांकन करा सकते थे। इसके लिए जल्द ही नई तिथि जारी किए जाने की संभावना है।

### बाढ़ से घिरे घरों में चौकियों पर बन रहा भोजन लेकिन पशुओं के लिए नहीं मिल रहा है चारा

**मुंगेर**। जिले के कई पंचायतों जिले के दर्जनों गांवों के बाढ़ प्रभावित लोग बुरी तरह टूट चुके हैं। एक सप्ताह से बाढ़ प्रभावित लोग जहां पहले से ही के चलते परेशानी उठा रहे हैं, वहीं पिछले दो दिनों से आंधी-तूफान व लगातार बारिश ने जिंदगी को नारकीय बना दिया है। वैसे तो बाढ़ से प्रभावित जिले के सदर प्रखंड, बरियारपुर, घरहरा, जमालपुर, खड़गपुर, असरगंज आदि प्रमुख हैं, लेकिन गंगा नदी का सबसे ज्यादा कहर बरियारपुर प्रखंड में दिखाई दे रहा है। बरियारपुर प्रखंड के सभी 11 पंचायत के दर्जनों गांवों में जैसे-हरिणमार, झौवा बहियार, मुरला मुसहरी, नजीरा, घोरघट, कल्याणपुर, बंगाली टोला, नीरपुर, लालजी टोला, फुलकिया, आशा टोला, कल्याण टोला, गांधीपुर, काली स्थान आदि गांवों में बाढ़ का पानी घुस जाने से जलमग्न हो गया। पिछले एक सप्ताह से बाढ़ की पानी के कारण जहां लोग घरों के छतों पर, बाहर सड़कों व रेललाइन किनारे खुले आकाश के नीचे जैसे-तैसे पन्नी तानकर जिंदगी बसर कर रहे हैं। बाढ़ से घिरे घरों में चौकी पर चूल्हा रखकर लोग भोजन बना रहे हैं, लेकिन सड़क किनारे बंधे पशुओं को चारा नहीं मिल रहा है। गंगा का जलस्तर गुरुवार देर शाम डेंजर लेवल 39.33 मीटर से नीचे रहा। लेकिन व वार्निंग लेवल से अभी भी ऊपर है।

### 100 हेक्टेयर में लगी केला फसल का नुकसान हुआ है



**भागलपुर**। बाढ़ के कारण जहां आमलोगों का जीना मुहाल हो गया है। तो वहीं दूसरी तरफ नवगछिया इलाके में सैकड़ों हेक्टेयर खेत में लगी केला की फसल बर्बाद हो गयी है। केला की फसल बर्बाद होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों का कहना है कि फसल बर्बाद होने से इस बार दुर्गा पूजा समेत अन्य त्योहारों में केला के दाम में बढ़ोतरी होगी। क्योंकि यहां से भागलपुर के अलावा झारखंड, पटना, दिल्ली समेत कई जगहों पर केला का व्यापार होता है। गोपालपुर के केला की खेती करने वाले किसान मनोज सिंह ने बताया कि इस बार आठ लाख की लागत से 10 एकड़ खेत में केला की फसल लगाये थे, लेकिन इसमें अभी 2.50 लाख का ही केला बिक्री किये हैं। बाढ़ आने की वजह से केला की अधिकांश फसल बर्बाद हो गयी है। बताया कि केला का जो छोटा पौधा होता है, वो भी सारा का सारा बाढ़ में खत्म हो गया है। मनोज ने बताया कि केला की फसल तैयार होने के बाद यूपी से व्यापारी आते थे और केला लेकर जाते थे। साथ ही भागलपुर, कहलगांव में लोकल बाजार में बिक्री करने भेजते थे। फसल नुकसान होने के कारण इस बार त्यौहार में केला के दाम में बढ़ोतरी होगी। गुरुदेव सिंह ने बताया कि एक लाख रुपए प्रति एकड़ केला की खेती करने में खर्च होता है। इस बार चार लाख की लागत से चार एकड़ खेत में केला लगाये थे। केला की फसल तैयार हो गयी थी। इस बार दुर्गा पूजा में केला का व्यापार करते, लेकिन बाढ़ की वजह से अधिकांश फसलों का नुकसान हो गया। बताया कि इस बार अभी तक एक लाख का ही केला बिक्री किये हैं। इस बाद त्योहार में लागत से एक से डेढ़ लाख रुपए से अधिक आमदनी होने की उम्मीद थी। गुरुदेव ने बताया कि अब केला की खेती छोड़कर मक्का समेत अन्य फसलों की खेती करते करेंगे।

### जिले में मतदान केंद्रों की संख्या 2234 से बढ़कर 2263, 17 तक दावा-आपत्ति



**भागलपुर**। निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पहले मतदान केंद्रों के अंतिम प्रस्ताव को लेकर गुरुवार को समीक्षा भवन में बैठक हुई। अर्हता तिथि एक जनवरी 2025 के आधार पर पुनरीक्षण होगा। डीएम ने कहा कि सात सितंबर को मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को प्रारूप प्रकाशन किया गया था। 17 सितंबर तक दावा-आपत्ति ली गई। दावा-आपत्ति की जांच के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजे जाने वाला अंतिम प्रस्ताव तैयार किया गया। डीएम ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को प्रस्ताव की कॉपी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब कोई भी योग्य मतदाता 17 वर्ष नौ महीने की उम्र में प्रपत्र 6 में आवेदन कर सकता है। जैसे ही वह 18 वर्ष का होगा उसका नाम मतदाता सूची में जुड़ जाएगा। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भागलपुर में 29 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अब मतदान केंद्रों की संख्या 2234 से बढ़कर 2263 हो जाएगी। वैसे 37 मतदान केंद्र जिनका भवन जर्जर हो गए हैं, उसी क्षेत्र के पास के मतदान केंद्र में स्थानांतरित किया गया है। 64 मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाता हो गए हैं, वहां के कुछ मतदाता को पास के ही मतदान केंद्र में जहां 1500 से कम मतदाता हैं, वहां शिफ्ट हुआ है। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने बढ़े हुए मतदान केंद्रों की जानकारी दी। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, नवगछिया एसडीओ ऋतुराज प्रताप सिंह, सहायक समाहर्ता गरिमा लोहिया आदि थीं।

### जमालपुर से वंदे भारत को चलाने का किया आग्रह

**मुंगेर**। जदयू जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल और पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरव निधि ने गुरुवार को मुंगेर के सांसद सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह से मिलकर आसनसोल बैठक की जानकारी दी। सांसद से आग्रह किया कि रेल मंत्री से बात कर भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को जमालपुर से आरंभ करने हेतु प्रयास किया जाय। पूर्व रेलवे को निर्देशित किये जाये कि राजगीर किऊल स्पेशल को खगड़िया स्टेशन तक विस्तारित करने हेतु अनापत्ति दी जाये। मुंगेर से बेगूसराय और मुंगेर से खगड़िया के लिए नए 8 बोगी की मेनलिंक इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट मेमू ट्रेन चलाई जाय। जमालपुर डीजल शेड में इन्फ्रास्ट्रक्चर को और डेवलप किया जाय। साथ ही बैठक में उठाए गए जनहित और यात्री सुविधा के बाकी प्रस्तावों को भी रेल मंत्री से बात कर पूरा करवाया जाए। मुंगेर में बाढ़ और राहत कार्य की उनको जानकारी भी दी गई। सांसद ने जिला प्रशासन को बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव मदद उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया है।

# भागलपुर में टूटा पुल, 5 पंचायत मुख्यालय से कटा

## पुल से आवागमन पूरी तरह से ठप, दोनों ओर प्रशासन ने की बैरिकेडिंग

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के पीरपैंती प्रखंड के बाबूपुर बाखरपुर पूर्वी पंचायत के बीच पीडब्लूडी से बना पुल टूट गया। जिस कारण इस क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह से बाधित हो चुका है। पांच पंचायत की आबादी का अब प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। करीब चार लाख की आबादी प्रभावित हो गई है। लोग बाजार तक नहीं जा पा रहे हैं। मौके पर पहुंची स्थानीय थाना की पुलिस ने पुल को दोनों ओर बैरिकेडिंग कर दी है। बाढ़ का पानी निकलने के बाद पुल की मरम्मत होगी।

**वरीय पदाधिकारी नहीं पहुंचे:** सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को दी गई है, लेकिन अभी तक मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचे हैं। हालांकि एक अंचल कर्मचारी मौके पर पहुंचे हैं। जो पूरी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को देते नजर आए। जिला प्रशासन की ओर से कोई भी वरीय पदाधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। बाबूपुर पंचायत के मुखिया भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को देख रहे हैं। अभी तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। बता दें कि गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण भागलपुर समेत अन्य 12 जिलों में बाढ़ की स्थिति है।

**जलस्तर बढ़ने से पिलर धंसा:** पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि नदी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ जाने के कारण पिलर धंस गया। जान-माल की क्षति नहीं हुई है। इस पुल से सभी प्रकार के वाहनों व पैदल यात्रियों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुल के दोनों और बैरिकेडिंग कर दी गई है।

## झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड
कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार
E-Mail ID:-dj-latehar@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.latehar@gmail.com
Phone No. 06565-247660

### अति अल्पकालीन ई0-निविदा सूचना
e-Tender- HJ&DM/DJ-LATEHAR/Q-1/2025/2212

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, लातेहार। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। **प्रथम त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक 01.01.2025 से 31.03.2025 तक।** |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | Rs.- 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक–28.09.2024 से दिनांक–04.10.2024 के अपराह्न 05.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online Upload करने की तिथि। | दिनांक–28.09.2024 से दिनांक–04.10.2024 के अपराह्न 05.00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक–05.10.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–06.10.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD)(Rs.-2500/–.से अधिक होने पर जमा करने की तिथि) | दिनांक–05.10.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–06.10.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | **दिनांक–07.10.2024, को पूर्वाह्न 11:00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, लातेहार की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 337416 Prison (24-25)_D

ह0– अधीक्षक,
मंडल कारा, लातेहार

## कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

### शुद्धि-पत्र

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के द्वारा E-Tender Reference No. : GNP-03/2024-25 (Construction Of Gateway At Entrance/Exit Side And Providing/Fixing Of Main Signage - External Of Bus Stand Under Ward No.-06) का सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसका PR 335888 Urban Development (24-25)_D है। उक्त E-Tender में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

1. निविदा डालने की अंतिम तिथि– 05.10.2024
2. निविदा खोलने की तिथि– 07.10.2024

शेष सभी पूर्व की भांति यथावत रहेंगे।

PR 337385 Urban Development (24-25)_D

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

## Office of the Executive Engineer, R.C.D, Road Division, Garhwa

### CORRIGENDUM

In partial modification of Tender Reference No.-RCD/Garhwa/1171/2024-25 Date:-19.09.2024 [PR 336337 Road (24-25)_D under Road Division, Garhwa may be read as follows :-

| | |
|---|---|
| Name of Work | **Special Repair of Balance work of Bhandaria-Tihari via Bargar road under Road Sub. Division, Ranka for the year of 2024-25** |
| Corrigendum Title | Changes in Following Dates |
| Corrigendum Detail | **Please read following changed date.**<br>Last date/Time for receipt of bids: 14-10-2024, 12.00 Noon<br>Date of Publication of Tender on website: 07-10-2024, 10.30 A.M. |

PR 337379 (Road)24-25*D

Executive Engineer
R.C.D,Road Division,Garhwa

### खेल के माध्यम से साधनहीन छात्र भी बन सकते हैं स्वावलंबी : प्रदीप कुशवाहा

निज संवाददाता। मुंगेर



35वें प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) प्रतियोगिता के दूसरे दिन के खेल प्रारंभ होने पर भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, बिहार के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ने कहा कि विद्या भारती दक्षिण बिहार के द्वारा आज 250 सेवा केन्द्र चलाए जा रहे हैं जिसमें जंगलों, झुग्गी-झोपड़ियों, गिरि कंदराओं एवं सेवा बस्तियों में रहने वाले छात्र-छात्राएं निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन संस्कार केन्द्रों के बच्चे भी आज इस खेल में भाग ले रहे हैं और गोल्ड मेडल प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव सह कार्यक्रम संयोजक अशोक कुमार ने कहा कि दूसरे दिन का खेल जेएसए ग्राउंड, जमालपुर में 3000 मीटर के दौड़ के साथ शुरू हुआ। प्रतिभागी काफी उत्साहित हैं। सभी खिलाड़ी पूरी ऊर्जा से जीत को अपने नाम करने में जुटे थे। आज खेल के साथ-साथ खिलाड़ियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लिया। जिसमें बिहार के गौरव पर नृत्य नाटिका गणेश वंदना, दुर्गा वंदना, मीरा भजन पर कत्थक नृत्य, कलात्मक योग प्रदर्शन आदि किया गया जिसे दर्शकों ने करतल ध्वनि से सराहा।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

### अति आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिले में हाल में हुई भारी वर्षा के कारण **भंडरिया–टिहरी भाया बड़गड़ पथ के 14वें कि0मी0 में बिरहा नदी पर अवस्थित पुराना पुल क्षतिग्रस्त हो गया हैं।** फलस्वरूप उक्त सेतु से भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः वर्जित है तथा सुरक्षात्मक कारणों से भारी वाहनों के आवागमन पर अगले आदेश तक रोक लगाई जाती है। वर्तमान में भारी वाहनों को **वैकल्पिक मार्ग के रूप में शालो यात्री शेड के दाहिने तरफ से शालो गाँव तथा प्राथमिक विद्यालय, महुआटिकर होते हुए बड़गड़–टिहरी मुख्य पथ को आवागमन हेतु प्रयोग में लाया जा सकता है।**

असुविधा के लिए खेद है।

PR 337392 Road(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

### (सर्वसाधारण के लिए सूचना)

महिला शहर थाना कांड सं0–11/2023, दिनांक–24.03.2023 के प्रा0 अभियुक्त अश्विनी कुमार, पे0 राजकुमार सिंह, सा0 शिवाजी मैदान रोड, नियर हेड पोस्ट ऑफिस, थाना शहर, जिला पलामू, झारखण्ड के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदरः– 9431706239
थाना प्रभारी, शहरः– 7004498197

PR 337349 Police (24-25)_D

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना, दिनांक–26.09.2024

अल्पकालीन पुर्ननिविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/14/2024-25/RE(2nd Call)
PR 335465 Rural Development(24-25):D

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के डण्डा प्रखण्ड के ग्राम मोतीहारा में प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण। | 1,34,25,600.00 | 2,68,600.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–28.09.2024 से दिनांक–04.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–07.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 337266 Rural Development(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
District Planning Office Latehar, 829206
Website: www.latehar.nic.in

### Request for Proposal (RFP)
### 3rd Call
### Fact Sheet:

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "Request for Proposal (RFP) Supply of 15 Numbers of Drones along with accessories on Turn Key basis in office of District Planning Office Latehar District." **Note: Quantity of drones may vary as per the requirement.** |
| 2 | Date of Issue of RFP | 27-09-2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 14-10-2024 (Till-05:00 PM) |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 15-10-2024(At-11:00 AM) (Sample demonstration will be done physically on same day) |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 15-10-2024(At- 3:00 PM) |
| 6 | Time allowed for work Completion | 02 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable)& Bid Processing Fee (Non-refundable) | EMD – Rs.1,00,000/- (One Lakh Rupees Only/-) Refundable & Tender Fees Rs 2000/- (Two Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar **EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand. MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit.** |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | • After qualifying in technical bid financial bid will be open ed and L-1 will be awarded. • L-1 Rates or the rates approved by Tender Committee/District Administration will be considered as the final rate of the project. • Tender Committee retains right to negotiate rates with L-1 Bidder. |
| 12 | Date of opening of Financial Bid (Envelope-2) | The Financial bid for the tender shall be opened on **15th October 2024 at 03:00 PM** at the address as under: The District Planning Office, District Collectorate Office Distt : Latehar, Jharkhand-829206 |

**Note :-** Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

PR.NO.337293 Planning and Development(24-25):D

District Planning Officer,
Latehar

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम में खेल, एडवांस काम करा निकाल रहे ऑफ लाइन टेंडर

धनबाद., एजेंसी। नगर निगम में टेंडर मैनेज का खेल चल रहा है. इसमें पहले एडवांस काम कराया गया, उसके बाद टेंडर निकाला गया. इसपर सवाल उठ रहे हैं. टेंडर निकाले बिना कैसे एडवांस में काम कराया गया. इसके बाद टेंडर निकाला गया. एडवांस में जिस संवेदक ने काम किया है, उसका नाम सूरज कुमार बताया जा रहा है. नगर निगम के ग्राउंड व फर्स्ट फ्लोर पर अधिकारियों व कर्मचारियों के बैठने के लिए केबिन बनाये गये हैं. कुछ दिन पहले ही दोनों फ्लोर में केबिन का काम पूरा हुआ. जबकि एक दिन पहले 25 सितंबर को इसका टेंडर निकला है. टेंडर डालने की अंतिम तिथि पांच अक्तूबर रखी गयी है. फर्स्ट फ्लोर में जो केबिन बनाये गये हैं, उसकी प्राक्कलित राशि 2, 34, 253 रुपये हैं. वहीं ग्राउंड फ्लोर फ्लोर में बनाये गये केबिन की प्राक्कलित राशि 2, 19, 961 रुपये है. इस काम को पूरा करने का 15 दिन का समय दिया गया है. इधर, नगर निगम के अभियंता की मानें तो अति आवश्यकता को देखते हुए एडवांस में काम कराना पड़ा. कुछ काम अतिआवश्यक होने पर कराये जाते हैं और बाद में उसका टेंडर निकाला जाता है. टेंडर एक प्रक्रिया है, जिसे पूरा किया जाता है.

### छात्राओं ने की शिकायत, माफीनामा पर जबरन कराया जा रहा हस्ताक्षर

धनबाद, एजेंसी। टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट एसएसएलएनटी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय का विवाद खत्म नहीं हो रहा है. अब छात्राओं ने वहां के शिक्षकों पर जबरन माफी नामा पर हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया है. छात्राएं गुरुवार को भी उपायुक्त माधवी मिश्रा से पूरे मामले की शिकायत करने पहुंची थी. छात्राओं का कहना है कि प्रभारी प्राचार्या द्वारा गैर कानूनी तरीके से पैसे वसूलने और अभद्रता की शिकायत 23 सितंबर को की गयी थी. इसकी जांच के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी 24 सितंबर को स्कूल पहुंची थी.छात्राओं ने कहा कि मामले में अब प्रमोद कुमार वर्मा, सुधा कुमारी, नागेंद्र कुमार, प्रभात कुमार, सुमन कष्ण, नंद किशोर पांडेय आदि शिक्षकों द्वारा जबरन माफीनामा पर हस्ताक्षर लिया जा रहा है. वहीं प्राचार्या एवं अन्य शिक्षकों द्वारा धमकाया जा रहा है कि यदि हम अपने बयान वापस नहीं लेते हैं तो बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जायेगा.छात्राओं का कहना है कि मामले को लेकर स्कूल में भय का वातावरण बन गया है. छात्राओं ने कार्रवाई की मांग की है. शिकायत करने पहुंची छात्राओं में सोनाली कुमारी, पूर्णिमा मिश्रा, राखी कुमारी, ज्योति मिश्रा, इशिका कुमारी, काजल कुमारी, कोमल कुमारी, राखी कुमारी, रिया कुमारी आदि शामिल थीं.

### बोकारो के चिकित्सक समेत चार नये डेंगू के मरीज मिले

धनबाद, एजेंसी। बुधवार को डेंगू के मरीजों की संख्या में फिर से इजाफा हुआ है. एसएनएमएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में भेजे गये बुखार से पीड़ित विभिन्न मरीजों के सैंपलों की जांच में चार की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है. डेंगू पॉजिटिव पाये गये गये मरीजों में बोकारो के एक चिकित्सक समेत अन्य शामिल है. जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार बोकारो से दो सैंपल जांच के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा गया था. वहीं धनबाद जिला के विभिन्न अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों से 30 से ज्यादा सैंपल एलाइजा जांच के लिए एसएनएमएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग भेजा गया था. बोकारो से आये दोनों मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव पायी गई. इनमें डॉ एस कुमार व स्नेहा कुमारी( 13 ) के अलावा धनबाद की रेखा कुमारी ( 16 ) व स्नेहा झा( 24 ) शामिल हैं. बोकारो के दो मरीज के डेंगू पॉजिटिव पाये जाने की सूचना जिला स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित जिले के जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी है. गिरिडीह जिला के निमियाघाट स्थित कोरियाडीह बलथरिया निवासी रूपेश कुमार गुप्ता की मौत मंगलवार की रात एसएनएमएमसीएच, धनबाद में हो गयी. घटना के बाद मृतक के भाई महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सरायढेला थाना की पुलिस को अपना बयान दर्ज कराया. महेंद्र ने बताया कि उसका भाई मुंबई में काम करता था. वह शालीमार एक्सप्रेस से जमशेदपुर आ रहा था. इस दौरान 21 सितंबर को ट्रेन से गिर गया और उसका इलाज जमशेदपुर का सदर अस्पताल में चल रहा था. इसके बाद उसे धनबाद एसएनएमएमसीएच लगाया गया, जहां मंगलवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी.

# तो यहां रची गई झारखंड शराब घोटाले की साजिश, 2 बड़े अधिकारियों के नाम शामिल, एफआईआर दर्ज



रांची/रायपुर, एजेंसी। झारखंड में कथित शराब घोटाले की पूरी साजिश रायपुर में रची गई थी। रायपुर की आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने अपनी प्राथमिकी में इसका जिक्र किया है। ईओडब्ल्यू ने अपनी प्राथमिकी में अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी, अनिल टुटेजा, अरविंद सिंह सहित सात लोगों को आरोपित किया है।

इनपर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपितों में उत्पाद विभाग झारखंड के दो अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। आरोपितों में से कई वर्तमान में छत्तीसगढ़ में हुए 2200 करोड़ रुपये के घोटाले में जेल में बंद हैं। ईओडब्ल्यू में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार दिसंबर 2022 में झारखंड की शराब नीति में बदलाव किया गया था।

इसकी बैठक रायपुर में अनवर ढेबर के ठिकाने में की गई थी। इस दौरान एपी त्रिपाठी, अनिल टुटेजा, अरविंद सिंह सहित झारखंड के उत्पाद अधिकारी भी मौजूद थे। नीति में बदलाव करने के पीछे सुमित कंपनी को फायदा दिलाना बताया गया है।

इससे करोड़ों रुपये का सरकार का नुकसान हुआ है। यही कंपनी छत्तीसगढ़ में भी शराब ठेके का काम कर रही थी। गौरतलब है कि झारखंड में भी छत्तीसगढ़ माडल पर मई 2022 से शराब की बिक्री हो रही थी। इनमें छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कारपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एपी त्रिपाठी को सलाहकार नियुक्त किया गया था।

प्रिज्म होलोग्राम एंड फिल्म सिक्योरिटी लिमिटेड को शराब की बोतलों में होलोग्राम छापने का काम मिला था। इसी तरह मेसर्स सुमित फैसिलिटीज लिमिटेड को मैन पावर सप्लाई की जिम्मेदारी मिली थी। तीनों ही छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आरोपित भी हैं।

इनके विरुद्ध जांच के क्रम में झारखंड का कनेक्शन जुड़ा था। झारखंड में इन तीनों ही कंपनियों पर कार्रवाई हो चुकी है। मेसर्स प्रिज्म पर होलोग्राम छापने पर रोक लगा दी गई थी और उसे ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया था। दूसरी कंपनी मेसर्स सुमित फैसिलिटीज को राजस्व पूरा नहीं कर पाने की वजह से कंपनी की बैंक गारंटी को जब्त कर लिया गया था। झारखंड सरकार ने छत्तीसगढ़ स्टेट कारपोरेशन को सलाहकार से हटा दिया था।

झारखंड में भी शराब, जमीन व बालू घोटाले में एक ईसीआइआर दर्ज कर ईडी जांच कर रही है। ईडी ने इस मामले में एक आरोपित योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। देवघर, जामताड़ा आदि जिलों में दर्ज नकली शराब, बालू तस्करी व जमीन घोटाले से संबंधित करीब दर्जनभर से अधिक प्राथमिकियों को ईडी ने अपनी ईसीआइआर में जोड़ा था। ईडी की जांच जारी है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार में नकली होलोग्राम लगाकर पूरे राज्य में शराब की सप्लाई की गई थी। उसी तरह से झारखंड में भी नकली होलोग्राम लगाकर शराब की सप्लाई की बात कही गई है। आरोप है कि नकली होलोग्राम पर लगातार शराब बेची गई है। इसका हिसाब भी नहीं है।

# धकोकसं ने 24 सूत्री मांगों को ले किया प्रदर्शन




धनबाद, एजेंसी। धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ ने 24 सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को बीसीसीएल सीवी एरिया के जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया. बाद में जीएम को मांग पत्र सौंपा. जीएम सुधाकर प्रसाद ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया. प्रदर्शन में महेश तांती, लालमोहन दास नागेंद्र कुशवाहा, गुड्डू सिंह, मंटू कुमार सहित दर्जनों सदस्य शामिल थे.

धकोकसं की मांगों में सभी अनुषांगी कंपनी में एक जैसा सदस्यता सत्यापन बैंक ऑफ सिस्टम, आईआर पद्धति सुनिश्चित करने, वेतन समझौता में मंजूर मांगों का क्रियान्वयन, सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल निर्माण, पैरामेडिकल स्टाफ की बहाली, अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध करने, कैडर स्कीम में सुधार कर कंपनी में पुराने पदनाम जैसे (जेनरल मजदूर, माइनिंग सरदार, ओवरमैन, डाटा इंट्री ऑपरेटर) में बदलाव करने, महिला सशक्तिकरण के लिए कमेटी का गठन करने, भूमि अधिग्रहण के मुआवजा में वृद्धि, कैशलेस इलाज सुनिश्चित करने, कर्मियों को स्मार्ट कार्ड देने, ठेका मजदूरों से आठ घंटे ड्यूटी, बायोमीट्रिक हाजिरी, वेतन, भत्ते, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, बोनस पीएलआर, एचपीसी वेजेज का क्रियान्वयन, कोल उद्योग में कार्यरत मजदूरों को दुर्घटना होने पर सिंगरेनी कंपनी की तर्ज पर स्थायी मजदूरों को एक करोड़ 15 लाख रुपये तथा ठेका मजदूरों को 40 लाख रुपये दुर्घटना बीमा लागू करने आदि शामिल है.

### झारखंड के कई इलाकों में होगी भारी बारिश, इस बार दुर्गा पूजा में डाल सकती है खलल

रांची, एजेंसी। बंगाल की खाड़ी में निम्न दवाब वाला क्षेत्र बनने से झारखंड के सभी इलाके में बारिश हो रही है. गुरुवार को साहिबगंज में भारी बारिश हुई. यहां 106 मिमी बारिश रिकॉर्ड किया गया, जबकि रांची व आसपास के इलाके में आकाश में बादाल छाये रहे तथा छिटपुट बारिश हुई.मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह कई जगहों पर भारी बारिश होने की संभावना है. खास कर राज्य के उत्तर-पूर्वी, उत्तर-पश्चिम तथा दक्षिण-पूर्वी भाग में भारी बारिश को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है. कहीं-कहीं बज्रपात भी हो सकता है. रांची में दोपहर बाद आकाश में बादल छाये रहेंगे व कहीं-कहीं ही छिटपुट बारिश हो सकती है. शुक्रवार को ही संताल परगना में भारी बारिश होने की चेतावनी दी गयी है.मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से रांची और आसपास के इलाके में मौसम साफ होने की संभावना है. कई इलाकों में आकाश में बादल छाये रहेंगे. इधर मौसम विभाग ने एक बार फिर बंगाल की खाड़ी में दो अक्तूबर से निम्न दवाब का क्षेत्र बनने की संभावना व्यक्त की गयी है. इससे तीन अक्तूबर से सात अक्तूबर तक झारखंड में बारिश हो सकती है. इससे दुर्गा पूजा में खलल पड़ने की संभावना है.मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में एक जून 2024 से 26 सितंबर 2024 तक सामान्य से एक प्रतिशत कम बारिश हुई है. झारखंड में सामान्य बारिश 999.7 मिमी है, जबकि वास्तविक वर्षापात 990.5 मिमी है.

# भाजपा के परिवर्तन यात्रा में भारी बारिश के बावजूद गोल्फ मैदान में डटे रहे भाजपा समर्थक



धनबाद, एजेंसी। धनबाद में भाजपा की ओर से आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में भारी बारिश के बावजूद समर्थकों में भारी जोश दिखा. धनबाद से टिकट के कई दावेदारों ने खुल कर शक्ति प्रदर्शन किया. कई नेता बारिश में भींगते हुए रोड शो करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे. गुरुवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ था. रह-रह कर बारिश हो रही थी. कार्यक्रम शुरू होने से पहले बारिश तेज हो गयी. पूरा शहर अस्त-व्यस्त हो गया.

इसके बावजूद कार्यक्रम स्थल पर टिकट के दावेदार अपने समर्थकों के साथ पूरे उत्साह के साथ पहुंच रहे थे. झूमर नाच हो रहा था. कोई खुली गाड़ी में रोड शो करते हुए आ रहे थे. विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा में नेताओं ने एक तरह से शक्ति प्रदर्शन किया. परिवर्तन यात्रा को लेकर आज शहर में कई स्थानों पर रोड शो होना था. लेकिन, बारिश के चलते नहीं हुआ. सभी नेता सीधे कार्यक्रम स्थल पर पहुंच रहे थे.

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तय समय से लगभग 50 मिनट विलंब से पहुंचे. बारिश को लेकर लग रहा था शायद मुख्य अतिथि नहीं आ पायें. मंच से बार-बार घोषणा हो रही थी कि राजनाथ सिंह कुछ ही क्षणों में आने वाले हैं. रक्षा मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपराह्न 3.53 बजे मंच पर पहुंचे. उस समय पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय भाषण दे रहे थे. खराब मौसम को देखते हुए कार्यक्रम में कटौती की गयी. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद दीपक प्रकाश, धनबाद के सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा को बोलने का मौका नहीं मिला. सीधे प्रदेश अध्यक्ष ने माइक पकड़ा व संक्षिप्त में भाषण दिया. इसके बाद रक्षा मंत्री ने संबोधन शुरू किया. वह 39 मिनट तक बोले.

रक्षामंत्री जब भाषण दे रहे थे, तब कुछ भाजपा समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी. एक दावेदार के कुछ समर्थक कुर्सी पर चढ़ कर नारा लगाने लगे. इस पर रक्षा मंत्री ने नाराजगी जतायी. उन्हें चुप रहने को कहा. थोड़ी देर सब शांत रहे. फिर नारेबाजी होने लगी, तो मंत्री ने कहा यहां के युवा साथी कुछ ज्यादा ही उत्साहित लग रहे हैं.

बड़े नेताओं के आने से पहले ही कार्यक्रम शुरू हो गया था. बारिश में कार्यकर्ता वहां बने रहें. इसके लिए भजन, भक्ति गीतों का आयोजन हुआ. छऊ नृत्य भी पेश किया गया.

# पुरानी पेंशन स्कीम के लिए निकली कैंडल मार्च




रांची, एजेंसी। एनएमओपीएस (नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम) व एफएएनपीएसआर (फ्रंट अगेस्ट एनपीएसइन रेलवे ) के केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को धनबाद स्टेशन परिसर से कैंडल मार्च निकाला गया. इसमें केंद्र व राज्य के कर्मी शामिल हुए.

यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) व एनपीएस (नेशनल पेंशन सिस्टम) के विरोध किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता इसीआरइयू के संरक्षक बीआर सिंह व संचालन एनएमओपीएस व एफएएनएसपीआर उपाध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा ने किया. कार्यक्रम में ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लॉयज यूनियन, ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन, ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल, ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन, रेल कर्मचारी ट्रैकमेंटेनर एसोसिएशन, ऑल इंडिया रेल ट्रक मेंटेनर यूनियन, ईस्ट सेंट्रल रेलवे वर्क्स कर्मचारी एसोसिएशन, ऑल इंडिया टिकट चेकिंग स्टाफ संगठन व झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड ईप्लॉयज फेडरेशन का समर्थन था.

सैकड़ों सदस्यों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया. बीआर सिंह, ईसीआरईयू उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि कर्मियों को हर हाल में ओल्ड पेंशन स्कीम चाहिए. मौके पर इसीआरयू के शाखा सचिव उदय कुमार, सुबोध कुमार, कमलेश कुमार, रामाशीष कुमार, अनिल कुमार सिंह, मुकुंद कुमार, मुन्ना चौधरी, एसके चौधरी, संतोष गुप्ता, एमके यादव, यूके सैनिक, शंकर यादव, जेके महतो, आरके सिंह तथा जेएचएआरओटीईएफ से उज्ज्वल तिवारी, जय होरो, ब्रजेश भट्ट, संजय गिरी, राकेश कुमार,लक्ष्मी नारायण, प्रमोद सिंह चौधरी आदि मौजूद थे.

### सदर अस्पताल में डीपीएचएल का निर्माण पूरा स्वास्थ्य कर्मियों की ट्रेनिंग के बाद शुरू होगी जांच

रांची, एजेंसी। सदर अस्पताल में अगले माह से डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, मंकी पॉक्स समेत विभिन्न गंभीर वायरल बीमारियों से संबंधित जांच की सुविधा मरीजों को मिलेगी. वायरल बीमारियों की जांच के लिए मरीजों के सैंपल जिले के बाहर व दूसरे लैब में भेजने की जरूरत नहीं होगी. सदर अस्पताल में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ लेबोरेट्री (डीपीएचएल) लैब का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. इस लैब में मरीजों को विभिन्न बीमारियों की जांच की सारी सुविधा एक ही जगह पर मिलेगी. सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन ने बताया कि लैब में करीब 150 से अधिक तरह की जांच होगी. लैब में नियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को ट्रेनिंग के लिए रांची भेजने की तैयारी है. उनके ट्रेनिंग प्राप्त कर वापस लौटते ही लैब को शुरू कर दिया जायेगा.

लैब में अलग-अलग जांच के लिए स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से मशीनें मुहैया करायी गयी हैं. सभी मशीनों को इंस्टॉल कर लिया गया है. मशीनों के संचालन के लिए टेक्नीशियन, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, बायोकेमिस्ट के साथ पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर की नियुक्ति की गयी है. इन सभी को रांची में ट्रेनिंग देने की तैयारी है.

यहां चिकन पॉक्स, डेंगू के लिए एलाइजा, मलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस चिकुनगुनिया, टीबी के अलावा माइक्रोबायोलॉजी से संबंधित सारी जांच होगी. इनमें वायरोलॉजी, बैक्टीरियोलॉजी, प्रोटिस्टोलॉजी, माइक्रोलॉजी, इम्यूनोलॉजी और पैरासिटोलॉजी की जांच शामिल है. बीएसएल टू मानक की लैब में स्क्रब टाइफस, मलेरिया, एक्यूट इंसेफेलाटिस सिंड्रोम, डायरिया समेत संचारी रोगों से जुड़ी जरूरी जांच तथा कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, गुर्दा, मोतियाबिंद, अल्जाइमर आदि बीमारियों की जांच हो सकेगी.

# जेल और लाठी-डंडे से नहीं डरते, झारखंडी लड़कर लेंगे हक, रांची में गरजे सीएम हेमंत सोरेन

रांची, एजेंसी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को एक बार फिर राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधा। राजधानी के प्रभात तारा मैदान में 1.77 लाख किसानों के 400 करोड़ से अधिक के लोन माफी कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जब हम अधिकार मांगते हैं तो हमें जेल में डाल देते हैं, लेकिन झारखंडी जेल और लाठी-डंडे से डरने वाला नहीं है। लड़कर झारखंड लिया था। अब लड़कर अपना हक भी लेंगे।

उन्होंने कहा, विपक्ष ने लगातार झूठा आरोप लगाया और अंत में उन्हें जेल में डाल दिया। नेक इरादा और ईमानदारी से काम कर रही सरकार को अगर कोई झूठा आरोप लगाकर परेशान करता है तो गरीबों की हाय लगती है। आप लोगों के आशीर्वाद से फिर से हम आप लोगों के सामने हैं। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द राज्य में चुनाव होने वाला है। विपक्षी गिद्ध की तरह मंडरा रहे हैं। ऐसी-ऐसी शक्ल के लोग दिख रहे हैं, जिसे आपने कभी नहीं देखा होगा। यह लोग चुनाव में दिखेंगे। इनसे होशियार रहिएगा, क्योंकि चुनाव के बाद ये लोग नहीं दिखेंगे।

सोरेन ने कहा कि जब बेरोजगारों को रोजगार, महिला को सम्मान, बेटियों को शिक्षा, मजदूरों को काम देते है तो ये लोग न्यायालय चला जाता है और योजना को बाधित करता है। अब किसानों को सम्मान दे रहे हैं तो पता नहीं है कि इसको लेकर भी न्यायालय में जाए। हम सभी लड़ाई जीतेंगे। राज्य बनने के बाद सबसे ज्यादा भाजपा की सरकार रही है। उनकी एक भी उपलब्धि नहीं है। इन्होंने जल, जंगल और जमीन को उजाड़ने का प्रयास किया। हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई के नाम पर आपस में लड़ाकर राजनीतिक रोटी सेंकते हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग व्यापारी हैं। इनके पास इतने पैसे हैं कि जहां हारते हैं, वहां पर सरकार खरीद लेते हैं। महाराष्ट्र इसका उदाहरण है। जहां खरीद नहीं सकते हैं। वहां पर झूठे केस में फंसाकर जेल भेज कर सरकार ही बदल दिया जाता है। इनके पास किसानों को देने के लिए एमएसपी, किसानों के लोन माफी, पेंशन देने का पैसा नहीं है, लेकिन बड़े-बड़े पूंजीपतियों का ऋण माफ करने का पैसा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पूंजीपतियों के पास इतना पैसा है कि गिनते-गिनते पूरी उम्र गुजर जाएगी फिर भी गिन नहीं पाएंगे। ये लोग किसानों को आय दोगुनी करने की बात करते हैं मगर उन्हीं किसानों पर गोली और लाठी-ठंडा चलवाते हैं। किसानों ने भी एक साल तक दिल्ली को घेर कर बता दिया कि किसानों को मत छेड़ो। अंत में सरकार को तीनों काला कानून वापस लेना पड़ा। यह है देश के अन्नदाताओं की ताकत, जब ये अपने पर आ जाएं तो सरकारें बदल देते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो अपने वादों के अनुसार किसानों के 50 हजार का लोन माफ किया। हम किसानों को वादों के अनुसार दो लाख तक लोन माफ कर रहे हैं। हमारा राज्य गरीब है। हमारे किसानों के पास जमीन ही बैंक है और फसल ही एटीएम है। किसान लोन लेकर खेती करते हैं। मौसम की मार के कारण फसल खराब हो जाती है और किसान कर्ज में डूब जाते हैं।

उन्होंने कहा कि व्यापारी लोगों को छत्तीसगढ़ का एक जंगल दे दिया गया। वहां आंदोलन चल रहा है। हो सकता है कि ये लोग यहां फिर से आ गए तो यहां के भी जंगल इन्हें सौंप दें। देश का हर चीज बेच दिया, देश को बेच दिया, परिसंपत्ति बेच दिया। अब जंगल भी बेचने की तैयारी में हैं ताकि आदिवासी ही खत्म हो जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसान केवल मौसमी अन्य और सब्जी न उगाएं, बल्कि फल-फुल आदि भी उजपाएं। कश्मीर में उपजने वाले फल और फूल भी उगाएं। हमारे लोग मांस-मछली और अंडा भी खाते हैं। मछली और अंडा दूसरे प्रदेशों से आता है। हमारे किसान भाई पशुपालन करके राज्य में खपत को पूरी कर सकते हैं और अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

कार्यक्रम में राज्य के वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव, श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक राजेश कच्छप, सांसद डा महुआ माजी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विभागीय सचिव अबु बकर सिद्धिकी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### हार से ज्यादा जीत

भारतीय क्रिकेट टीम दुनिया की सम्मानित टीमों में शुमार है, पर टेस्ट क्रिकेट एक ऐसा मोर्चा था, जहां हम ज्यादा हारते थे और कम जीतते थे। चेन्नई में बांग्लादेश की क्रिकेट टीम को टेस्ट मैच में हराते ही भारतीय टीम ने ज्यादा हारने का दाग छुड़ा लिया है। भारतीय टीम ने अभी तक कुल 580 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से 179 मैचों में उसे जीत मिली है, जबकि 178 में हार। कुल 222 मैचों में मुकाबला बराबरी पर ठहरा और एक मैच टाई रहा है। मतलब, अपने 92 साल के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार भारत के पास हार से ज्यादा जीत हैं। ध्यान रहे कि एकदिवसीय क्रिकेट के साथ ही टी-20 में भी भारत की जीत का प्रतिशत अच्छा रहा है। एकदिवसीय में हम 559 मैच जीते हैं, जबकि 445 हारे हैं। टी-20 में हम 154 जीते और 69 हारे हैं। मतलब, केवल टेस्ट मैच ही वह मोर्चा था, जहां रिकॉर्ड बुक खोलते ही निराशा होती थी। अब यह निराशा दूर हो गई है और यहां से भारत जीत की यात्रा पर तेजी से आगे बढ़ सकता है। इससे टेस्ट खेलने वाले अच्छे खिलाड़ियों के साथ ही भावी खिलाड़ियों को भी बल मिला है। इतिहास की चर्चा अगर करें, तो आज से दो सौ साल पहले अपने देश में क्रिकेट दिखने लगा था। भारत में पहला दर्ज क्रिकेट मैच साल 1851 में कलकत्ता क्लब और बैरकपुर जेंटलमैन के बीच हुआ था। हालांकि, काफी समय बाद भारत ने 25 जून,1932 को अपना पहला टेस्ट मैच इंग्लैंड के खिलाफ लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला था। तब हम बहुत हारते थे, जहां जाते थे, हारकर लौटते थे। साल 1952 में हमने जीतने की शुरुआत की, मगर तब भी हमारा जोर मैच को ड्रॉ कराने पर ज्यादा रहता था। मैच ड्रॉ हो जाए, तो खिलाड़ी खुश हो जाते थे और कप्तान सफल मान लिया जाता था। भारतीय क्रिकेट में बदलाव की शुरुआत 1970 के दशक में हुई। हालांकि, एकदिवसीय विश्व कप में जीत, टीवी पर क्रिकेट के प्रसारण, आर्थिक उदारीकरण और व्यावसायिकता ने भारत में क्रिकेट को बहुत लोकप्रिय बना दिया। बड़ी संख्या में प्रतिभावान युवाओं का क्रिकेट में आगमन हुआ। यदि हम एक पंक्ति में कहें, तो खिलाड़ियों को आर्थिक लाभ, सुरक्षित भविष्य और खेल की ख्याति ने क्रिकेट को हमेशा के लिए बदल दिया। क्रिकेट ने गरीब और आम घरों के लड़कों को भी अमीर होने का चमकदार रास्ता दिखा दिया।

### शुद्धता की चिंता

उत्तर प्रदेश सरकार ने खान-पान की शुद्धता सुनिश्चित करने और बढ़ती मिलावटखोरी व बदनीयती को नियंत्रित करने के इरादे से इस कारोबार से जुड़ी दुकानों व संस्थाओं के लिए जो नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, वे स्वागत के योग्य हैं। इन दिशा-निर्देशों के मुताबिक, राज्य में खान-पान की दुकानों के बोर्ड पर न सिर्फ संचालक, मैनेजर को अपना नाम लिखना होगा, बल्कि होटलों, ढाबों और रेस्तरां में सीसीटीवी कैमरे भी लगाने होंगे और वहां काम करने वाले कर्मियों को मास्क पहनना होगा। सरकार ने संबंधित अधिकारियों को सूबे के सभी होटलों, ढाबों व रेस्तरां की नियमित जांच के आदेश दिए हैं। जाहिर है, स्वच्छता एक ऐसी अपेक्षा है, जिसके लिए शासकीय हस्तक्षेप की जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए थी, मगर दुर्योग से हम इस मामले में एक लापरवाह समाज रहे हैं और मुनाफाखोरी की बढ़ती प्रवृत्तियों ने इस लापरवाही को जानलेवा हद तक पहुंचाना शुरू कर दिया है। ऐसे में, राज्य सरकार के दिशा-निर्देश बिल्कुल मुनासिब हैं और ऐसी ही सजगता दूसरे राज्यों को भी दिखानी चाहिए। मगर विडंबना यह है कि ऐसे जरूरी कदम भी कई बार राजनीति से प्रेरित होकर उठाए जाते हैं या फिर उन्हें सियासी चश्मे से देखा जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने यह कदम हाल ही में घटी कुछ ऐसी घटनाओं के मद्देनजर उठाया है, जिनमें खाने-पीने की चीजों में अखाद्य पदार्थों की मिलावट करते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुए थे और स्वाभाविक ही वे सामाजिक आक्रोश की वजह भी बने। फिर अभी चंद रोज पहले ही देश के सबसे प्रसिद्ध देवालयों में से एक तिरुपति बालाजी के प्रसाद में कथित रूप से पशु वसा की मिलावट की खबर ने पूरे देश को झकझोरकर रख दिया था। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को इससे गहरी चोट लगी है। धार्मिक शुचिता और आस्था से परे नागरिक हितों से भी जुड़ा यह एक गंभीर प्रश्न है कि हम जो खा-पी रहे हैं, वह कितना शुद्ध है और जो लोग इस पेशे से जुड़े हैं, वे कितनी ईमानदारी से लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं? देश में उपभोक्ता-हितों की रक्षा के लिए कठोर कानूनों की कोई कमी नहीं, मगर जमीनी स्तर पर उनके लागू न हो सकने के कारण ही स्थितियां बिगड़ी हैं, बल्कि कुछ दुष्ट प्रवृत्ति के लोगों का दुस्साहस भी बढ़ा है।

## योग एवं योग-निद्रा के चमत्कारी प्रभाव से वैज्ञानिक सहमत

*शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक शांति एवं स्वस्थ्यता के लिये योग की एकमात्र रास्ता है। लेकिन भोगवादी युग में योग का इतिहास समय की अनंत गहराइयों में छुप गया है। वैसे कुछ लोग यह भी मानते हैं कि योग विज्ञान वेदों से भी प्राचीन है। दुनिया में भारतीय योग को परचम फहराने वाले स्वामी विवेकानंद कहते हैं- ''निर्मल हृदय ही सत्य के प्रतिबिम्ब के लिए सर्वोत्तम दर्पण है।*

**(ललित गर्ग)**

विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, नींद न आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लड़ने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। विश्व में भारतीय योग की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, योग के चमत्कारी प्रभावों को अब विज्ञान भी स्वीकारने लगा है। अमेरिका, यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। योग अनेक असाध्य बीमारियों को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार को देश-विदेश में योग को प्रतिष्ठित करने तथा एलोपैथी व अन्य भारतीय चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए। उनके प्रयत्नों से भारतीय योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है। आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव एवं अनिद्रा महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। नये शोध से तथ्य सामने आया है कि नियमित योग व ध्यान करने वाले प्रतिभागियों की नींद को नियंत्रित करने की क्षमता सामान्य प्रतिभागियों से अधिक पायी गई। इस नये वैज्ञानिक शोध में ऐसे कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए। निस्संदेह, जिन लोगों को कई तरह के मनोकायिक रोग होते हैं, उनके लिये योग निद्रा रामबाण सिद्ध हो सकती है। यही वजह है कि अमेरिका व आस्ट्रेलिया आदि देशों में व्यावसायिक तनाव कम करने हेतु योग निद्रा पर जोर दिया जाता है। दिल्ली में हुए शोध में योग निद्रा से चेतना के उच्चतम स्तर को हासिल करने के तथ्य को भी स्वीकारा गया। शोधकर्ताओं ने माना कि योग निद्रा के जरिये गहरे अवचेतन मन में दबी कुंठाओं को मानसिक सतह पर लाकर, कालांतर उनसे मुक्ति में मदद मिलती है। जिससे व्यक्ति की सेहत में सुधार होता है। पिछले दिनों कनाडा के ओंटेरियो यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन के अनुसार कुंठा और तनाव के लगभग 64 प्रतिशत मरीजों ने माना कि उन्हें इस बात का अंदाज नहीं था कि उनकी खास बीमारी की वजह अंदर दबा गुस्सा हो सकता है। यह गुस्सा दूसरों की वजह से शुरू होता है और अंततः इसे आप अपने ऊपर निकालने लगते हैं। कुछ मामलों में मरीजों ने अपने आपको नुकसान भी पहुंचाया। विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, नींद न आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लड़ने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी भीतरी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे। हमारी हजारों साल के योग की विरासत की सार्थकता निर्विवाद है। लेकिन प्रगतिशील कहे जाने वाले एक तबके का तर्क होता है कि योग को विज्ञान की कसौटी पर कसा जाए। इसी के मध्यनजर तरह-तरह के शोध एवं अनुंसधान योग को लेकर हो रहे हैं, अब आईआईटी व एम्स दिल्ली के शोध में यह बात सामने आयी है कि योग से आराम के गहरे अहसास होते हैं। दरअसल, योग निद्रा सोने और जागने के बीच एक सचेतन अवस्था है। जिसका उपयोग योगी ध्यान साधना के लिये करते रहे हैं। योग निद्रा की मानसिक सेहत के लिये उपयोगिता निर्विवाद रही है। शोध के दौरान बनाये गए दो समूहों में से नियमित योग करने वाले समूह के लोगों के मस्तिष्क के पैटर्न के तुलनात्मक अध्ययन से पता चला कि योग निद्रा हमारे मस्तिष्क को कैसे नियंत्रित करती है। योगी बताते हैं कि कुछ मिनटों की योग निद्रा कई घंटे की सामान्य नींद के मुकाबले ज्यादा आराम देने वाली होती है। व्यक्ति धीरे-धीरे योग निद्रा की अवधि बढ़ाकर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकता है। वहीं यह हमारे ध्यान को गहरा बनाने में भी मददगार साबित हो सकती है। अभी कुछ दिन पहले ही एक बात समाचारपत्रों में पढ़ी कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है। इस आधार पर तो हम यही कह सकते हैं कि हम अपने मस्तिष्क का सही और पूरा उपयोग करना नहीं जानते। चाहे कर्म का क्षेत्र हो या धर्म का क्षेत्र हो, दोनों में हम पिछड़े हुए हैं। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यों ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था। बहुत सारी शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं अज्ञान के कारण पैदा होती हैं। शरीर और उसके विभिन्न अवयवों के बारे में जानकारी के अभाव में आदमी के सामने अनेक शारीरिक कठिनाइयां खड़ी हो जाती हैं। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है।

## नई जनगणना से निर्णायक दस्तावेज तैयार कीजिए

**(मनु गौड़, जनसंख्या विशेषज्ञ)**

किसी भी देश के विकास के लिए जनगणना बहुत आवश्यक है। हमारे देश में पहली जनगणना सन् 1872 में प्रारंभ हुई थी और वर्ष 1881 में पहली पूर्ण जनगणना की गई। चूंकि किसी भी वर्ग या समुदाय के लिए नीति-निर्धारण में उसकी वास्तविक जनसंख्या की जानकारी बहुत जरूरी होती है, इसीलिए ब्रिटिश सरकार ने भारत में जनगणना प्रारंभ की थी, जो आजादी के बाद भी जारी रही। आजादी के बाद पहली जनगणना सन् 1951 में की गई और तब से प्रत्येक दस वर्ष के अंतराल पर 2011 तक देश में कुल सात बार जनगणना हुई है। मगर इस क्रम में साल 2021 में होने वाली जनगणना अभी तक नहीं हो सकी है, क्योंकि कोविड महामारी के कारण इसे तब स्थगित किया गया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर आई कोविंद समिति की रिपोर्ट को हरी झंडी दिखाए जाने पर अब जनगणना होने की उम्मीद बढ़ चली है, क्योंकि विधानसभाओं व लोकसभा के परिसीमन के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। इस समय जातिगत जनगणना के लिए देश में जोर-शोर से आवाज उठाई जा रही है। ब्रिटिश राज में सन् 1931 में जातिगत जनगणना कराई गई थी, जिसे 'फूट डालो और राज करो' की कार्रवाई माना गया था। मगर जातिगत जनगणना अब एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है, क्योंकि इसी के आधार पर निश्शुल्क योजनाओं द्वारा वोटों को प्रभावित कर सरकार में आने के रास्ते साफ होते हैं। बहरहाल, आजादी के बाद हुई सात जनगणनाओं बावजूद हमारे पास आज भी रियल टाइम आंकड़ों का अभाव है और सरकार का हरेक विभाग अपनी योजनाओं के लिए अलग-अलग सर्वे कराता है, पहचान-पत्र जारी करता है, आंकड़े जुटाता है और उन पर हजारों करोड़ रुपये खर्च करता है। उदाहरण के लिए, यदि सरकार विधवा महिलाओं के लिए कोई योजना लागू करना चाहे, तो उसे किसी भी आंकड़े से यह जानकारी नहीं मिल सकती कि हमारे देश में वर्तमान में कितनी विधवा महिलाएं हैं? जब वास्तविक आंकड़े ही नहीं होंगे, तो प्रभावी नीतियों का निर्माण कैसे संभव है? इस बार के बजट में जनगणना-कार्य के लिए लगभग 1,310 करोड़ रुपये की धन-राशि निर्धारित की गई है। साल 2009 से 2024 के मध्य आधार कार्ड बनाने पर 4,467 करोड़ रुपये की धन-राशि खर्च हुई है। उसी प्रकार, बीपीएल सर्वे, एनएचएफएस सर्वे, बाल गणना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, खाद्य योजना, किसान सम्मान निधि, मतदाता पहचान-पत्र, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर, परिवार पहचान-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, वारिसान प्रमाण-पत्र जैसी योजनाओं व सुविधाओं के सर्वे और लाभार्थियों की पहचान के लिए केंद्र और राज्य सरकारें हजारों करोड़ रुपये खर्च करती हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति का एक केंद्रीय डेटाबेस तैयार किया गया होता, जिसके आधार पर सभी प्रकार की सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल पाता, तो प्रत्येक वर्ष सर्वे व लाभार्थी चिह्नीकरण के नाम पर खर्च होने वाले हजारों करोड़ रुपये की बचत होती। इस बार की जनगणना कराते समय यदि केंद्र सरकार सभी नागरिकों के आधार नंबर से पुष्टि कराती है और इसको पैन, मतदाता पहचान-पत्र, परिवार पहचान-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, विवाह-तलाक पंजीकरण आदि से भी जोड़ दिया जाता है, तो हमें भविष्य में किसी भी प्रकार के सर्वे या लाभार्थी चिह्नीकरण के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह, हमारे पास पीढ़ियों तक के हर प्रकार के रियल टाइम आंकड़े उपलब्ध रहेंगे और फर्जी प्रमाण-पत्र बनाकर सुविधाओं के लाभ लेने पर भी रोक लगेगी। भारत सरकार को इस जनगणना के माध्यम से एक ऐसा नेशनल डेटाबेस तैयार कराना चाहिए, जिसमें सीआरएस पोर्टल के जरिये जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी होने पर संबंधित परिवार की संख्या स्वतः ही घट या बढ़ सके। इस जनगणना के माध्यम से यदि सभी के विवाह एवं तलाक का भी अनिवार्य रूप से पंजीकरण करा लिया जाता है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा। ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो आपकी खिन्नता को बढ़ा देंगे। सायंकाल के समय कोई खुशखबरी मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा। रात्रि के समय किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। आपके सुख में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। आपके सुख में वृद्धि होगी।

### वृष
आज दिन सुख समृद्धि से भरा होगा। आपके जीवन से हर प्रकार की बाधा दूर होगी। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपको परेशानी होगी। परिवार की तरफ से भी वांछित समाचार मिलने के संकेत नहीं है। शाम के वक्त कोई डील फाइनल हो सकती है और लोग आपका सहयोग करेंगे। पड़ोसी सहयोग करेंगे और आपके भाग्य में वृद्धि होगी।

### मिथुन
आज आप धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग करेंगे और ऐसा करने में आपको प्रसन्नता होगी। यदि आप व्यापार कर रहे हैं तो आपके व्यापार में आज कुछ नए परिवर्तन होंगे जिससे आगे चलकर आपको लाभ होगा। शाम से लेकर रात तक आपको शुभ लाभ होगा।

### तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। आपको नए कार्य करने का मौका मिलेगा और योजनाएं सफल होंगी। आपके परिवार में मनमुटाव की स्थिति रहेगी। शाम के समय आपके भाग्य में वृद्धि होने से मन प्रसन्न होगा। अकस्मात खर्च बढ़ेगा। आप इस समय में धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य से आप परेशान हो सकते हैं।

### वृश्चिक
आज दिन सुख में बीतेगा और मन प्रसन्न रहेगा। धर्म और आध्यात्म में आपको रुचि रहेगी और बाकी चीजों से मन हट जाएगा। शाम से लेकर रात आपको भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपकी बुद्धि विवेक से नए ज्ञान में वृद्धि होगी। नए कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप दूसरों की कमियां ढूंढना छोड़ दें तो आज आपकी शान में चार चांद लग सकता है।

### धनु
आज करियर के मामले में लाभ होगा। अपनी शान शौकत के लिए धन का व्यय करेंगे, गरीबों की सहायता और अपनी वाक्पटुता और कार्य कुशलता से दूसरे व्यक्तियों को अपनी ओर आकृष्ट करने में सक्षम रहेंगे। सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म में लगेगी। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य में वृद्धि होगी।

### कर्क
आज सफलता प्राप्त होगी और भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा। आपके भौतिक सुख सुविधाओं में कुछ कमी आ सकती है। आप अपने मन की बात को शीघ्र दूसरों से उजागर न करें नहीं तो आपकी कोई योजना दूसरों को पता चल सकती है। शाम के वक्त आपकी सेहत में गड़बड़ हो सकती है और आपका काम रुक सकता है।

### सिंह
आज लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। आपके निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा और सुख में वृद्धि होगी। आपका कोई विवाद राज्य में या समाज में लंबित है तो उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। कहीं से रुका धन मिलने से आपको खुशी होगी। धन का लाभ होगा। शाम से लेकर रात तक किसी जरूरी काम में आपकी भागदौड़ हो सकती है।

### कन्या
आज आपकी नवीन योजनाएं सफल होने से आपको खुशी होगी। आपकी रुचि आध्यात्मिक कार्य में रहेगी और आपके आपके अच्छे कर्मों से आपके खानदान का नाम ऊंचा होगा। सायंकाल का समय गाने बजाने संगीत और सैर सपाटे में बीतेगा। परिवार के लोगों के साथ मन खुश रहेगा।

### मकर
आज दिन लाभ से भरा होगा, लेकिन आपको परिश्रम अधिक करना होगा। समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा, परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। उत्तरदायित्व बढ़ेगा। सब लोग आपके साहस और पराक्रम की प्रसंशा करेंगे।

### कुंभ
आज लाभ होगा और आपका मन खुश रहेगा। मानसिक अशांति खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। आपकी संतान व पत्नी के प्रति प्रेम भावना बढ़ेगी। यदि आपकी प्रोन्नति रुकी है तो इस वक्त होने से आपको खुशी होगी। आकस्मिक चिंता होने की संभावना है। दूसरे व्यक्तियों व आगन्तुकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सायंकाल तक आप कामयाब हो जाएंगे।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो कि चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। आपका किसी काम में मन नहीं लगेगा और आपको शाम के वक्त कुछ निराशा का अनुभव होगा। आपके जीवन में परेशानियां और समस्याएं आ सकती हैं और किसी मामले में कोई मजाक बनाए तो बुरा न मानें।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5505

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 3 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 1 | 7 | |
| 8 | 4 | | | 1 | | 6 | | 9 |
| | | | | 2 | 5 | | | |
| 2 | 6 | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| 1 | | 3 | | 7 | | | 2 | 4 |
| | 9 | 7 | | | | | | 6 |
| | | 8 | 4 | | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5504

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5505



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. इस देश की राजकुमारी ऐन ने आम नागरिक से 14 नवंबर 1973 को विवाह किया। इससे पहले राजघराने में ऐसा नहीं हुआ था (3)
4. मस्तक पर चंद्रमा धारण करने के कारण भगवान शिव का एक नाम, भालचंद्र, चंद्रमा का एक नाम (4)
6. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
7. अभ्यास पुस्तिका (अंग्रेजी)(4)
9. सूरमा, योद्धा, बहादुर (2)
10. शास्त्रीय संगीत में पंचम स्वर (1)
11. शाखायुक्त, टहनीदार, प्रशाखित (4)
13. पहले फारमूसा कहलाने वाले देश ताइवान की यह राजधानी है (3)
15. मुख से उच्चारित शब्द, वाद्य के बंधे शब्द (2)
16. अध्ययन (अंग्रेजी)(2)
18. गृह, आवास स्थल (2)
19. इस फल को कदरी भी कहते है (2)
21. भेंट, उपहार (4)
23. चतुराई, प्रवीणता (4)
24. स्वामी, प्रभु, मालिक (2)

**(ऊपर से नीचे**
1. पुल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
3. इराक का प्रमुख शहर जहां इस्लाम केपहले इमाम अली की मजार स्थित है (3)
4. नदी या झरने आदि बहने का स्वर (4)
5. अतिधर्मशील, धर्मरक्षक (4)
8. यह हंगरी की राजधानी है (4)
12. दायक, देने वाला (2)
13. ध्वजा पर ताल का चिन्ह रहने के कारण भीष्म पितामह का एक नाम यह भी है (4)
14. वाराणसी से करीब 6 किमी दूर स्थित बौद्धों का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल, सारंगनाथ (4)
17. उड़ान, पक्षियों की गति (2)
18. वंश, कुल, खानदान (3)
20. लुआब, लासा, राल (3)

### वर्ग पहेली 5504 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पो | लैं | ड | | अं | गो | ला | |
| ता | ड | का | | त | ल | वा | र |
| | क | र | वा | | | रि | त |
| ता | र | | रा | म | दा | स | |
| जी | ना | | ही | न | ता | | का |
| रा | | पा | | भा | र | द्वा | ज |
| त | ला | क | | व | | प | ल |
| | भ | | जा | न | व | र | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### अशोक गहलोत को सता रहा मानहानि में कानून का डर, बोले- केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत



**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के दो बड़े नेता पूर्व सीएम अशोक गहलोत और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। गहलोत के हमले के बाद केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पलटवार करते हुए कहा कि संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी के पीड़ितों को न्याय दिलाने की नीयत कभी पूर्व मुख्यमंत्री की नहीं रही। वो पहले भी इस प्रकरण को लेकर राजनीति कर रहे थे और आज भी वही कर रहे हैं। अब जब मानहानि में खुद को फंसता देख रहे हैं तो उन्हें मेरी दिवंगत मां का सम्मान भी याद आ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए शेखावत ने कहा कि संजीवनी प्रकरण में हाईकोर्ट से मुझे मिली क्लीन चिट से अशोक गहलोत व्यथित हो उठे हैं। जब तक वो सत्ता में थे, सरकार के संसाधनों का दुरुपयोग कर मुझे फंसाने की कोशिशें करते रहे। मुझे फंसाने के लिए वकीलों पर सरकारी कोष से 40 करोड़ रुपए खर्च कर दिए, लेकिन जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर जवाब दिया। शेखावत ने कहा कि बड़े आश्चर्य की बात है कि अब उन्हें मेरी दिवंगत मां के सम्मान की याद आ रही है। जब उन्होंने मेरी दिवंगत मां को लेकर अनर्गल बयानबाजी की थी, तब क्यों उनके मन में ऐसा सम्मान नहीं आया। अब जब कोर्ट में उनके खिलाफ मानहानि का केस और मजबूत हो गया है तो उन्हें कानून का डर सता रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अशोक गहलोत को हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश से एसआईटी गठन कर एसओजी की जांच की याद आ रही है। साफ है कि उन्हें सरकारी एजेंसियों पर कतई भरोसा नहीं है। शेखावत ने कहा कि भारत के संविधान और न्याय व्यवस्था पर मुझे पूरा भरोसा है। दुर्भावना के साथ पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने विरोधियों के खिलाफ जो षडयंत्र रचे, उसकी सजा उन्हें शीघ्र मिलेगी। यह उनके अपने बचाव में दिए बयान से और स्पष्ट हो गया है।

### गाजियाबाद में जबरन धर्म बदलने की कोशिश, हिंदू संगठनों का हंगामा

**गाजियाबाद एजेंसी।** मोदीनगर के विजयनगर कॉलोनी में एक महिला ने जबरन धर्मांतरण करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पहुंचे हिंदू संगठन के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने तीन लोगों पर जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। विजयनगर कॉलोनी निवासी संगीता ने शनिवार को उपजिलाधिकारी और एसीपी मोदीनगर को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि सास-ससुर और भतीजा जबरदस्ती इसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं। धर्म परिवर्तन न करने पर आए दिन मारपीट करते हैं। इस मामले में आशु ,अशर्फी और किशनपाल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। पुलिस का दावा था कि इस मामले में धर्म गुरुओं को भी जांच के घेरे में लाए गए हैं। महिला का आरोप है कि गुरुवार को तीन लोग बाइक पर आए और जबरन धर्मांतरण करने का दबाव बनाने लगे। जब ऐसा करने से इनकार किया तो वह उल्टा सीधा कहने लगे। महिला ने इसकी सूचना हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को दी। हिंदू संगठन से जुड़े नीरज शर्मा दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ विजयनगर कॉलोनी पहुंचे और तीनों लोगों को घेरकर हंगामा करना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि जो व्यक्ति कॉलोनी में आए हैं,उनमें से एक व्यक्ति इसाई धर्म से ताल्लुक रखते हैं। हंगामा बढ़ता देखकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत किया। पुलिस तीनों को मोदीनगर थाने ले आई। संगीता का आरोप है कि बाइक पर तीन लोग नोएडा से आए और धर्मांतरण करने की बात कह रहे थे। वह तरह-तरह का प्रलोभन भी दे रहे थे। धर्मांतरण न करने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी।

# बदलापुर केस: अक्षय के पिता की अर्जी पर अर्जेंट सुनवाई करेगा हाई कोर्ट, अब तक नहीं हुआ अंतिम संस्कार





**मुंबई, एजेंसी।**
बदलापुर केस में बॉम्बे हाई कोर्ट मृत आरोपी अक्षय शिंदे के पिता की अर्जी पर अर्जेंट सुनवाई को तैयार हो गया है। आरोपी अक्षय शिंदे को ठाणे पुलिस ने मार दिया था। परिजनों ने पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगाया है और कहा है कि इसके पीछे बड़ी साजिश है। पुलिस, स्कूल प्रबंधन के अलावा कई अन्य बड़े लोग भी इस साजिश में शामिल हो सकते हैं। अक्षय शिंदे पर बदलापुर के स्कूल के टॉइलेट में दो नाबालिग बच्चियों से रेप करने का आरोप था। वह स्कूल में सफाई का काम करता था।

अक्षय शिंदे के पिता ने अंबरनाथ म्युनिसिपल काउंसिल के चीफ ऑफिसर के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया था। अक्षय का परिवार उसके अंतिम संस्कार के लिए जमीन की मांग कर रहा है। इसके अलावा परिवार ने सुरक्षा की भी मांग की है। जस्टिस रेवती मोहिते और जस्टिस एमएम साथाये की बेंच दोपहर 1 बजे मामले की सुनवाई करने वाली है। अक्षय के चाचा अमर शिंदे ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने उसका शव दफनाने के लिए स्थान का चयन अब तक नहीं किया है। उन्होंने कहा, हम उसे दफनाने के लिए जगह की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने हमें कुछ जगह दिखाने के लिए बुलाया है। हम शव को सुरक्षित जगह पर दफनाएंगे। अमर शिंदे ने कहा कि अक्षय के माता-पिता और उसके वकील को सुरक्षा मुहैया कराई जानी चाहिए क्योंकि उनकी जान को खतरा है।

उन्होंने कहा, हमने इस अनुरोध के साथ उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री (देवेंद्र फडणवीस) को भी एक ईमेल भेजा है। अक्षय शिंदे के पिता के वकील अमित कटारनवरे ने बताया कि अक्षय शिंदे ने अतीत में इच्छा व्यक्त की थी कि वह अंतिम संस्कार के बजाय उसे दफनाया जाए। बुधवार को, उसके पिता ने उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि परिवार शव को अपने कब्जे में लेने के लिए तैयार है, लेकिन उन्हें दफनाने की जगह नहीं मिल रही है। सरकारी वकील ने उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया था कि ठाणे अपराध शाखा के एक पुलिस उपायुक्त स्थानीय प्राधिकारी से आवश्यक व्यवस्था करने के लिए कहेंगे।

अक्षय के पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए बंबई उच्च न्यायालय ने पुलिस के साथ गोलीबारी को लेकर चिंता व्यक्त की, कहा कि इस घटना को टाला जा सकता था और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर बल दिया। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने गोलीबारी की परिस्थितियों और पुलिस द्वारा स्थिति से निपटने के तरीके पर गंभीर सवाल उठाए थे।

अक्षय के पिता ने याचिका दायर कर पुलिस की इस बात को चुनौती दी है कि जांच के लिए बाहर ले जाते वक्त अक्षय ने पहले एक पुलिसकर्मी को गोली मारी और जवाबी फायरिंग में वह मारा गया। याचिका में शिंदे को फर्जी मुठभेड़ में मारे जाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई है। पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम को उसे तलोजा जेल से बदलापुर वापस ले जाया जा रहा था, तभी ठाणे के निकट मुंब्रा बाईपास पर गोलीबारी हुई, जिसमें उसकी मौत हो गई। किंडरगार्टन की दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना के बाद पिछले महीने बदलापुर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था।



## दोनों के मन में मैं बनूं-मैं बनूं; पायलट और अशोक गहलोत पर गोविंद सिंह डोटासरा बोले

**हिसार, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न दलों और राज्यों के नेताओं का तूफानी दौरा जारी है। चूंकि राजस्थान हरियाणा का पड़ोसी राज्य है, इसलिए वहां के नेता भी चुनाव प्रचार में जुटें है। इस दौरान पत्रकारों के कुरेदने पर राजस्थान के नेता अपने राज्य की राजनीति पर भी चर्चा छेड़ दे रहे हैं। एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राजस्थान के कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को लेकर पूछे गए एक सवाल पर प्रतिक्रिया दी।

गुरुवार को हरियाणा में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान गोविंद सिंह डोटासरा से जब पूछा गया कि जैसे हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सेलजा के बीच मुख्यमंत्री बनने की खींचतान चल रही है क्या ऐसी लड़ाई राजस्थान में सचिन पायलट और गहलोत के बीच में भी तो होती है। इस सवाल के जवाब में डोटासरा ने कहा कि लड़ाई तो नहीं होती, लेकिन उन दोनों के मन में होता है कि मैं बनूं- मैं बनूं। इसमें कुछ गलत भी नहीं है। आलाकमान तय करता है। आलाकमान ने अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बनाया तो सबने माना।

## छत्तीसगढ़ में झुंड से अलग हुए जंगली हाथी ने बोला हमला; एक की मौत- अन्य घायल

**जशपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला में जंगली हाथी के हमला करने की वारदात सामने आई है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया है। जशपुर प्रभाग के वन अधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि घटना आगडीह गांव की है। अब तक की जानकारी के मुताबिक पता चला है कि पड़ोसी राज्य झारखंड में हाथी अपने झुंड से अलग हो गया था। इसके बाद वो पड़ोसी राज्य के जशपुर में घुस गया था।

अधिकारी ने बताया कि सामने से आते दो लोगों के ऊपर जंगली हाथी ने हमला कर दिया। इसमें असित तिग्गा की मौत हो गई। वहीं उनके साथ के व्यक्ति अरविंद तिग्गा बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों को इसके बारे में पता चला तो उन लोगों ने घायल अरविंद को अस्पताल में भर्ती कराया और इसके बाद उन्हें अंबिकापुर अस्पताल में भेज दिया गया। मरने वाले व्यक्ति को 25000 रुपए की सहायता राशि देने की बात कही गई है।

# विश्व पर्यटन दिवस समारोह में उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांव को मिला सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार

**» नेपाल सीमा के निकट स्थित है, अपनी सामरिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण विशेष स्थान रखता है। इन गांवों में स्थानीय संस्कृति और आधुनिकता का संगम देखने को मिलता है। बागेश्वर जिले के सूपी गांव को कृषि पर्यटन के लिए पुरस्कृत किया गया। सूपी गांव अपनी पारम्परिक कृषि पद्धतियों और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है।**




विशेष संवाददाता | देहरादून

नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विश्व पर्यटन दिवस समारोह के आयोजन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तराखण्ड के चयनित ग्रामों के प्रधानों द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार प्राप्त किया गया। इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले के जखोल गांव को साहसिक पर्यटन के लिए चुना गया, जो अपनी ऊंचाई, खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों और चुनौतीपूर्ण ट्रेकिंग रूट्स के लिए जाना जाता है। साहसिक गतिविधियों के शौकीनों के बीच यह गांव तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। उत्तरकाशी जिले के ही हर्षिल गांव और पिथौरागढ़ जिले के गुंजी गांव को वाइब्रेंट विलेज के रूप में सम्मानित किया गया। हर्षिल अपनी प्राकृतिक सुन्दरता, बर्फ से ढके पहाड़ों और सेब के बागानों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि गुंजी गांव, जो चीन और नेपाल सीमा के निकट स्थित है, अपनी सामरिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण विशेष स्थान रखता है। इन गांवों में स्थानीय संस्कृति और आधुनिकता का संगम देखने को मिलता है। बागेश्वर जिले के सूपी गांव को कृषि पर्यटन के लिए पुरस्कृत किया गया। सूपी गांव अपनी पारम्परिक कृषि पद्धतियों और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है। कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के तहत यहां पर्यटकों को ग्रामीण जीवन और खेती से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त किया जा सके। ज्ञातव्य हो कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। संस्कृति एवं प्राकृतिक संपदा के संरक्षण, समुदाय आधारित मूल्य व जीवन शैली को बढ़ावा देने तथा आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को इसमें रखा जाता है। इन्हीं विषयों पर प्रविष्टियां राज्यों से आमंत्रित की जाती हैं। इस वर्ष प्रविष्टियों के आधार पर उत्तराखण्ड के चार ग्रामों को चयनित किया गया है। इस अवसर पर उत्तराखण्ड के पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे, अपर निदेशक पर्यटन व नोडल अधिकारी पूनम चंद एवं चयनित चार ग्रामों के प्रधान एवं प्रतिनिधि यथा हर्षिल के ग्राम प्रधान दिनेश सिंह, सूपी की ग्राम प्रधान प्रेमा देवी, जखोल के ग्राम प्रधान विनोद कुमार एवं गूंजी के ग्राम प्रतिनिधि कृष गुंज्याल आदि उपस्थित रहे।

# मौसा-मौसी बनकर नाबालिग को चार लाख में बेचा, डेढ़ साल बाद रेस्क्यू; आधार कार्ड से मिला पता

**रांची , एजेंसी।**
रांची के सिकिदिरी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग को डेढ़ साल पहले राजस्थान में चार लाख रुपये में बेच दिया गया था। जानकारी मिलने पर सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा के निर्देश पर सिकिदिरी पुलिस रेस्क्यू कर नाबालिग को वापस लाई। इन डेढ़ साल में नाबालिग की शादी भी करा दी गई और नाबालिग का छह माह का एक बच्चा भी है। फिलहाल नाबालिग का 164 के तहत बयान दर्ज कराया गया है।

सीडब्ल्यूसी में नाबालिग का बयान लिया जाएगा इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूचना मिलने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ गुरुवार को सिकिदिरी क्लब बिल्डिंग में पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पीड़िता के माता-पिता ने मंत्री को बताया उनकी नाबालिग बेटी जनवरी 2023 से गायब थी। थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। लेकिन तत्कालीन थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने सितंबर में प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद भ्रष्टाचार मुक्ति संघ के सहयोग से पता चला कि नाबालिग राजस्थान के जयपुर में है। वहीं वर्ष 2022 में अनगड़ा थाना में भी पीड़िता की मां ने दो आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कड़ी को भी जोड़कर जांच कर रही है। सिकिदिरी थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। वहीं भाजपा एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष बुधराम बेदिया ने बताया कि मानव तस्कर आदिवासियों का अस्तित्व मिटाने पर लगे हैं। क्षेत्र में मानव तस्कर गिरोह सक्रिय है इसका खुलासा होना चाहिए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नाबालिग के माता-पिता ने बताया कि फरवरी 2023 में ही पुत्री की गुमशुदगी का आवेदन दिया था। लेकिन तत्कालीन थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने सितंबर 2023 में प्राथमिकी दर्ज की। राजस्थान के जयपुर ले जाकर एक सुनसान घर में रखा गया, जहां दोनों महिला-पुरुष ने नाबालिग के माता-पिता नहीं होने और स्वयं को उसका मौसा-मौसी बताकर चार लाख रुपये लेकर मार्च 2023 में एक व्यक्ति से उसकी शादी करा दी। नाबालिग की उम्र 22 वर्ष बताई गई। जब उस व्यक्ति ने उसके आधार में उम्र कम देखा तो पूछने पर उसे जन्मतिथि गलत होने की बात बताई गई। इसके बाद आधार कार्ड को सुधार कराने पर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस 25 सितंबर को नाबालिग और तथाकथित पति को रेस्क्यू कर वापस लाई। इसी वर्ष जनवरी में नाबालिग ने एक बच्चे को जन्म दिया है। पूरे मामले का खुलासा नाबालिग के आधार कार्ड से हुआ। आधार कार्ड में नाबालिग की जन्मतिथि में सुधार कराने के बाद कार्ड नाबालिग के घर के पते पर पहुंचा। आधार कार्ड में फोन नंबर अंकित था। उस नंबर पर फोन करने के बाद घरवालों की नाबालिग से बात हुई तो मालूम हुआ कि वह राजस्थान के जयपुर में है और उसका अपहरण कर लिया गया था।

# गाजियाबाद के होटलों में पकड़े गए 16 लड़के-लड़कियां, स्टूडेंट भी थीं

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद नगर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को छापेमारी करते हुए बजरिया के होटलों में देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पांच होटलों में आठ युगल आपत्तिजनक अवस्था में मिले, जिसके बाद पुलिस ने होटलों को सील कर दिया है। पुलिस ने महिलाओं के साथ मिले आठ पुरुषों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि होटल के लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी गई है। इसके अलावा होटलों के मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

एसीपी कोतवाली रितेष त्रिपाठी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बजरिया के होटलों में देह व्यापार की सूचना मिल रही थी। आला अधिकारियों को अवगत कराते हुए महिला पुलिसकर्मियों को साथ लेकर गुरुवार को बजरिया के होटलों में छापेमारी की गई। पांच होटलों में आठ युगल आपत्तिजनक हालात में मिले। पांचों होटलों से आठ महिलाओं और युवतियों को रेस्क्यू करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद भी बरामद हुई हैं।

एसीपी कोतवाली ने बताया कि छापेमारी के दौरान होटलों के काउंटर से भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। होटल मालिक रुपये लेकर देह व्यापार करा रहे थे। पकड़े गए कुछ आरोपी युवतियों को साथ लेकर आए थे, जबकि कुछ को होटल मालिक ने मुहैया कराया था। एसीपी ने बताया कि उक्त सभी होटलों को सीज कर दिया गया है। साथ ही होटलों का लाईसेंस निरस्त करने के लिए प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जा रही है। पुलिस का कहना है कि कुछ होटलों को उनके मालिक चला रहे हैं, जबकि कुछ को मालिकों ने लीज पर दिया हुआ है। किसी भी परिस्थिति में होटल के अंदर देह व्यापार नहीं कराया जा सकता। ऐसे में होटल मालिक या होटल को लीज पर लेने वाले लोग इसके लिए जवाबदेह हैं। होटलों के मालिकों और संचालकों के बारे में पता लगाया जा रहा है। मुकदमे में उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा। एसीपी कोतवाली के मुताबिक छापेमारी के बाद विजयानंद दूबे, फैसल, शिवम यादव, शाहनवा रमेश, आफताब अंसारी, अखिलेश कुमार और मृत्युंजल कुमार सैनी को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पूछताछ के बाद बाकी पर भी सख्ती होगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिन युवतियों और महिलाओं को होटलों से रेस्क्यू किया गया, उनमें से कुछ शादीशुदा थीं तो कुछ छात्राएं थीं। अपने साथ लड़कियां लेकर आने वाले युवकों को होटल मालिकों द्वारा घंटे के हिसाब से कमरा दिया जाता था।

# नमो भारत-मेट्रो ट्रैक पर चलेगी लाइट ट्रांजिट रेल

### योगी सरकार से मिली मंजूरी



**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक चलने वाली नमो भारत ट्रेन और मेट्रो लाइन के साथ ट्रैक पर अब लाइट ट्रांजिट ट्रेन (एलआरटी) चलाने की तैयारी है। एलआरटी सिर्फ अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी से एयरपोर्ट तक चलेगी। फिल्म सिटी से एयरपोर्ट के बीच की दूरी करीब 14 किलोमीटर है। प्रदेश सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसे भारत सरकार को भेजा गया है। दो महीने में प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण की गुरुवार को हुई बोर्ड बैठक के दौरान चेयरमैन अनिल सागर के समक्ष योजना का प्रस्तुतिकरण दिया गया। बताया गया गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक नमो भारत ट्रेन, मेट्रो और एलआरटी के लिए 72.4 किलोमीटर लंबा ट्रैक बनेगा। इस पर 22 स्टेशन होंगे। 11 नमो भारत ट्रेन और 11 स्टेशन मेट्रो के लिए होंगे। एलआरटी का संचालन फिल्म सिटी से सीधे एयरपोर्ट के लिए होगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए गाजियाबाद के सिद्धार्थनगर से वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सेक्टर अल्फा-1 और यीडा सिटी से एयरपोर्ट तक नमो भारत ट्रेन (रैपिड रेल) का रूट तैयार का होगा। फिलहाल इस रूट पर 22 स्टेशन बनाए जाएंगे, जिन्हें भविष्य में 35 स्टेशन तक बढ़ाया जा सकेगा। नमो भारत ट्रेन और मेट्रो में छह बोगी होंगी। गाजियाबाद आरआरटीसी से वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट होते हुए एयरपोर्ट तक चलने वाली नमो भारत ट्रेन का निर्माण कार्य पूरा होने का लक्ष्य 2031 रखा गया है। लाइट ट्रांजिट रेल (एलआरटी) शहरी रेल सार्वजनिक परिवहन का एक रूप है, जिसमें आम तौर पर भारी रेल और मेट्रो सिस्टम की तुलना में कम क्षमता और कम गति होती है। यह बिजली से चलने वाली रेल हैं, जिसका कई देशों में संचालन भी हो रहा है। वहीं, दुनिया में 100 कंपनियां एलआरटी बना रही है। कम लागत होने के साथ ही यह सफर के लिए काफी किफायती है। इसके पार्ट्स आसानी से मिल जाते हैं। अब तक ट्रैक को दो चरणों में बनाने की तैयारी थी। पहले चरण में गाजियाबाद के सिद्धार्थनगर से सेक्टर इकोटेक-6 तक 39.39 किलोमीटर लंबा ट्रैक बनना था, जबकि दूसरे चरण में सेक्टर इकोटेक-6 से एयरपोर्ट तक 32.90 किलोमीटर का ट्रैक बनना था।

# पर्यटन ग्राम पुरस्कार मिलना उत्तराखंड के लिए गौरव की बात : सीएम धामी

विशेष संवाददाता | देहरादून



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रदेश के चार गांवों जखोल, सूपी, हर्षिल व गुंजी को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार मिलना उत्तराखंड के लिए बड़े गौरव की बात है। राज्य सरकार, प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की होम स्टे योजना इस लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण साबित हो रही है। इसके अलावा, हमारी सरकार नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित करने के साथ ही राज्य में साहसिक पर्यटन की गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रही है। इससे राज्य में रोजगार सृजन में भी मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा केदारनाथ की भूमि से 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का बताया था। राज्य सरकार उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। जनता के सहयोग से राज्य में हर क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 4.4 प्रतिशत बेरोजगारी घट गई है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखंड प्रथम स्थान पर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर परीक्षाओं में नकल रोकने को लेकर आदर्श स्थापित किया है। इसी के परिणाम स्वरूप राज्य सरकार विगत कुछ समय में पूरी पारदर्शिता के साथ सत्रह हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती करने में सफल हुई है।

# 31 साल के खिलाड़ी ने रचा इतिहास

## 10 छक्के और 6 चौकों के दम पर ठोका तूफानी शतक, तोड़ा रॉबिन उथप्पा का रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्कॉटलैंड के बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से जिम एफ्रो टी10 लीग में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने महज 38 गेंद में 263 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 100 रन ठोक दिए, जिसमें 10 छक्के और 6 चौके भी शामिल थे. इस तूफानी पारी के बावजूद जॉर्ज मुन्से टी10 के फॉर्मेट में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड तोड़ने में असफल रहे. टी10 में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड इंग्लैंड के विल जैक्स के नाम है. साल 2023 में उन्होंने सिर्फ 25 गेंदों में ये कारनामा कर दिखाया था.

हालांकि, 31 साल के मुन्से ने भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का रिकॉर्ड जरूर तोड़ दिया है. जिम्बाब्वे में जिम एफ्रो टी10 लीग का दूसरा एडिशन खेला जा रहा है. मुन्से ने इस दौरान महज 38 गेंद में शतक ठोककर इतिहास रच दिया है. वो इस लीग में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं. साथ ही रॉबिन उथप्पा को पीछे छोड़ते हुए वह इस लीग में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं. हरारे की टीम ने दूसरे ही ओवर में अपना पहला विकेट गंवा दिया. मुन्से ने आते ही ताबड़तोड़ बाउंड्री लगानी शुरू कर दी और महज 38 गेंद में शतक ठोक दी. उनकी इस शतक की बदौलत हरारे की टीम ने 10 ओवर में 174 रन का लक्ष्य रखा. टीम ने 2 ओवर में ही 36 रन ठोक दिए थे.

लेकिन पहले झटके के बाद टीम उबर नहीं पाई. पहाड़ जैसा स्कोर देखकर बल्लेबाज दबाव में आ गए और टीम चेज के दौरान लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही. इसलिए 10 ओवर खत्म होने तक पूरी टीम मिलकर 6 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 119 रन बना सकी.

## सार समाचार

### नीरज चोपड़ा ने किया खुलासा- चोट अब ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य 2025 विश्व चैंपियनशिप



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 टोक्यो विश्व चैंपियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह अपने मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गए हैं।

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की 'मिशन ओलंपिक 2036' पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा, मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, लेकिन उसके लिए हमारे पास चार साल हैं।

विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं।

### क्या बारबाडोस के बाद यूएई में भी इतिहास रचेगी टीम इंडिया?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह साल अब तक शानदार रहा है। एक तरफ रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतकर भारत का परचम बुलंद किया और अब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम यूएई में तिरंगे की शान बढ़ाने पहुंच चुकी है।

भारत की महिला टीम टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। क्रिकेट फैंस को टूर्नामेंट के आगाज का बेसब्री से इंतजार है, जबकि हरमनप्रीत सेना की नजर विश्व कप पर होगी। ये टीम इस खिताब से पिछली बार बेहद करीब से चूक गई थी, लेकिन उस वक्त कहीं न कहीं नॉकआउट मुकाबले का दबाव टीम इंडिया पर हावी हो गया था। मगर, इस बार यह टीम हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। कोच मजूमदार विश्व कप की तैयारियों को लेकर आश्वस्त हैं, जबकि टीम की कप्तान का मानना है कि उनके पास टी20 विश्व कप के लिए एक सर्वश्रेष्ठ टीम है।

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के रूप में खतरनाक सलामी जोड़ी है, जो अच्छे-अच्छे बॉलिंग लाइन-अप की बखिया उधेड़ने का माद्दा रखती हैं।मिडिल ऑर्डर में खुद हरमनप्रीत जिम्मा उठाएंगी जबकि फिनिशर की भूमिका में ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स जैसी धाकड़ खिलाड़ी शामिल हैं। गेंदबाजी में टीम के पास पूजा वस्त्रकर, अरुंधति रेड्डी और रेणुका सिंह जैसी गेंदबाज हैं। इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। भारतीय महिला क्रिकेट ने पिछले कुछ वर्षों में बेहतरीन प्रदर्शन करके विश्व क्रिकेट में एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है, लेकिन बड़े मंच और खिताब जीतने का सपना अब भी अधूरा है।

## चोट के कारण

# ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों को कहा अलविदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 से चोट के कारण बाहर होने वाले ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की पुष्टि की है। पिछले साल आईपीएल से संन्यास लेने वाले ब्रावो टी20 इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। ब्रावो टी20 क्रिकेट के सबसे महान खिलाड़ी हैं।

वेस्टइंडीज के इस महान खिलाड़ी ने इससे पहले 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और तब से टी20 लीग में खेल रहे हैं और कोचिंग में भी हाथ आजमा रहे हैं। पिछले 12 महीनों में, ब्रावो ने अपनी आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ काम किया है। उन्हें वेस्टइंडीज और अमेरिका में 2024 टी20 वर्ल्ड कप के लिए अफगानिस्तान का गेंदबाजी सलाहकार भी नियुक्त किया गया था।

टी20 क्रिकेट में अपने 18 साल के करियर में, ब्रावो ने आईपीएल, पाकिस्तान सुपर लीग के साथ-साथ बिग बैश लीग में अपनी सीपीएल टीमों के साथ चैंपियनशिप जीती। उनके पांच सीपीएल खिताबों में से तीन ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के साथ हैं, जिसने उन्हें 2017 और 2018 में लगातार ट्रॉफी दिलाई और फिर 2021 में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स को पहला खिताब दिलाया।

## इंडिया वर्सेस बांग्लोदेश टेस्टः

# बारिश ने बिगाड़ा पहले दिन का खेल, बांग्लादेश 3/107



**कानपुर, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच का पहला दिन बारिश के नाम रहा। लंच के बाद कुछ ओवर का खेल ही हुआ था कि फिर जबरदस्त बारिश के कारण खेल संभव नहीं हो पाया। बांग्लादेश ने इस दौरान 3 विकेट खोकर 107 रन बना लिए।

(गुरुवार) रात हुई बारिश के कारण मैदान गीला होने से सुबह के सत्र का खेल कुछ देरी के साथ शुरू हुआ। हालांकि, पहले सत्र में बारिश तो नहीं हुई लेकिन बांग्लादेश की टीम ने इस सत्र में दो विकेट गंवाए। दूसरा सत्र भी थोड़ी देरी से शुरू हुआ, इस बीच ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को आउट कर तीसरा विकेट निकाला। लेकिन इसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई और पूरे मैदान को कवर से ढक दिया गया।

मैच अधिकारियों ने बारिश न रूकने के संभावना को देखते हुए दिन का खेल समाप्त करने का फैसला किया। मैच के दूसरे दिन शनिवार को खेल आधा घंटा पहले शुरू होगा। सुबह भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पिछले मैच में दो विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज आकाश दीप ने भारत को पहली सफलता 9वें ओवर में दिलाई, जब उन्होंने जाकिर हसन को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच करा दिया। जाकिर हसन ने 24 गेंदों का सामना किया लेकिन खाता नहीं खोल पाए। आकाश दीप ने शादमान इस्लाम को एलबीडब्ल्यू कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। शादमान ने 36 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 24 रन बनाए। दो विकेट 29 रन पर गिर जाने के बाद मोमिनुल हक और कप्तान शांतो ने तीसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की और लंच तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया।

लंच के बाद अश्विन ने नजमुल शांतो को एलबीडब्ल्यू कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। शांतो ने 57 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाए।

### अश्विन एशिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने



**कानपुर, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट मैच में आर अश्विन ने पहली पारी में जैसे ही कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो को आउट किया उन्होंने इतिहास रच दिया और एशिया में वो टेस्ट प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम पर दर्ज था, लेकिन अब अश्विन उनसे आगे निकल गए।

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अश्विन ने जैसे ही विरोधी टीम के कप्तान शान्तो को आउट किया उन्होंने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अश्विन ने शान्तो को पहली पारी में 31 रन के स्कोर पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया और भारत को तीसरी सफलता दिलाई। इस विकेट को लेते ही अश्विन एशिया में टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बन गए। एशिया में अश्विन ने टेस्ट प्रारूप में अब तक कुल 420 विकेट (खबर लिखे जाने तक) लिए हैं जबकि अनिल कुंबले ने एशिया में कुल 419 विकेट लिए थे।

#### एशिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय

रवि अश्विन - 420 विकेट (खबर लिखे जाने तक)

अनिल कुंबले -419 विकेट

दूसरे नंबर पर पहुंचे अश्विन

एशिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में अब अश्विन दूसरे नंबर पर आ गए। इस लिस्ट में पहले नंबर पर मुथैया मुरलीधरन हैं जिन्होंने 612 विकेट लिए थे। वहीं 420 विकेट के साथ अश्विन दूसरे नंबर पर आ गए जबकि अनिल कुंबले तीसरे नंबर पर चले गए। इस लिस्ट में 354 विकेट के साथ रंगना हेराथ चौथे जबकि 300 विकेट के साथ हरभजन सिंह पांचवें नंबर पर हैं।

#### एशिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले टॉप 5 गेंदबाज

612 - एम मुरलीधरन
420 - रवि अश्विन
419 - अनिल कुंबले
354 - रंगना हेराथ
300 - हरभजन सिंह

# पंत में गिलक्रिस्ट दिखता है: युवराज सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने ऋषभ पंत और महान ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट के बीच समानताएं बताई हैं। युवराज ने खेल पर खासकर मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते समय पंत के प्रभाव पर प्रकाश डाला। युवराज ने क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट में कहा कि ऋषभ में बहुत सारे गिलक्रिस्ट हैं क्योंकि वह आते हैं और जब पांचवें और छठे नंबर पर आते हैं तो खेल बदल देते हैं। दरअसल, मैंने पंत से इस बारे में बहुत जिक्र किया है कि कैसे गिलक्रिस्ट ने टेस्ट में मध्य क्रम की बल्लेबाजी को बदल दिया, उनका दृष्टिकोण क्या है। वह निश्चित रूप से टेस्ट में हमारे लिए पांचवें और छठे नंबर पर मैच विजेता है।

पंत की आक्रामक शैली और अपनी बल्लेबाजी से मैच का रुख बदलने की क्षमता की तुलना अक्सर गिलक्रिस्ट से की जाती है, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका में क्रांति ला दी। युवराज की टिप्पणियां भारत की टेस्ट लाइनअप में पंत की महत्वपूर्ण भूमिका की



बढ़ती मान्यता को दर्शाती हैं। युवराज की टिप्पणी तब आई है जब पंत खेल के सभी प्रारूपों में भारत के लिए खुद को एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करते जा रहे हैं।

पहले से ही कई मैच विजेता प्रदर्शनों के साथ मध्य क्रम में पंत का प्रभाव तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है, ठीक उसी तरह जैसे ऑस्ट्रेलिया के लिए गिलक्रिस्ट का था।

पंत ने 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट फॉर्मेट में डेब्यू किया था। टेस्ट में 26 वर्षीय पंत ने 34 मैच और 58 पारियां खेलीं और 74.11 की स्ट्राइक रेट से 2419 रन बनाए। एक गंभीर कार दुर्घटना के बाद ठीक होने के बाद ऋषभ पंत ने बांग्लादेश श्रृंखला में अंतरराष्ट्रीय टेस्ट में वापसी की। भारत की ओर से श्रृंखला के पहले मैच में दूसरी पारी में शतक सहित उनके तेज स्कोर ने उन्हें आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में वापस ला दिया है और वह छठे स्थान पर हैं।

पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में दूसरी पारी में 128 गेंदों में 85.16 के स्ट्राइक रेट से 109 रन की पारी खेली। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने क्रीज पर अपने समय के दौरान 13 चौके और 4 छक्के लगाए। भारत की दूसरी पारी के 56वें ओवर में मेहदी हसन मिराज द्वारा उन्हें आउट करने के बाद उनकी पारी समाप्त हो गई।

# चेस ओलंपियाड में गोल्ड जीतने वाली हरिका बेटी कों नहीं बनाना चाहती शतरंज खिलाड़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए चेस ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए भारतीय चेस फेडरेशन ने सम्मान समारोह रखा था। मंच पर सभी खिलाड़ी एक साथ बैठे हुए थे। डी हरिका की गोद में उनकी दो साल की बेटी थी।

लोगों की तरफ नहीं बल्कि वह पीछे लगे बैकग्राउंड की ओर देख रही थी जिसमें उनकी मां की तस्वीर थी। वह हरिका को वह तस्वीर दिखा रही थीं। हरिका के बगल में बैठे थे कैंडिटेट्स चैंपियन डी गुकेश। वह हरिका की बेटी हानविका की खुशी देख रहे थे। हानविका के चेहरे पर हंसी और आंखो में अपनी मां की तस्वीर को देखकर एक अलग चमक थी।

हरिका अपने करियर के साथ-साथ बेटी को भी संभालती हैं। चेस ओलंपियाड के कारण उन्हें लगभग तीन हफ्ते बेटी से दूर रहना पड़ा। हरिका ने चेस के लिए बहुत त्याग किए हैं। उन्होंने अपने दो दशक लंबे करियर में कई सफलताएं हासिल की। वह भारतीय चेस में अब एक बड़ा नाम हैं। हालांकि वह नहीं चाहती कि उनकी बेटी शतरंज की खिलाड़ी बने। हरिका से सवाल किया गया कि क्या वह चाहती हैं कि उनकी बेटी भी उनकी तरह चेस खिलाड़ी बने। हरिका ने कहा, 'हानविका बहुत छोटी है, अभी कुछ नहीं कह सकती। उसे अपना करियर चुनने की आजादी होगी। हालांकि अगर आप मुझसे पूछेंगे तो मैं नहीं चाहती कि मेरी बेटी चेस खिलाड़ी बने।'

# फिर विवादों में कुश्तीः डब्ल्यूएफआई और सरकार की लड़ाई में फंस गए पहलवान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती फिर विवादों में है। संजय सिंह की अगुआई वाले भारतीय कुश्ती महासंघअभी खेल मंत्रालय से मान्यता के लिए संघर्ष कर रहा है। इस बीच उसने साल की शुरुआत में जयपुर में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप के पदक विजेताओं पर अगले महीने होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल में हिस्सा लेने से रोक लगा दी है। इस चैंपियनशिप को सरकार का समर्थन प्राप्त था। इसके विपरीत पुणे में डब्ल्यूएफआई की ओर से आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वालों को ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी गई है। यह कंपटीशन सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए उन्हें हरी झंडी दे दी गई है। ट्रायल 7 अक्टूबर को दिल्ली के बाहरी इलाके में आयोजित किए जाएंगे।

विश्व चैंपियनशिप गैर-ओलंपिक भार श्रेणियों में 28 से 31 अक्टूबर तक अल्बानिया के तिराना में आयोजित की जाएगी। हालांकि, दो राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन के लगभग आठ महीने बाद देश के शीर्ष पहलवान अनजाने में खेल को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष करने वालों के बीच रस्साकशी में फंस गए हैं।

### पहलवानों को कीमत चुकानी पड़ी

कोच ने बताया, बिना किसी गलती के पहलवानों को इसकी कीमत चुकानी पड़ी है। दो राष्ट्रीय चैंपियनशिप इसलिए आयोजित की गईं क्योंकि खेल में अजीबोगरीब स्थिति थी। इतने महीनों के बाद, पहलवानों के एक समूह के



खिलाफ कार्रवाई करना दुर्भाग्यपूर्ण है।÷जयपुर नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन फरवरी में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड द्वारा किया गया था और इसे सरकार का समर्थन भी प्राप्त था। चूंकि निलंबित डब्ल्यूएफआई ने लगभग उसी समय पुणे में इस कंपटीशन का आयोजन किया था, इसलिए खेल मंत्रालय ने कहा था कि वह इस कंपटीशन को मान्यता नहीं देगा।

संजय सिंह ने सर्कुलर जारी किया

24 सितंबर के एक सर्कुलर में डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह ने चयन ट्रायल में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पहलवानों के लिए पात्रता मानदंडों को रेखांकित किया। इसमें कहा गया, पुणे में आयोजित 2023 सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के सभी पदक विजेता, 2024 सीनियर फेडरेशन कप के स्वर्ण और रजत पदक विजेता, 6 अक्टूबर को होने वाले अंडर-23 चयन ट्रायल के दूसरे स्थान पर रहने वाले पहलवान और 2024 एशियाई चैंपियनशिप और एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए चुने गए सभी पहलवान विश्व चैंपियनशिप ट्रायल के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रीय कोचों के अनुसार, इस निर्णय के परिणामस्वरूप जयपुर नेशनल्स में पदक जीतने वाले कई शीर्ष स्तर के पहलवान महाद्वीपीय कंपटीशन के लिए टीम का हिस्सा नहीं थे। वे ट्रायल में भाग लेने में असमर्थ होंगे। सरकार ने अभी तक संजय सिंह की अगुआई वाली समिति को औपचारिक रूप से मान्यता नहीं दी है, जो डब्ल्यूएफआई को चला रही है।

### गुटबाजी के कारण फंसे पहलवान

इसके बाद, भारतीय ओलंपिक संघ ने खेल को संचालित करने के लिए एक तदर्थ समिति का गठन किया। दो राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इसी कदम का परिणाम थीं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के मामले में थवई गांव निवासी रौशन कुमार को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव के नाबालिग छात्रा के पिता ने रौशन कुमार को नामजद आरोपी बनाते हुए 6 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर शादी के नीयत से अपहरण कर लिया है। पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर रौशन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### प्रेमी युगल को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने प्रेमी युगल को हिरासत में लेकर औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि अपहरण के मामला में 16 वर्षीय नाबालिक के माता द्वारा रफीगंज थाना में 22 सितंबर को मुफस्सिल थाना के खैरा गांव निवासी अवधेश प्रसाद के पुत्र शंभु कुमार को नामजद आरोपी बनाया था। जिसमें बताया कि नाबालिक के अपने ननिहाल कुटकुरी गांव से आरोपी द्वारा भगा ले गया है।नाबालिक को औरंगाबाद न्यायालय में 164 का बयान व मेडिकल जांच कराया गया। इस सम्बंध में एस आई गीताजली ने बताया कि 16 वर्षीय नाबालिक को हिरासत में लेकर औरंगाबाद न्यायालय में 164 का बयान एवं मेडिकल के जांच कराया गया। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### महुआ शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह(औरंगाबाद)(एसएनबी)। गोह पुलिस ने गुप्त सुचना पर लोहड़ी गांव मे छापेमारी करते हुए महुआ शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि सूचना मिली कि लोहड़ी गांव में शराब का धंधा चल रहा है। लोहड़ी गांव निवासी मुकेश बिंद के घर में छापेमारी की गई तो उसके घर से 35 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही धंधेबाज मुकेश बिंद को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया।

### वारंटी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज पुलिस ने शहर के डाकखाना गली निवासी अरुण विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि अरुण विश्वकर्मा के खिलाफ शराब के मामले में औरंगाबाद न्यायालय से वारंट जारी था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से किशोरी की मौत, परिजनों ने क्लिनिक में किया तोड़फोड़

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद शहर के सोन कॉलोनी मोड़ स्थित एक निजी क्लीनिक में एक किशोरी की मौत के बाद परिजनों द्वारा हंगामा व तोड़फोड़ किये जाने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार की अहले सुबह की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर की एक किशोरी गुरुवार को व्रत की हुई थी। समान की खरीदारी करने वह बाजार गयी थी। बाजार से वापस आयी तो गुरुवार की शाम उसे पेट दर्द हुआ। जिसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सोन कॉलोनी मोड़ स्थित एक निजी क्लिनिक पहुंचाया, जहां उसका उपचार हुआ। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर द्वारा किशोरी को दो-तीन इंजेक्शन लगाया गया जिससे कुछ देर स्थिति सामान्य रहा। अचानक रात्रि में जब उसका हीमोग्लोबिन अचानक घटने लगा तो निजी क्लिनिक के डॉक्टर ने हाथ खड़े कर दिए और उसे जल्दीबाजी में कहीं दूसरे जगह इलाज करवाने को कह रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन किशोरी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर जा ही रहे थे कि बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी।

वहीं, शुक्रवार की सुबह आक्रोशित ग्रामीण व परिजनों ने क्लिनिक में हंगामा किया। आक्रोशितों ने तोड़फोड़ भी की। आवेश में आकार आक्रोशितों ने निजी क्लिनिक के एक वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। निजी क्लिनिक के पास काफी देर तक हंगामा चलते रहा। शोरगुल की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ जुट गई। हंगामे के बाद समझौते की बात चलने लगा।

उधर, कुछ लोगों ने डॉक्टर से बातचीत कर परिजनों को समझा बुझाकर पैसों की लेन देन कराकर मामला को शांत कराने में जुट गए। पता चला कि काफी देर तक समझौते के बाद पैसों पर मामला को रफा दफा कर दिया गया। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रात्रि में मौत होने पर सूचना मिली थी। हालांकि शुक्रवार की सुबह तोड़फोड़ व हंगामे की सूचना नहीं है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़के हादसे में एक की हुई मौत, चार घायल



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

उत्तर प्रदेश से औरंगाबाद के पुनपुन सिरिस घाट पर पिंडदान करने जा रहे लोगों की कार शुक्रवार की सुबह ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना बारुण थाना क्षेत्र के जेनकोप गांव के पास एनएच 19 पर हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया। घायलों को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। घायलों की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र के किशोरी तरण गांव निवासी 70 वर्षीय राम सूरत बिंद, उनकी पत्नी 66 वर्षीय धनेश्वरी देवी, पुत्र 40 वर्षीय ज्ञानेंद्र प्रताप कुमार, भतीजा 19 वर्षीय अमित कुमार और ड्राइवर रामेश्वर सिंह यादव के पुत्र तेज प्रताप के रूप में हुई है। परिजन अमित कुमार ने बताया कि ज्ञानेंद्र प्रताप कार की ड्राइवर सीट के पास बैठ थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और पीछे बैठे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति( 20 सूत्री) की बैठक शुक्रवार को औरंगाबाद समाहरणालय के योजना भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री सह समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने की। बैठक में समिति के सभी नव मनोनीत सदस्य, जिलाधिकारी एवं जिले के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी सदस्यों ने जिले के समग्र विकास और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने पर चर्चा की। बैठक में समिति के सदस्य व हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के जिलाध्यक्ष रंधीर कुमार सिंह ने सदर अस्पताल की कुव्यवस्था, डॉक्टरो की प्राइवेट प्रैक्टिस, वेंटीलेटर का प्रयोग में न होने, इंजुरी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने मे पैसे की उगाही तथा गलत रिपोर्ट देने, निर्दोष लोगों को कानूनी लड़ाई मे उलझाने तथा दोषी को बचाने, अल्ट्रासाउंड का उपयोग में न होने, पानी, सफाई आदि के अभाव, शहर में जाम तथा अतिक्रमण की समस्या, शहर के प्रमुख स्थानों बाईपास, महाराणा प्रताप चौक, महावीर मंदिर, गणेश मंदिर, सदर अस्पताल के पास ट्रैफिक लाइट तथा ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था, मेडिकल कॉलेज की स्थापना, जिले के प्रमुख सड़कों की मरम्मत, पेयजल की समस्या, प्रदूषण की समस्या, रोजगार, उचित मजदूरी, बड़ी कंपनियों के सीएसआर फंड से जिले के विकास, प्रखंड, अंचल तथा थानों में पदाधिकारियों की मनमानी, सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में पैसे की उगाही आदि प्रमुख मुद्दों को बैठक में रखा। इन सभी पर प्रभारी मंत्री सह जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ने जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# सदर अस्पताल में साफ-सफाई और शौचालय उपयोग पर दी गई विस्तार से जानकारी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन की ओर से स्वच्छता ही सेवा पखवाडा 2024 अभियान के तहत जिले के सदर अस्पताल के परिसर स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय परिसर में शुक्रवार को जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों को साफ सफाई के महत्व और सार्वजनिक शौचालय के उपयोग से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि सदर हॉस्पिटल के उपाधीक्षक आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि खुले में शौच से कई प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। सुलभ के आने के बाद मैला ढोने की प्रथा तो खत्म हुई ही, देश भर में सार्वजनिक शौचालयों का भी निर्माण हुआ। स्वच्छ भारत अभियान के व्यापक आधार के लिए सुलभ का योगदान सराहनीय रहा है। सदर अस्पताल के प्रबंधक,हेमंत कुमार राजन एवं शिशु चिकित्सक दिनेश दुवे ने लोगों को साफ सफाई के लिए प्रेरित किया। कहा कि स्वच्छता ही जीवन का आधार है। सुलभ इंटरनेशनल प्रदेश शाखा के मानद नियंत्रण जय प्रकाश झा ने बताया कि सुलभ इंटरनेशनल देशभर में साढे दस हजार से अधिक सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय का संचालन और रखरखाव कर रही है। बिहार राज्य में इसके 50 से अधिक शाखाएं संचालित है। इसके अलावे राज्य के सभी सदर अस्पताल, मेडिकल कालेज और अति विशिष्ट अस्पताल में शौचालय के रख रखाव व प्रबंधन का काम कर रही है। मौके पर सुलभ इंटरनेशनल के इंचार्ज संजीव कुमार,सिंह एवं बलबीर कुमार सिंह अभय कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# विश्व पर्यटन दिवस पर एनसीसी कैडेटों द्वारा स्वच्छता अभियान और जागरूकता मार्च

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**




13 बिहार बटालियन एनसीसी के कैडेटों ने विश्व पर्यटन दिवस और स्वच्छता दिवस को मिलाकर अनूठे अंदाज़ में मनाया। राजा जगन्नाथ हाई स्कूल, देव और हाई स्कूल वार के कैडेटों ने मंदिर और घाटों की साफ-सफाई करते हुए फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। देव में, कैडेटों ने हाई स्कूल से सूर्य मंदिर तक रैली निकाली, जिसमें सूर्यकुंड भी शामिल था। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इस दौरान कैडेटों ने विश्व धरोहर सूर्य मंदिर की साफ-सफाई करते हुए पर्यटन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि पर्यटन, प्राकृतिक सौंदर्य, इतिहास, कला, और संस्कृति से जुड़कर जीवन को समृद्ध करता है। देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों की यात्रा के जरिए अपनी संस्कृति को समझने और उसका आनंद लेने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया। हाई स्कूल वार के कैडेटों ने वार बाजार में फ्लैग मार्च के जरिए पर्यटन के महत्व और उसकी आर्थिक, सांस्कृतिक, और सामाजिक भूमिका पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन किसी भी देश की समृद्धि और उसकी संस्कृति के विस्तार का प्रतीक होता है। विश्व पर्यटन दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोगों को पर्यटन के व्यापक योगदान और उसकी सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, और आर्थिक भूमिकाओं के प्रति जागरूक किया जाए। इस आयोजन में बटालियन के पीआई स्टाफ, स्कूल के एएनओ, सीटीओ, गांव के प्रमुख लोग और कई कैडेट शामिल थे।

# तीन अक्टूबर से होगी शारदीय नवरात्र की शुरूआत

**निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)**

इस साल आगामी 3 अक्टूबर से नवरात्र आरम्भ हो रही है। इसकी तैयारी को लेकर भक्तगण अभी से हीं लग गए हैं। हसपुरा प्रखंड के कोईलवां गांव निवासी आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री ने दशहरा पर्व की महत्ता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य व अधर्म पर धर्म के विजय के प्रतीक का महान पर्व है । उन्होंने बांग्ला कृतिवास रामायण के एक कथा का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने भी मां दुर्गा की पूजा की थी। श्रीराम और रावण के बीच युद्ध में बड़ी संख्या में राक्षस मारे गए। व्याकुल रावण ने मां दुर्गा की पूजा की। पूजा से प्रसन्न मां दुर्गा ने रावण से कहा-मैं तुम्हारे पक्ष में रहूंगी। अब रावण मां दुर्गा को लेकर श्रीराम से युद्ध करने पहुंचा। श्रीराम समझ गए कि मां के उधर रहते रावण को हराना मुश्किल है। तब ईंद्र ने ब्रह्मा से उपाय पूछा। ब्रह्मा ने श्रीराम को दुर्गा पूजा करने को कहा। इसके बाद श्रीराम ने अपने हाथ से मां दुर्गे की प्रतिमा बनाई। उन्होंने अकाल बोधन किया। अकाल बोधन का मतलब देवता का छह महीने का दिवस और छह महीने की रात होती है। रात के समय देवता विश्राम करते हैं। इस काल में पूजा नहीं होती पर देवी दुर्गा तो मां हैं। बच्चा कभी-कभी रात को भी मां को जगाता है। भगवान श्रीराम ने षष्ठी को मां का बोधन किया।

# भाजपा सदस्यता अभियान को गति देने के लिए युवाओं के साथ बैठक आयोजित

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)।**



शुक्रवार को जिले के ओबरा प्रखंड में भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य दीपक कुमार के नेतृत्व में युवाओं के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य भाजपा के सदस्यता अभियान को गति देना था। बैठक में युवाओं का उत्साह देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वे गांव-गांव जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प ले रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत भाजपा औरंगाबाद जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने की। मोदी जी ने भाजपा का पहला सदस्य बनकर इस अभियान का शुभारंभ किया था। भाजपा ने देशभर में मेगा सदस्यता अभियान शुरू किया है, जिसके तहत बिहार में 1 करोड़ और औरंगाबाद जिले में 2 महीने के भीतर 5 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला सदस्यता प्रभारी सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता इस लक्ष्य को पूरा करने में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर जिला समिति सदस्य दीपक कुमार और सोशल मीडिया संयोजक राहुल कुमार ने युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह अभियान सिर्फ एक सदस्यता अभियान नहीं, बल्कि संगठन का पर्व है। युवाओं से आह्वान किया गया कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और भाजपा के सशक्त संगठन निर्माण में योगदान दें।

बैठक में सैकड़ों युवा उपस्थित थे, जिन्होंने भाजपा से जुड़ने का संकल्प लिया। उपस्थित युवाओं में अमित पुजारी, किशोर कुमार, सोनू कुमार, प्रिंस कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार, आकाश कुमार, साहिल सिंह, रंजन कुमार, प्रकाश मेहता, विवेक राम, सुमित यादव, अनुरोध प्रजापति और सुजीत पासवान समेत कई अन्य शामिल थे।

# चार शराब तस्करों को मिली पांच साल की सजा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में स्पेशल उत्पाद कोर्ट 02 नीतीश कुमार ने मधनिषेध वाद संख्या- 278/23 में सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए सभी चारों अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि अभियुक्त दिनेश कुमार, सुधीर कुमार, पप्पू कुमार और दीपक कुमार भलुहारा मुफ्फसिल को बिहार मध निषेध व उत्पाद संसोधन एक्ट की धारा 30 ए में पांच साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माना न देने पर एक साल अतिरिक्त साधारण कारावास होगी। उत्पाद विभाग के सरकारी अधिवक्ता राजीव रंजन सिंह ने बताया कि सभी चारों अभियुक्तों को 19/09/24 को दोषी करार दिया गया था और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। आज दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने अपना फैसला सुनाया है।

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक मो हैदर अली अवर निरीक्षक उत्पाद ने 05/04/23 को प्राथमिकी में बताया था कि गुप्त सूचना के आधार पर जांच के क्रम में चारो को अवैध शराब व्यापार और परिवहन में पकड़ा गया था जिसमें प्रतिबंधित शराब टनाका के 180 एमएल के 178 बोतल के साथ चारों को दो बाइक के साथ पकड़ा गया था और जब्ती सुची बनाकर न्यायालय में पेश किया गया था।

# कमल किशोर बने बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



पटना। बिहार में पिछले 72 वर्षों से पत्रकारों के हित में कार्यरत संगठन बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन को मजबूत और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शीघ्र ही नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। यूनियन के अध्यक्ष महेश कुमार सिन्हा एवं महासचिव कमलकांत सहाय ने बताया कि प्रदेश के सभी 38 जिलों में यूनियन का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के लिए यूनियन के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर को प्रदेश सदस्यता प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार वरिष्ठ पत्रकार शिवेंद्र नारायण सिंह को पटना प्रमंडल और प्रभात खबर के गया स्थित प्रधान मुख्य संवाददाता कंचन कुमार सिन्हा को मगध प्रमंडल का सदस्यता अभियान प्रभारी मनोनीत किया गया है जबकि बेगूसराय के शालिग्राम सिंह को मुंगेर प्रमंडल और समस्तीपुर के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार एवं शशि मोहन भारद्वाज को दरभंगा प्रमंडल में यूनियन के सदस्यता अभियान के प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी सौंप गई है। इस बीच नवमनोनीत प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी कमल किशोर ने बताया कि सदस्यता अभियान के तहत वास्तविक, सक्रिय और मान्यता प्राप्त मीडिया संस्थान से जुड़े पत्रकारों को यूनियन की सदस्यता प्रदान की जाएगी तथा उन्हें यूनियन की ओर से विधिवत परिचय पत्र भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान को तेजी से संचालित करने के लिए हर जिले में यूनियन के अध्यक्ष, महासचिव, जिला संयोजकों को जिम्मेवारी दी जाएगी और आवश्यक हुआ तो वहां सदस्यता प्रभारी का भी मनोनयन किया जाएगा।

# युवक की हत्या के विरोध में थाने का घेराव के बाद हुई प्राथमिकी, दो नामजद

**निज सं. | हसपुरा(औरंगाबाद)**

हसपुरा प्रखंड के सलेमपुर गांव के युवक लालदेव यादव की दुर्घटना के दौरान मारपीट कर हत्या के मामले में मृतक की पत्नी मीना देवी के बयान पर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। दर्ज प्राथमिकी में मृतक की पत्नी के बयान के अनुसार स्थानीय थाना के हीं पुरहारा गांव के पवन कुमार व उसके पिता सुभाष महतो नामजद समेत अन्य अज्ञात ग्रामीणों को अभियुक्त बनाया गया है। गत 24 सितम्बर को मृतक लालदेव पीरु-रघुनाथपुर मुख्य सड़क पर ब्रह्म बाबा के पास साईकिल चालक युवक से सड़क दुर्घटना हो गई थी। जिसमें ग्रामीणों ने युवक के साथ मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया और गुरुवार की शाम हसपुरा में पटेल चौक मुख्य सड़क को जाम कर दिया था।ग्रामीण आरोपी को गिरफ्तार कर सजा दो, आश्रित को मुआवजा व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगा रहे थें।

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

# विश्व रेबिज दिवस

28 सितम्बर, 2024



विश्व रेबिज दिवस 28 सितम्बर को प्रतिवर्ष रेबिज बीमारी और इसकी रोकथाम के बारे में सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने एवं रेबिज के खिलाफ होने वाली लड़ाई में विश्व को एकजुट करने का सकारात्मक प्रयास के लिए एक अवसर है। विश्व रेबिज दिवस समुदाय, व्यक्तियों, गैर सरकारी संगठनों और सरकारों के लिए रेबिज रोकथाम के लिए एकजुट होने का वैश्विक दिन है।

## रेबिज क्या है

- रेबिज रोग मनुष्यों तथा अन्य गर्म खून वाले जानवरों में होने वाला तीव्र विषाणुजनित (वायरल) संक्रमण है।
- यह बीमारी अधिकांशतः पागल (रेबिज ग्रसित) कुत्तों या अन्य जानवरों के काटने, कटी त्वचा पर चाटने, घाव तथा खरोंच आदि से शरीर में विषाणु के प्रवेश करने के कारण होता है। इस बीमारी के लक्षण प्रकट होने पर मौत निश्चित है।
- यह एक घातक बीमारी है, जो मानव मस्तिष्क को प्रभावित करती है तथा प्रतिवर्ष होने वाली हजारों मौतों का कारण भी बनती है।
- यह बीमारी ग्रसित मनुष्य एवं पशुओं के चेतना में अस्थिरता, आसमान्य व्यवहार, उत्तेजना, उद्विग्नता आदि पैदा करती है। यह एक जूनोटिक बीमारी है जो अधिकांशतः पागल (रेबिज ग्रसित) कुत्तो के काटने से होती है।

## पशुओं में लक्षण

**पारालिटिक या शान्त अवस्था में :**

- जानवर अधिकतर एकांत एवं अन्धकार में रहना पसन्द करता है और सुस्त एवं शान्त रहता है।
- जबड़े के मांसपेशियों के लकवाग्रस्त होने के कारण नीचला जबड़ा लटक जाता है तथा जानवर खाने–पीने में असमर्थ हो जाता है।
- मुँह से लगातार लार तार की तरह लटकता रहता है। गले का फैरिंग्स एवं लैरिंग्स लकवाग्रस्त हो जाता है।
- जानवर कभी गिरता है, कभी उठता है और काल्पनिक चीजों को पकड़ने का प्रयास करता है।
- पिछले दोनों पैर लकवाग्रस्त हो जाते हैं। लकवाग्रस्त होने के कारण जानवर घसीटकर चलता है एवं लक्षण प्रकट होने के एक से सात दिनों में मौत हो जाती है।

**उग्र (फ्यूरियस) अवस्था में :**

- बात नहीं मानना, रास्ते में आने वाले मनुष्यों, पशु पक्षियों या निर्जीव वस्तुओं को काटना या काटने के लिए दौड़ना।
- निरूद्देश्य ईधर–उधर दौड़ना, भागना तथा काटने की प्रवृति बढ़ जाना।
- भूख लगने पर सामान्य खाना न खाकर अखाद्य पदार्थों जैसे घास, पत्ता, ईंट, पत्थर, कीचड़, गोबर आदि को उठानें, खाने एवं काटने का प्रयास करना।
- अन्त में लड़खराना, भौंकने में असमर्थता एवं मौत।

### कुत्तों में प्री–एक्सपोजर टीकाकरण

- पहला टीकाकरण – तीन माह की उम्र में।
- बूस्टर टीकाकरण – प्रथम टीकाकरण के तीन सप्ताह बाद।
- तत्पश्चात् वर्ष में एक बार टीकाकरण।

### रेबीज को रोकने के लिए कुछ महत्वपूर्ण चरणों का पालन किया जाना चाहिए

- रेबिज के बारे में विशेष रुप से बच्चों के बीच जागरूकता प्रसारित की जानी चाहिए।
- बेसहारा जानवरों के अनावश्यक संपर्क से बचना चाहिए।
- घरेलु कुत्तों के साथ–साथ बेसहारा कुत्तों का भी टीकाकरण अवश्य किया जाना चाहिए।
- कुछ व्यक्तियों जैसे कुत्ता पकड़ने वालों, रेबीज रोगियों के सीधे संपर्क में आने वाले मेडिकल और पैरामेडिकल कर्मचारियों को रेबीज से संक्रमित होने का खतरा अधिक होता है, इसलिए इस वर्ग में आने वाले सभी व्यक्तियों को स्वयं को प्रतिरक्षित करवाना चाहिए।
- जानवर के काटने पर एंटी रेबीज वैक्सीन के लिए तुरंत चिकित्सक से परामर्श करें।

## उपचार

- रेबिज लाईलाज बीमारी है। प्रायोगिक स्तर पर चिकित्सा का प्रयास जारी है।

## प्राथमिक उपचार

- तत्काल काटे हुए जगह को नल के बहते पानी के नीचे 10–15 मिनट लगातार साबुन लगाकर या कास्टिक सोडा से धोना आवश्यक है। तत्पश्चात् 70 प्रतिशत इथाईल अल्कोहल या टिंक्चर आयोडिन काटने के स्थान पर लगाना चाहिए। घाव को बन्द नहीं करें। चारों तरफ से तुरन्त टांका न दें।

## टीकाकरण

- यद्यपि रेबिज घातक रोग है, फिर भी इस बीमारी को रोकने में टीके सौ प्रतिशत कारगर होते हैं। जितनी जल्दी सम्भव हो सके, उतनी जल्दी अपने पशु चिकित्सक से सम्पर्क करें। प्रोफिलैक्सिस हेतु एंटी–रेबिज का टीकाकरण तीन इंजेक्शन के रूप में, एक काटने के दिन, दूसरा टीका तीसरे दिन, और तीसरा टीका सातवें दिन करवाना चाहिए। अगर कुत्ते की मृत्यु 10 दिनों के अंदर हो जाती है तो 14 वें दिन एवं 28 वें दिन भी टीकाकरण करवाना चाहिए। चिकित्सीय परामर्शानुसार टेटनस की सूई अवश्य लगवाना चाहिए।

## संकल्प

अपने मस्तिष्क तक में रेबिज रोग की प्राण घातक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, हम सभी को "विश्व रेबिज दिवस" के अवसर पर रेबीज के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में शामिल होना चाहिए तथा इस अतिसंवेदनशील रोग के उन्मूलन में अपना योगदान भी देना चाहिए।

पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

PR No.- 009263 (Animal)D. 2024-25